■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 347
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, गुरुवार
22 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1930:** श्वेत महिलाओं को दक्षिण अफ्रीका में वोट देने का अधिकार प्राप्त हुआ।
**1939:** रूस और ब्रिटेन ने नाजी विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर किए।
**1971:** रूस ने मार्स-2 कार्यक्रम की शुरूआत की।
**1976:** ऑस्ट्रेलिया ने सोने के स्वामित्व को कानूनी मान्यता दी।
**1999:** भारतीय मूल के महेन्द्र चौधरी फिजी के प्रधानमंत्री नियुक्त हुए।

**यदि आप अपना पूरा जीवन तूफान के इंतजार में बिताते हैं तो आप कभी भी धूप का आनंद नहीं ले सकते।**

# प्रधानमंत्री आज भारत के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का करेंगे उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 22 मई को राजस्थान के दौरे पर आएंगे। वे बीकानेर जाएंगे और सुबह करीब 11 बजे देशनोक स्थित करणी माता मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री सुबह लगभग 11:30 बजे अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित देशनोक स्टेशन का उद्घाटन करेंगे और बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे और पलाना में एक सार्वजनिक समारोह को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री देश में रेल अवसंरचना को निरंतर बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में 1100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1300 से अधिक स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकसित किया जा रहा है, जिन्हें क्षेत्रीय वास्तुकला को प्रतिबिंबित करने और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। करणी माता मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की सेवा करने वाला देशनोक रेलवे स्टेशन मंदिर वास्तुकला, मेहराब और स्तंभ विषयवस्तु से प्रेरित है। तेलंगाना में बेगमपेट रेलवे स्टेशन




काकतीय साम्राज्य की वास्तुकला से प्रेरित है। बिहार में थावे स्टेशन में 52 शक्तिपीठों में से एक मां थावेवाली का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न भित्ति चित्र और कलाकृतियां शामिल हैं और मधुबनी पेंटिंग को भी दर्शाया गया है। गुजरात का डाकोर स्टेशन रणछोड़राय जी महाराज से प्रेरित है। देश भर में पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों में सांस्कृतिक विरासत के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे, दिव्यांगजनों के लिए यात्री केंद्रित सुविधाओं और यात्रा के अनुभव को बेहतर करने के लिए टिकाऊ प्रथाओं को एकीकृत किया गया है। भारतीय रेलवे अपने नेटवर्क के 100 प्रतिशत विद्युतीकरण की ओर अग्रसर है जिससे रेलवे संचालन अधिक कुशल और पर्यावरण अनुकूल बन रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री चूरू-सादुलपुर रेल लाइन (58 किलोमीटर) की आधारशिला रखेंगे और सूरतगढ़-फलोदी (336 किलोमीटर), फुलेरा-डेगाना (109 किलोमीटर), उदयपुर-हिम्मतनगर (210 किलोमीटर), फलोदी-जैसलमेर (157 किलोमीटर) और समदड़ी-बाड़मेर (129 किलोमीटर) रेल लाइन विद्युतीकरण को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। राजस्थान में सड़क अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री 3 वाहन अंडरपास के निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण की आधारशिला रखेंगे। वे राजस्थान में 7 सड़क परियोजनाओं को भी समर्पित करेंगे। 4850 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली ये सड़क परियोजनाएं माल और लोगों की सुगम आवाजाही की सुविधा प्रदान करेंगी। राजमार्ग भारत-पाक सीमा तक फैले हुए हैं, जो सुरक्षा बलों के लिए आवाजाही में सुगमता को बढ़ाते हैं और भारत के रक्षा अवसंरचना को मजबूत करते हैं। सभी के लिए बिजली तथा हरित और स्वच्छ ऊर्ज़ा उपलब्ध कराने के विजन को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री बीकानेर और नावा, डीडवाना, कुचामन में सौर परियोजनाओं सहित बिजली परियोजनाओं और पार्ट बी पावरग्रिड सिरोही ट्रांसमिशन लिमिटेड और पार्ट ई पावरग्रिड मेवाड़ **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

# डेढ़ करोड़ का इनामी बसवा राजू समेत 27 नक्सली ढेर

## पीएम नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह ने जवानों को सराहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ लगातार सुरक्षाबलों की तरफ से ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्रों में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। अब तक इस अभियान के दौरान नक्सलियों के शीर्ष नेता बसवा राजू समेत कुल 27 नक्सलियों के शव और भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। अनुमान है कि अभियान के दौरान कई माओवादी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मुठभेड़ के दौरान नक्सली हमले का बहादुरी से मुकाबला करते हुए डीआरजी का एक जवान का बलिदान हो गया। मुठभेड़ में कुछ अन्य जवानों को इस ऑपरेशन के दौरान चोटें आई हैं। सभी घायल खतरे से बाहर हैं। सर्च अभियान लगातार जारी है। नक्सलियों के खिलाफ इस एक्शन में नक्सिलयों का शीर्ष नेता बसवा राजू भी मारा गया है।



बसवा राजू कुख्यात नक्सली रहा है उसके ऊपर डेढ़ करोड़ का इनाम है। जानकारी के मुताबिक 2018 में बसवा राजू को नक्सल संगठन की कमान सौंपी गई थी। बसवा राजू का असली नाम नंबाला केशव राव है। उसे गगन्ना, प्रकाश और बीआर के नाम से भी जाना जाता है। वसवा राजू खूंखार नक्सली था वह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) का सीनियर कैडर था और दक्षिण बस्तर डिवीजनल कमेटी का चीफ था। राजू छत्तीसगढ़, ओडिशा से लेकर आंध्र प्रदेश की सीमाओं पर सक्रिय था। सुरक्षाबलों की इस सफलता पर पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने जवानों के पराक्रम की सराहना की है। पीएम मोदी ने कहा कि हमें अपने सैन्य बलों पर गर्व है। हमारी सरकार माओवाद के खतरे को खत्म करने और अपने लोगों के लिए शांतिपूर्ण और प्रगतिशील जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवा राजू भी शामिल है। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि हमारे बलों द्वारा एक महासचिव स्तर के नेता को मार गिराया गया है। मैं इस बड़ी सफलता के लिए बहादुर सुरक्षाबलों और एजेंसियों की सराहना करता हूँ।

# बीडीओ और अकाउंटेंट रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** विशेष निगरानी इकाई की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी और अकाउंटेंट को गिरफ्तार किया है। टीम का कहना है कि उन्हें डेढ़ लाख रुपये घूस लेते हुए गिरफ़्तार किया गया है। निगरानी डीएसपी चंद्रभूषण ने जानकारी देते हुए बताया कि रानीगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी रितम कुमार चौहान और अकाउंटेंट आदित्य प्रियदर्शी को गिरफ्तार कर दोनों से पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में विशेष निगरानी इकाई टीम का कहना है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी और अकाउंटेंट पर एक योजना से संबंधित भुगतान के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप था। शिकायत मिलने के बाद निगरानी इकाई ने मामले की जांच की और फिर एक ट्रैप टीम बनाकर दोनों अधिकारियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के दौरान उनके पास से घूस की पूरी राशि जब्त कर ली गई है। कार्रवाई की पुष्टि निगरानी इकाई के डीएसपी चंद्रभूषण ने की है। निगरानी इकाई के डीएसपी चंद्रभूषण ने बताया कि शिकायत की सच्चाई जांच में सामने आने के बाद कार्रवाई की गई। ट्रैप टीम ने पूरी योजना के तहत रानीगंज प्रखंड कार्यालय में छापेमारी की और दोनों को रिश्वत की राशि लेते हुए दबोच लिया। गिरफ्तार अधिकारियों को निगरानी थाना पटना ले गई, जहां उनसे पूछताछ की जाएगी। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

## रिश्वत लेते शास्त्री नगर थाना का एएसआइ गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना में घूसखोर एएसआई गिरफ्तार हुआ है। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शास्त्री नगर थाने में पदस्थापित एएसआई अजीत कुमार सिंह को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। महुआ बाग स्थित शिव मंदिर के पास से उसे पकड़ा गया है। निगरानी विभाग के मुताबिक एएसआई अजीत कुमार सिंह ने पटना के राजा बाजार की रहने वाली नूरजहां से किसी मामले में 50 हजार की रिश्वत की मांग की थी। आरोपी एएसआई ने उसे साफ-साफ कहा कि अगर यह रकम नहीं दी गई तो वह उसकी कोई मदद नहीं करेंगे। इसके बाद महिला ने इसकी शिकायत निगरानी विभाग से की, जिसके बाद विभाग ने इस मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू की।

## संक्षिप्त समाचार

### संतोष यादव के शहीद होने पर सीएम ने जतायी संवेदना

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान भागलपुर जिले के इस्माइलपुर भिट्ठा गांव निवासी सेना के जवान संतोष यादव के शहीद होने पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। वे इस घटना से काफी मर्माहत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि शहीद जवान संतोष यादव के निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से अनुमान्य सम्मान राशि दी जाएगी। साथ ही शहीद जवान संतोष यादव का राज्य सरकार की ओर से पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

### जेल में कैदी की मौत पर बवाल

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित मंडल कारा में एक विचाराधीन कैदी की मौत के बाद हड़कंप मच गया। कैदी के परिजनों ने जमकर बवाल किया। परिजनों ने जेल प्रशासन पर हत्या का आरोप तक लगा दिया। परिजनों का कहना है कि मुकेश्वर राय को जेल प्रशासन ने पीट-पीटकर मार डाला। अब मामले को छिपाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस ने 17 मई को पकटोला से मुकेश्वर राय को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उसकी तबीयत बिगड़ने पर जेल प्रशासन ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई।

### ट्रक-बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के वैनी थाना क्षेत्र में वैनी-ताजपुर मुख्य सड़क पर स्थित एल्यूमिनियम फैक्ट्री के पास बुधवार सुबह सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृत युवक की पहचान वैनी गांव निवासी श्यामू राय के पुत्र विनय कुमार के रूप में की गई है। वह सुबह करीब 9 बजे बाइक से किसी काम से ताजपुर जा रहा था तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में विनय की मौके पर ही मौत हो गई।

### पद का दुरुपयोग करने पर थानाध्यक्ष निलंबित

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** चंपारण रेंज के डीआइजी हरि किशोर राय ने रक्सौल थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा को निलंबित कर दिया है। थानाध्यक्ष पर एक व्यवसायी से सामान लेकर भुगतान न करने और उसे झूठे केस में फंसाने का आरोप है। वस्त्र संसार दुकान के मालिक टुन्ना प्रसाद ने डीआइजी को शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि थानाध्यक्ष ने उनकी दुकान से करीब एक लाख आठ हजार रुपए का सामान लिया। जब उन्होंने पैसों की मांग की तो थानाध्यक्ष ने उन्हें झूठे अपहरण केस में फंसा दिया। डीआइजी ने 7 मई को खुद रक्सौल थाना जाकर मामले की जांच की। उन्होंने पीड़ित टुन्ना प्रसाद का बयान दर्ज किया। जांच में व्यवसायी ने कई ठोस सबूत पेश किए। इनसे साबित हुआ कि थानाध्यक्ष ने अपने पद का दुरुपयोग किया।

# सीबीआई ने केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य को 32 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जोर-शोर से चल रही है। इसी क्रम में रोहतास जिले से एक और घूसखोर को पकड़ा गया है। केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की टीम ने बुधवार को सासाराम के केंद्रीय विद्यालय में छापेमारी की। इस दौरान प्राचार्य मयंक कुमार श्रीवास्तव को 32 हजार रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया। सीबीआई की इस कार्रवाई से स्कूल में हड़कंप मच गया। बीते 24 घंटे के भीतर बिहार में घूसखोरों के खिलाफ यह तीसरी कार्रवाई है। प्राचार्य ने माही इंटरप्राइजेज के सप्लायर प्रिंस कुमार से 1 लाख 92 हजार रुपये का बिल पास कराने की एवज में रिश्वत ली। जानकारी के अनुसार सीबीआई की टीम बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे के आस-पास केंद्रीय विद्यालय में पहुंची। सबसे पहले मेन गेट पर तैनात गार्ड से टीम ने चाबी मांगी। चाबी नहीं देने पर उसे भी फटकार लगाते हुए गेट में तालाबंदी की और गार्ड का मोबाइल फोन जब्त कर लिया। प्राचार्य के कार्यालय से लेकर आवास तक घंटों छापेमारी की गई। बताया जा रहा है कि छापेमारी की कार्रवाई करीब चार घंटे तक जारी रही। सीबीआई के वरीय अधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य द्वारा रिश्वत मांगी जा रही थी। उनके खिलाफ काफी दिनों से शिकायतें मिल रही थी। इसके बाद छापेमारी की कार्रवाई की गयी है।

# भूमिगत नाला के साथ सड़क निर्माण कार्य को तेजी से करें पूरा : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को सैदपुर नाला पर पहाड़ी तक भूमिगत नाला के साथ सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शीतला मंदिर फ्लाईओवर के पास के नाला, ड्रेनेज पंपिंग प्लांट पहाड़ी तथा सैदपुर नाला का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह एवं नगर आयुक्त अनिमेष परासर ने मुख्यमंत्री को इस योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पहले भी इसे आकर कई बार देखा है। यह योजना काफी अच्छी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सैदपुर नाले का बेहतर ढंग से जीर्णोद्धार कर



इसके ऊपर फोर लेन सड़क बनाने का कार्य तेजी से करें। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण से सैदपुर, राजेन्द्र नगर, मुसल्लहपुर हाट, गायघाट और पहाड़ी क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या समाप्त होगी तथा न्यू पटना बाईपास से जुड़ने का लोगों को एक वैकल्पिक मार्ग की सुविधा मिलेगी। फोर लेन बन जाने से शहरवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलने के साथ-साथ शहर भी खुबसूरत दिखेगा। ज्ञातव्य है कि पटना के 9 ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन एवं एक सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट (एसटीपी) के पानी का बहाव सैदपुर नाला के माध्यम से होता है। नगर विकास विभाग अन्तर्गत बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (बुडको) के द्वारा 259.81 करोड़ रुपये की लागत से सैदपुर नाला पर पहाड़ी तक भूमिगत नाला के साथ सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस नाला की लंबाई 5.61 किलोमीटर है। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह एवं नगर आयुक्त अनिमेष परासर उपस्थित थे।

# महिलाओं की आवाज को राज्य के विकास की धुरी बना रही नीतीश सरकार : डॉ. निर्मल कुशवाहा

## महिला सशक्तीकरण की नई पहल को मिला जदयू नेता डॉ. निर्मल कुशवाहा का समर्थन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जदयू के वरिष्ठ नेता, राजनीतिक सलाहकार एवं औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के पूर्व प्रभारी डॉ. निर्मल कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा शुरू किए गए 'महिला संवाद' अभियान की सराहना करते हुए इसे 'महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम' बताया है। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल महिलाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ेगी, बल्कि उन्हें नीति निर्माण में भागीदार भी बनाएगी। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं की ज़िंदगी में वास्तविक बदलाव लाने के लिए जो पहल शुरू की है, वह अभूतपूर्व है। 'महिला संवाद' के माध्यम से सरकार और महिलाओं के बीच सीधा संवाद स्थापित होगा, जो उनके सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि इस राज्यव्यापी अभियान का





उद्देश्य मुख्यतः ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को लक्षित करना है। इसका मकसद है उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और इनके प्रभावी उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि महिला संवाद अभियान मुख्यमंत्री की इस सोच पर आधारित है कि जागरूक महिलाएं ही सशक्त होती हैं। इसके तहत महिलाओं को उनके अधिकारों और उपलब्ध सरकारी संसाधनों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही सरकारी अधिकारियों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनके सुझाव और शिकायतों को भी गंभीरता से सुना जा रहा है। इस अभियान से महिलाओं में न केवल सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय शासन और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। इसके अलावा, भ्रामक सूचनाओं में कमी आने और सरकारी तंत्र के प्रति विश्वास बढ़ने की भी उम्मीद है। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि यह पहल समावेशी शासन व्यवस्था की मिसाल है, जहां महिलाओं की आवाज़ को विकास की धुरी बनाया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह अभियान बिहार में लैंगिक समानता और सतत विकास की मजबूत नींव रखेगा।

# अमूल के बाद सुधा डेयरी ने बढ़ाए दूध के दाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अमूल दूध की कीमत बढ़ने के बाद अब सुधा डेयरी ने भी दूध की कीमतें बढ़ा दी हैं। फुल क्रीम मिल्क (गोल्ड) के लिए अब प्रति लीटर 65 रुपए देने होंगे। वहीं सुधा शक्ति दूध अब 55 रुपए के बजाय 57 रुपए प्रति लीटर मिलेगा। गाय के दूध की कीमत भी 52 रुपए से बढ़कर 54 रुपए हो गई है। नई दरें 22 मई से लागू होंगी, जो बिहार और झारखंड दोनों राज्यों में प्रभावी रहेंगी। यह बढ़ोतरी उत्पादन लागत, पशु चारे की बढ़ती कीमतों और वितरण खर्च में वृद्धि के कारण की गई है। फिलहाल सुधा के अन्य प्रोडक्ट जैसे घी, पेड़ा, लस्सी आदि की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं हुई है। इससे पहले 1 मई से अमूल ने भी देशभर में दूध के दाम में 2 रुपए लीटर की बढ़ोतरी की है। अमूल स्टैंडर्ड, अमूल बफैलो मिल्क, अमूल गोल्ड, अमूल स्लिम एंड ट्रिम, अमूल चाय मजा, अमूल ताजा और अमूल काऊ मिल्क की कीमतों में 2 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। सुधा दूध बिहार राज्य दुग्ध सहकारी संघ लिमिटेड (कॉम्फ़ेड) के तहत संचालित होता है। इसकी शुरुआत 1983 में हुई थी। यह बिहार में सहकारी दुग्ध योजना के रूप में स्थापित किया गया था, जिसका उद्देश्य किसानों को दूध के उचित दाम दिलाना और दूध माफिया के शोषण को खत्म करना था।

# बिहार में कांग्रेस ने दी 'माई बहिन मान योजना' से हर महीने 2500 देने की गारंटी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और झारखंड में महिलाओं को सशक्त करने के बाद कांग्रेस ने अब आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए सूबे में भी महिलाओं को सशक्त करने के लिये कैंपेन लांच किया है। आज पटना प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने 'माई बहिन मान योजना' कैंपेन की औपचारिक शुरुआत की। इसका विधिवत पोस्टर भी आज जारी किया गया। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा कि इस राज्य स्तरीय कैंपेन के तहत कांग्रेस राज्य की सभी महिलाओं से गारंटी फॉर्म भरवायेगी और बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद हर जरूरतमंद महिला के खाते में हर महीने 2500 रुपये की सम्मान राशि सीधे उनके खाते में भेजी जाएगी। इस अभियान से जुड़ने के लिये कांग्रेस संगठन ने एक मिस्ड कॉल नंबर 8800023525 भी जारी किया है जिसके तहत महिलाओं को पंजीकरण करना होगा। इस नंबर पर मिस्ड कॉल करके भी इस योजना से जुड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक अनुमान के मुताबिक बिहार में करीब 5.36 करोड़ महिलायें हैं, इसलिये कांग्रेस नेतृत्व को भरोसा है कि हर महिला को सशक्त बनाने की इस महत्वपूर्ण योजना को घर-घर ले जाने से बड़ी संख्या में आधी आबादी कांग्रेस के साथ जुड़ेगी। साथ ही कांग्रेस के कार्यकर्ता, पदाधिकारी इस योजना से महिलाओं को जोड़ने के साथ यह भी बतायेंगे कि बिहार की वर्तमान सरकार ने किस प्रकार महिलाओं को मूलभूत अवसरों और सुविधाओं से वंचित रखा है। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी राज्य के हर घर जाकर महिलाओं को इससे जोड़ेंगे और फॉर्म भरवायेंगे, सभी पंचायतों में इस योजना से महिलाओं को अवगत कराने के लिए महिला चौपाल का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार बिहार कांग्रेस महिलाओं, छात्रों, युवाओं और किसानों की हक के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित कर रही है। इसलिए महिलाओं के लिए सम्मान राशि के लिए आवेदन की शुरुआत भी हमने आज किया है। इस योजना की शुरुआत महिला कांग्रेस के द्वारा जमीनी सर्वे के बाद महिलाओं की आशाओं को हकीकत में बदलने के लिए की जा रही है। इसके व्यापक प्रचार प्रसार के लिए उन्होंने कांग्रेस संगठन के एक एक कार्यकर्ताओं को जुटकर काम करने की बात भी कही। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश महिला अध्यक्ष सरवत जहां फातमा, संगीता पाल, मोनी पासवान, अनिता राम, विनीता भगत, कुमारी माला, साधना रजक, रीता सिंह मौजूद थीं।

# पटना में ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का सफल आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा उद्योग विभाग बिहार सरकार, एपीडा एवं ट्रेड प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया की साझेदारी से पहली बार बिहार के पटना स्थित ज्ञान भवन में अंतरराष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। यह दो दिन का कार्यक्रम बिहार के कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि रहा जिसमें राज्य के छोटे और मध्यम उद्योगों, किसान उत्पादक संगठनों और स्वयं सहायता समूहों को विदेशी खरीदारों से सीधे जुड़ने का मौका मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान के संबोधन से हुई। उन्होंने इस सम्मेलन को बिहार की आर्थिक प्रगति में एक अहम मोड़ बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम राज्य में रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और बिहार के स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार का ज्ञान, आत्मबल और नेतृत्व अब वैश्विक कृषि-खाद्य क्षेत्र में उसकी मजबूत भूमिका तय कर रहा है। उनका विश्वास था कि ''विकसित बिहार'' का सपना 'विकसित भारत' की दिशा में एक मजबूत कदम होगा। इस सम्मेलन में 20 देशों के 70 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदार शामिल हुए जिनमें यूएई, सिंगापुर, जापान, घाना, स्पेन, जर्मनी और यूके के प्रतिनिधि शामिल थे। साथ ही 50 से ज्यादा देशी और 20 संस्थागत खरीदारों ने भी भाग लिया। सम्मेलन के दौरान 500 से अधिक बी2बी (व्यवसाय से व्यवसाय) बैठकें हुईं जिससे बिहार के प्रमुख उत्पाद जैसे कि जीआई टैग वाले मखाना, शाही लीची, जर्दालु आम और कटारनी चावल के लिए नए निर्यात अवसर बने। इन बैठकों से कई स्थानीय उत्पादकों को सीधे बाजार से जुड़ने का मौका मिला जिससे वे अब अपने व्यापार को बढ़ा सकेंगे और वैश्विक बाजारों में पहुंच बना सकेंगे। सम्मेलन के दौरान कुछ प्रमुख उत्पादों में अच्छा रिस्पॉन्स मिला। पश्चिम अफ्रीका के खरीदारों ने सत्तू में रुचि दिखाई जो एक पारंपरिक और प्रोटीनयुक्त उत्पाद है। सिंगापुर की कंपनियों ने लीची और आम की व्यावसायिक आपूर्ति को लेकर बातचीत शुरू की। एयरलाइंस और रेलवे कैटरिंग सेवाओं ने मखाना, चावल, दाल और मसालों को अपनी आपूर्ति श्रृंखला में शामिल करने की संभावना जताई। सम्मेलन की एक प्रमुख उपलब्धि एपीडा, बिहार सरकार और यूएई की लुलु ग्रुप के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर थी। इस समझौते का उद्देश्य बिहार की प्रसिद्ध लीची की शेल्फ लाइफ बढ़ाना और उसका निर्यात बढ़ाना है जिससे राज्य के बागवानी उत्पादों को नया बाजार मिल सके।

# लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाले योद्धा पत्रकार थे के. विक्रम राव : राज्यपाल


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि डॉ के. विक्रम राव लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाले एक योद्धा पत्रकार थे। उनके द्वारा किए हुए कार्य न सिर्फ पत्रकारिता के क्षेत्र में बल्कि अन्य सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वालों को भी निरंतर प्रेरित करते रहेंगे। वे बुधवार को विधान परिषद सभागार में वरिष्ठ पत्रकार व इंडियन फेडरेशन वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. विक्रम राव की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि विक्रम राव आईपीएस में चयनित होने के बावजूद उन्होंने पत्रकारिता को महत्व दिया और अखबार में रिपोर्टर बनना स्वीकार किया। उन्होंने पत्रकारिता को प्राथमिकता दी और पत्रकारों की एकता और पत्रकारिता के हितों में निरंतर संघर्ष करते रहे। अपने पुराने दिनों को याद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विक्रम राव के साथ उनकी पहली मुलाकात लखनऊ के तीस हजारी कोर्ट में उस वक्त हुई थी जब वह एक प्रशिक्षु वकील के तौर पर वहां काम कर रहे थे और विक्रम राव आपातकाल के दौरान बड़ौदा डायनामाइट केस में जॉर्ज फर्नांडिस के साथ अभियुक्त बनाया गया था।


# सहकारिता से समृद्धि की ओर बढ़ रहा बिहार : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



सहरसा। बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने सोमवार को सहरसा जिले के बीजलपुर स्थित सहकारिता बैंक शाखा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों के बीच ऋण, पासबुक और परिपक्व राशि का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से सहकारिता बैंक से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि सहकारिता आंदोलन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का माध्यम बन रहा है। कार्यक्रम में बताया गया कि धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य 80.81% तक पूरा कर लिया गया है। साथ ही राज्य में 23 स्थानों पर गोदाम निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है जिनमें से पांच गोदामों का उद्घाटन किया गया। बिहार राज्य फसल सहायता योजना के तहत सहरसा जिले में 22,589 किसानों को लाभ मिला है। इसके अतिरिक्त 72 पैक्स के 8,353 किसानों को 452 कृषि यंत्र उपलब्ध कराए गए हैं। 83 पैक्स को कंप्यूटरीकृत किया गया है। डॉ. कुमार ने मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सहकारिता समिति गठित करने का निर्देश जिला रजिस्ट्रार, सहकारिता सहरसा को दिया। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानों और ग्रामीण समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। सब्जी उत्पादकों के लिए प्रखंड स्तर पर समूह बनाए जा चुके हैं। अब प्रमंडल और राज्य स्तर पर यूनियन गठन की प्रक्रिया जारी है जिससे सब्जियों का उचित मूल्य सुनिश्चित हो सके और किसानों की आय में वृद्धि हो। डॉ. कुमार ने सहकारिता चौपाल की चर्चा करते हुए बताया कि इसके जरिए किसानों में जागरूकता फैलाई जा रही है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि संयुक्त राष्ट्र संघ वर्ष 2025 को 'विश्व सहकारिता वर्ष' के रूप में मना रहा है जो इस क्षेत्र की वैश्विक मान्यता का प्रतीक है। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि आज देश आर्थिक और सामरिक दृष्टि से पहले से अधिक सशक्त स्थिति में है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों से भारत की सैन्य ताकत का प्रदर्शन हुआ है जो देश की सुरक्षा और संप्रभुता को और अधिक मजबूती देता है। डॉ. कुमार ने अंत में आमजन से सहकारिता आंदोलन का हिस्सा बनने और सहकारिता बैंक से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की अपील की।

# इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय मुख्यालय में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर व्याख्यान का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय मुख्यालय के बाबा साहेब अम्बेदकर सभागार में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने व्याख्यान प्रस्तुत किए और इससे संबंधित अनेक फायदे पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन भारत में अवस्थित सभी 57 क्षेत्रीय केन्द्रों एवं शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों द्वारा सीधा प्रसारित किया गया जिसमें क्षेत्रीय केन्द्रों एवं शिक्षार्थी सहायता केन्द्र के हजारों अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षार्थियों ने भाग लिया। इसी अवलोक में क्षेत्रीय केन्द्र पटना में भी इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय केन्द्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. मो. सफदरे आजम के साथ अनेक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षार्थियों ने भी भाग लिए एवं इस संवाद के माध्यम से छात्रों के जिज्ञासाओं को भी पूरा किया गया।

# राजद ने पोस्टर के जरिए चिराग पर किया तीखा वार

**पोस्टर में तेजस्वी यादव को 'शुद्ध देसी बिहारी' बताते हुए चिराग पासवान को 'बाहरी' करार दिया**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राजधानी पटना के प्रमुख चौक-चौराहों को एकबार फिर से पोस्टरों से पाट दिया गया है। इस बार राजद की ओर से लगाए गए पोस्टर में तेजस्वी यादव को 'शुद्ध देसी बिहारी' बताते हुए चिराग पासवान को 'बाहरी' बताया गया है। इतना ही नहीं, पोस्टर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर भी तंज कसा गया है। राजद ने इस पोस्टर के जरिए नीतीश सरकार पर अपराध और भ्रष्टाचार को लेकर निशाना साधा है। साथ ही चिराग पासवान को 'मुंगेरीलाल के हसीन सपने' देखने वाला बताया है। इस पोस्टर को राजद की महिला नेत्री संजु कोहली पासवान की ओर से लगाया गया है। बुधवार को पटना स्थित राजद के प्रदेश कार्यालय के बाहर एक पोस्टर लगाया गया है। राजद के पोस्टर में लोजपा(रा) प्रमुख चिराग पासवान को सोते हुए दिखाया गया है। कैप्शन में लिखा है, 'मुंगेरी लाल के हसीन सपने'। इस पोस्टर में दावा किया गया है कि चिराग मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं, लेकिन उनकी ये चाहत पूरी नहीं होने वाली है। चिराग पासवान के साथ-साथ राजद ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर भी हमला बोला है। पोस्टर में सम्राट और चिराग को 'मुकुट' पहने हुए दिखाया गया है। कैप्शन में लिखा है ये लोग आपको धोखा देते आए हैं, बुझ जाइये चाचा। चौधरी जी के मन में भी सीएम वाला लड्डू फुट रहा है। इसके अलावा पोस्टर में जलते हुए दीप को फूंक मारकर बुझाते हुए दिखाया गया है। बताने की कोशिश की गई है कि चिराग पासवान मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। पोस्टर के जरिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ताकत क्या है, उसे बताई गई है।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने हाजीपुर मुख्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल की निर्माण परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (उत्तर) श्री राम जन्म, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (दक्षिण) रामाश्रय पाण्डेय एवं अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने पिछले वर्षों में निर्माण संगठन द्वारा पूरी की गयी परियोजनाओं की समीक्षा की तथा भविष्य में पूरी की जाने वाली निर्माण परियोजनाओं के मद्देनजर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में पीपीटी के माध्यम से निर्माण विभाग की उपलब्धियों एवं भविष्य के लिए निर्धारित लक्ष्यों से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया। महाप्रबंधक द्वारा मुजफ्फरपुर-सगौली, सगौली-बाल्मिकीनगर, समस्तीपुर-दरभंगा दोहरीकरण परियोजना, हाजीपुर-सगौली, अररिया-सुपौल, अस्थावां-बरबीघा, कोडरमा-तिलैया नई लाइन परियोजना, टोरी-शिवपुर तीसरी लाइन, गोमो फ्लाई ओवर, सिन्द्री यार्ड रिमॉडलिंग सहित अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि हमें रेलवे के प्रत्येक क्षेत्र में नई तकनीक का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करना होगा ताकि लोगों की अपेक्षा पर खरे उतरते हुए उन्हें बेहतर परिणाम दे सके।

# सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार बीजेएएनए के कार्यक्रम में होंगे मुख्य अतिथि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (बजाना) की स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेने के लिए सुप्रसिद्ध शिक्षक और सुपर 30 के संस्थापक पद्मश्री आनंद कुमार को आमंत्रित किया गया है। बीजेएएनए की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह भव्य समारोह 24 और 25 मई को हयात रीजेंसी, न्यू ब्रंसविक, न्यू जर्सी में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन दुनियाभर में बसे बिहार-झारखंड मूल के प्रवासियों को जोड़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा जिसमें अमेरिका और अन्य देशों से बड़ी संख्या में लोग हिस्सा लेंगे। इस संबंध में बजाना के अध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि आनंद कुमार जैसे एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् का समारोह में उपस्थित होना इस स्वर्ण जयंती कार्यक्रम का विशेष आकर्षण होगा। उन्होंने कहा कि सुपर 30 के माध्यम से आनंद कुमार की प्रेरणादायक यात्रा बिहार की असली आत्मा को दर्शाती है। संघर्ष, बुद्धिमत्ता और सामाजिक उत्थान के प्रति गहरी प्रतिबद्धता। बजाना भी इसी सोच को शेयर करता है। संजीव सिंह ने बताया कि आनंद कुमार की लोकप्रियता उनके वंचित वर्ग के छात्रों के प्रति समर्पण और उनके जीवन पर आधारित फिल्म 'सुपर 30' की भारी सफलता के कारण अमेरिका में भी बहुत अधिक है।

# राजीव गांधी प्रेम और बलिदान की प्रतिमूर्ति थे : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 34 वीं पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सदानन्द सिंह की 82वीं जयंती आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनायी गयी। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि राजीव गांधी ने देश की एकता एवं अखण्डता की रक्षा के लिये एवं इसके धर्मनिरपेक्ष चरित्र को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिये अपनी कुर्बानी दी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने देश में सूचना एवं संचार-क्रांति की शुरूआत की। सत्ता के विकेन्द्रीकरण के लिये पंचायती राज का प्रारूप बनाया जो बाद में पूर्व प्रधानमंत्री पी0वी0 नरसिंहा राव के कार्यकाल में पंचायती राज संविधान संशोधन बिल के रूप में आया और आज सारे देश में यह पंचायती राज कायम है जिसमें महिलाओं के लिये एक तिहाई आरक्षण का प्रावधान है। राजेश राम ने कहा कि आज कृतज्ञ राष्ट्र देश के नव निर्माण में राजीव गांधी के योगदान को स्मरण कर उनकी स्मृति को बार-बार नमन करती है। इस अवसर पर सदाकत आश्रम स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा पर नेताओं ने माल्यार्पण किया। राजेश राम ने कहा ने कहा कि सदानन्द बाबू कांग्रेस पार्टी के मूर्धन्य नेता थे। कांग्रेस अध्यक्ष एवं मंत्री के रूप में उल्लेखनीय कार्य किये उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के अध्यक्ष अलका लाम्बा, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चंदन वागची, प्रो0 राम जतन सिन्हा, विधान पार्षद डा0 समीर कुमार सिंह, विधायक, डा0 अजय सिंह, मोती लाल शर्मा, पूर्व विधायक डा0 अशोक कुमार, प्रेमचन्द्र मिश्रा नरेन्द्र कुमार, वीणा शाही, ब्रजेश प्रसाद मुनन, राज कुमार राजन, अजय चौधरी, राजेश राठौड़, जमाल अहमद भल्लू, गरीब दास, गुंजन पटेल, उमैर खान, सरवत जहां फातिमा, अनुराग चन्दन, ज्ञान रंजन डा0 संजय यादव, राजेश कुमार सिन्हा, पुनम देवी, चन्द्र प्रकाश सिंह, नागेन्द्र कुमार विकल, ललन यादव, शशि कुमार सिंह, रीता सिंह, सुधा मिश्रा, मनोज शर्मा, मो0 शाहनवाज, अरविन्द लाल रजक, अशोक गनन कैलाश पाल, संतोष श्रीवास्तव, वसी अख्तर, कमलदेव नारायण शुक्ला, राम शंकर कुमार, रिया कुमारी उपस्थित थे।

# एमवाई भारत राष्ट्रीय मिशन में अपना सक्रिय योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की पहल एमवाई भारत देशभर के युवाओं को एमवाई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकित करने के लिए सक्रिय रूप से प्रेरित कर रहा है। यह राष्ट्रव्यापी आह्वान युवाओं को राष्ट्रीय आपातकालीन स्थितियों व संकट के समय महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस पहल का लक्ष्य एक प्रशिक्षित, सतर्क और लचीला स्वयंसेवक बल तैयार करना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित परिस्थितियों में नागरिक प्रशासन की सहायता कर सके। वर्तमान परिस्थितियों और उभरती सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए एक मजबूत और समुदाय आधारित प्रतिक्रिया तंत्र की आवश्यकता तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक स्थानीय प्रशासन को अनेक सेवाओं में सहयोग प्रदान करते हैं–जैसे कि बचाव व निकासी अभियान, प्राथमिक उपचार व आपातकालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास प्रयासों में सहायता और एमवाई भारत इस राष्ट्रीय मिशन में अपना सक्रिय योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। एमवाई भारत अपने ऊर्जावान स्वयंसेवकों के साथ-साथ अन्य इच्छुक युवाओं से भी आग्रह करता है कि वे आगे आएं और एमवाई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण कर देश सेवा में सहभागी बनें।

# निषाद समाज अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार : मुकेश सहनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी ने बुधवार को कहा कि इस बार निषाद समाज अपने हक की लड़ाई लड़ने को पूरी तरह से तैयार है। मुकेश सहनी ने प्रेस कांफ्रेंस कर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. दिलीप जायसवाल को जवाब देते हुए कहा कि मुंबई से आने वाले लोगों का निषाद समाज झोला नहीं ढोएगा। कोई समाज अपने आने वाले पीढ़ी और समाज के लिए लड़ाई लड़ता है उसको झोला उठाने वाले नहीं बोलते हैं। दरअसल, दिलीप जायसवाल ने कहा था कि मुंबई से आए लोगों का झोला सहनी समाज नहीं उठाएगा। वह भाजपा के साथ है। मुकेश सहनी ने कहा कि भाजपा में जो निषाद समाज के लोग हैं, वह जरुर भाजपा का झोला उठाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज निषाद आयोग गठन करने की बात करते हैं। बिहार में 20 सालों से एनडीए की सरकार है, लेकिन आयोग का गठन नहीं हुआ। भाजपा ने निषाद समाज के लिए जो वादा किया है पहले उसे पूरा करे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वादा किया था कि निषाद समाज को मंत्री एमएलसी देंगे। भाजपा को बिहार के 6 जिले में रैली करना है। इसलिए भाजपा निषाद समाज को गुमराह करना चाहती है। मुकेश सहनी ने कहा कि वीआईपी पार्टी निषाद समाज के लिए संघर्ष करके बिहार में आरक्षण के लिए लड़ाई लड़ रही है। भाजपा निषाद समाज को आरक्षण दे तब निषाद समाज उनके साथ खड़ा होगा। नहीं तो निषाद समाज अपने आने वाली पीढ़ी के लिए लड़ाई लड़ेगा। निषाद समाज जग चुका है, किसी के बहकावे में आने वाला नहीं है।

# राज्य की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था कई स्तर पर श्रेष्ठ : मंगल पांडेय

**32 जिलों के कुल 200 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को मिला उच्च गुणवत्ता का सर्टिफिकेट**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आमजनों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं व सेवाएं दी जा रही है। ये संस्थाएं कई मानकों पर श्रेष्ठ साबित हो रहा है। इसकी गुणवत्ता श्रेष्ठ है, वो अब प्रमाणित भी हो रहा है। स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर आधारभूत संरचनाओं और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की मदद से बेहतर इलाज पर जोर दिया जा रहा है। मरीजों का सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में विश्वास बढ़ता जा रहा है। प्रमाणरुवरुप राज्य के 32 जिलों के 200 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) को राज्यस्तरीय एनक्यूएएस प्रमाणपत्र द्वारा सम्मानित किया गया है। श्री पांडेय ने कहा कि एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में कई सेवाओं की जांच की जाती है।

# 25 को हड्डी रोगों की होगी निःशुल्क जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी रोड नंबर 7 राजेन्द्रनगर पटना की ओर से आगामी रविवार 25 मई को निःशुल्क हड्डी रोग जांच एवं सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगा। इसमें प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव मरीजों की जांच करेंगे। पंजीकरण सुबह 9 से 10 बजे तक होगा। सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि यह शिविर खासकर बुजुर्गों के लिए बेहद लाभकारी होगा जिन्हें घुटनों, पीठ और जोड़ों के दर्द, ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याएं होती हैं। समय रहते जांच और इलाज न होने पर ये समस्याएं गंभीर रूप ले सकती हैं। इस शिविर में डॉक्टर द्वारा सुझाई गई सभी जांच, एक्स-रे और दवाइयां पूरी तरह निःशुल्क दी जाएंगी। कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल, सचिव दिनेश अग्रवाल एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अनिल रिटोलिया ने नागरिकों, विशेषकर बुजुर्गों और किशोरियों के अभिभावकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य शिविर का भरपूर लाभ उठाएं और समय पर पंजीकरण कराएं।

**सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण**

इसी दिन सुबह 9:00 बजे से 9 से 14 वर्ष की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाया जाएगा। यह टीकाकरण प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉक्टरों डॉ. श्रवण कुमार, डॉ.उषा अग्रवाल, डॉ. चारू मोदी एवं डॉ. निमिषा अग्रवाल की निगरानी में किया जाएगा। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में तेजी से फैलने वाली गंभीर बीमारी है जिससे बचाव के लिए किशोरावस्था में टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है।

CMYK

# विकसित भारत के अमृत स्टेशन



देश भर में

## पुनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन

जिसमें शामिल हैं

## बिहार के 2 अमृत स्टेशन



थावे जं.



पीरपैंती

### लाभ

- सिटी सेंटर के रूप में विकास - विश्राम कक्ष, विशाल परिसंचारी क्षेत्र आदि जैसी सुविधाएं
- विरासत भी विकास भी -स्थानीय वास्तुकला से प्रेरित स्टेशन भवन
- अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, बेहतर पार्किंग, लाउंज, प्रतीक्षालय, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं
- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से ये स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र
- स्टेशनों के डिज़ाइन में ऊर्जा दक्षता और हरित उपायों को प्राथमिकता, जिससे न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

के कर कमलों द्वारा

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

**22 मई, 2025 | प्रातः 10:30 बजे**

### गरिमामयी उपस्थिति

**आरिफ मोहम्मद खां**
राज्यपाल, बिहार

**नीतीश कुमार**
मुख्यमंत्री, बिहार

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**अर्जुन राम मेघवाल**
केंद्रीय विधि एवं न्याय (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री

**नित्यानन्द राय**
केंद्रीय गृह राज्य मंत्री

**सतीश चंद्र दुबे**
केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री

भारतीय रेल

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें | www.indianrailways.gov.in | हमें फॉलो करें /RailMinIndia

# माइक्रोफाइनेंस कर्मी से लूट, बालक की हत्या मामले में एक दोषी करार

**एक ओर अपराधियों ने हथियार के बल पर की नकदी व मोबाइल से ट्रांसफर की रकम की लूट, तो दूसरी ओर अदालत ने मासूम की हत्या में सुनाया फैसला**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** बिहार के नालंदा जिले में अपराध की दो बड़ी घटनाएं सामने आई हैं– हिलसा थाना क्षेत्र में लुटेरों ने माइक्रोफाइनेंस कंपनी के फील्ड अफसर से करीब एक लाख से अधिक की लूट की, वहीं सरमेरा थाना क्षेत्र में मासूम की हत्या मामले में न्यायालय ने एक आरोपी को दोषी करार दिया है।

पहली घटना हिलसा के अकबरपुर गांव की है, जहां मंगलवार की शाम आईआई सेवा इंडिया माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत फील्ड अफसर ओमप्रकाश से बदमाशों ने 90 हजार रुपये नकद और मोबाइल से 14,500 रुपये जबरन ट्रांसफर करवा लिए। हथियारबंद छह की संख्या में रहे युवकों ने उनकी कार रोककर चाबी छीनी, मारपीट की और लूट के बाद धमकी देकर फरार हो गए। घटना के बाद डरे-सहमे अफसर ने घर पहुंचकर परिजनों को जानकारी दी और बुधवार को थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दूसरी ओर, सरमेरा थाना क्षेत्र के काजीचक गांव में 2021 में 10 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार की हत्या मामले में कोर्ट ने जीतू पासवान को दोषी करार दिया है। विशेष अनुसूचित जाति/जनजाति न्यायालय के एडीजे-6 धीरज कुमार भास्कर 31 मई को सजा सुनाएंगे। मृतक के पिता बसंत पासवान के अनुसार, बच्चा खेत की रखवाली करने गया था और तीन दिन बाद उसकी लाश जदुवाने पैन से बरामद हुई थी। अभियोजन की ओर से नौ गवाहों की गवाही कराई गई, वहीं डीएलएसए की ओर से अधिवक्ता प्रमोद कुमार ने बचाव में बहस की।

# भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** स्थानीय बस्ती बिगहा बाजार से ओड़ो गांव जाने वाली सड़क पर मंगलवार देर शाम हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में हुआ, जिससे तीनों सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटना के बाद घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान ओड़ो गांव निवासी भोला मांझी (पुत्रीः दूलो देवी, उम्र 17) ने नवादा ले जाने के क्रम में रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे घायल कमलेश कुमार (पुत्रः दिनेश रविदास, उम्र 18) की मौत बुधवार सुबह गया में इलाज के दौरान हो गई।

तीसरा घायल युवक राहुल कुमार (पुत्रः उदय साव) की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज बिहारशरीफ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शवों को परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

घटना के बाद भाजपा नेता व ओड़ो गांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष पंकज कुमार उर्फ पिंकू सिंह, किसान नेता विजय कुमार सिंह, 20 सूत्री कार्यक्रम के सदस्य प्रिय रंजन सिंह, चंदन सिंह सहित कई समाजसेवियों ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर सांत्वना दी और जिला प्रशासन से आपदा प्रबंधन कोष से मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की मांग की है।

# 59 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** पुलिस अधीक्षक आभिनव धीमान ने बताया कि 20 मई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अवैध खनन में 1, साइबर क्राईम में 4, मद्य निषेध में 9 एवं अन्य गिरफ्तारी 45 कुल 59 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 180 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-38 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-02 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 105 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 22 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत ट्रैक्टर 01, मोबाईल 09, लैपटॉप 1 एवं टैब 1 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है।


# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम बिहारशरीफ में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में मनाई गई। बिहार कांग्रेस के कद्दावर एवं वरिष्ठ नेता स्व. सदानंद सिंह की 82वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजगीर के पूर्व विधायक रवि ज्योति कुमार के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम स्व. राजीव एवं स्व. सदानंद सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा के बाद उनके जीवनी पर वैचारिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए राजगीर के पूर्व विधायक रवि ज्योति ने कहा कि स्व. राजीव गांधी सिर्फ हमारे कांग्रेस पार्टी के ही पहचान नहीं बल्कि वह देश के भी कर्णधार थे।

# स्वामी विवेकानंद के नाम पर हो राजगीर के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** विधानसभा चुनाव के पहले बिहार के क्रिकेट प्रेमियों को बड़ी सौगात मिलने वाली है। मगध की प्राचीन राजधानी राजगीर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बनाये जा रहे इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन होना है। उद्घाटन की तिथि 12 अगस्त को लगभग तय है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा इस स्टेडियम का उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन की तिथि तय होने के साथ ही स्टेडियम के नामाकरण की भी चर्चा होने लगी है। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति न्यास के अध्यक्ष नीरज कुमार ने राजगीर के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम कहै अथवा राजगीर के खेल परिसर का नाम स्वामी विवेकानंद के नाम पर रखने का सुझाव सरकार को दिया है। उनका कहना है कि स्वामी जी खेल प्रेमी थे। उनका कहना था कि श्अगर तुम गीता को समझ नहीं सकते, तो पहले फुटबॉल खेलो। यह कथन अपने आप में गहरी अर्थवत्ता रखता है। इसका उद्देश्य यह नहीं है कि श्रीमद्भागवत गीता का महत्व कम किया जाय। बल्कि यह दर्शाना है कि मानसिक और आध्यात्मिक विकास से पहले शारीरिक बल और आत्मविश्वास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का मानना था कि एक कमजोर शरीर में न तो आत्मबल होता है, और न ही वह उच्च विचारों को आत्मसात कर सकता है। गीता जैसे गूढ़ ग्रंथ को समझने के लिए व्यक्ति में मन की स्थिरता, आत्मबल और विवेक होना जरूरी है। जब शरीर स्वस्थ और मजबूत होगा तभी चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। फुटबॉल जैसे खेल शरीर को ताकतवर बनाते हैं। टीम भावना सिखाते हैं। अनुशासन और नेतृत्व के गुणों का विकास करते हैं। उनका यह कथन भारत के युवाओं को शारीरिक स्वास्थ्य की अनदेखी न करने की प्रेरणा देता है। स्वामी जी चाहते थे कि युवा केवल पुस्तकों में डूबे न रहें, बल्कि खेलों के माध्यम से अपने शरीर को भी मजबूत बनायें। ताकि वे जीवन की चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना कर सकें।

# शहीद के परिजनों को सौंपा एक लाख का चेक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** कौआकोल प्रखंड (गोविन्दपुर विधानसभा) के पांडेयगंगौट के सेना के जवान मनीष कुमार की शहादत के पश्चात उनके आवास पर जा कर भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता एवं जिला परिषद सदस्य बिनीता मेहता ने अपनी संवेदनाएँ व्यक्त किया एवं भाजपा परिवार की ओर से 1 लाख रुपये का एक छोटा सा सहयोग राशि चेक के माध्यम से उनके परिवार को दिया। अनिल मेहता ने कहा की हमारे राष्ट्र के लिए उनकी सेवा और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इससे पहले भी भाजपा परिवार द्वारा वारिसलीगंज के ग्राम नारोमुरार एवं गोविंदपुर के ग्राम कटनी में शहीद जवान के परिवार को भी सहयोग राशि दी गई थी। उन्होंने कहा कि हम पूरी पार्टी की ओर से शाहिद जवान को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। दुख की इस घड़ी में पूरा भाजपा परिवार अपने शहीद के परिवार के साथ है। मौक़े पर जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार भोली, गोविंदपुर विधानसभा संयोजक कुंदन प्रभाकर, तरुण राजवंशी, अशोक सिंह, चंदन चंद्रवंशी सहित ग्रामीण और परिवार जन उपस्थित रहे।

# सैनिकों के सम्मान में, हम सभी देशवासी मैदान में : गगन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** प्रखंड क्षेत्र के रजौली संगत प्रांगण से ऑपरेशन सिंदूर के सफलता पर भारतीय सैनिकों के सम्मान में भाजपा जिला महामंत्री गौरव शांडिल्य गगन, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा के नेतृत्व एवं देश प्रेमी, राष्ट्र भक्तों के बैनर तले एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाला गया। इस मौके पर जिला महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। राष्ट्र प्रेमी गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ नेतृत्व एवं भारतीय सेना के पराक्रम से पहलगाम हमले का बदला पाकिस्तान के अंदर घूसकर हमारे भारतीय सेना के जांबाज सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तानी आतंकवादियों के ठिकानों एवं अन्य पाकिस्तान के प्रमुख आंतंकी ठिकानों को ध्वस्त करते हुये आतंकियों को मौत के घाट उतारते हुये बदला लिया है। गगन ने बताया कि तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में एक बड़ी संख्या में देशभक्तों ने उत्साह के साथ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य को सैल्यूट करते हुए भारतीय सेना जिंदाबाद के नारा से समस्त देशभक्तों ने राष्ट्रीय एकता का परिचय देते हुए सेना का मनोबल बढ़ाया। देशभक्त संतोष कुमार वर्मा ने बताया की तिरंगा यात्रा में सभी राष्ट्र भक्तों एवं शिक्षा संस्थानों में सरस्वती विधा मंदिर के छात्र, छात्राओं एवं शिक्षकों ने भी शिरकत कर देश के प्रति सम्मान का परिचय दिया। यह तिरंगा यात्रा पैदल चलते हुये देशभक्ति के जयघोष के साथ रजौली नगर भ्रमण कर समाप्त हुआ। देशप्रेमी रंजन कुमार बब्लू, प्रमोद कुमार चंद्रवंशी,संजय कुमार अधिवक्ता, अरविंद गुप्ता, सुनील कुमार, गौरव शांडिल्य गगन, संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विगत कुछ दिनों पूर्व बिहार की धरती पर देशवासियों को आशवस्त किया था कि आंतंकियों को अब मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है. इसका जवाब कल्पना से परे होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व एवं भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम, जज्बा से करारा जवाब पाकिस्तान एवं पाकिस्तान में पल रहे आतंकियों को मिला है। गगन ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए अपने नवादा के जॉबाज सेना के जवान मनीष कुमार के प्रति हम सबों ने दो मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना किया। इस मौके पर पूर्व विधायक रजौली कन्हैया रजवार, भाजपा जिला मंत्री अन्नपूर्णा कपूर, निशा राजवंशी, महिला मोर्चा रजौली मंडल अध्यक्ष रेखा देवी, वसंती देवी, सुनील कुमार, संतोष शर्मा, दयानंद प्रसाद, रंजन कुमार बब्लू, संजय कुमार अधिवक्ता,विमल राजवंशी, अरविंद गुप्ता, गौरव शांडिल्य गगन, संतोष वर्मा, प्रमोद चंद्रवंशी, नवीन कुमार, अमन कुमार, बब्लू राजवंशी, आकाश कुमार, उमेश वर्मा, संदीप वर्मा, पिंटू वर्मा, विलशन कुमार, धनंजय कुमार धन्नू, संजय कुमार बंटी, विनोद आर्या, राजेश सिंह अन्य सरस्वती विधा मंदिर के छात्र, छात्राओं, शिक्षकगण एवं विभिन्न राष्ट्र प्रेमियों, देशभक्तों ने शिरकत किया।

# निजी क्लीनिक से मरीज को रेफर करने पर भड़के परिजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** बिहार थाना क्षेत्र के कागजी मोहल्ला स्थित एक निजी क्लीनिक में भर्ती मरीज को रेफर किए जाने से भड़के मरीज के परिजनों ने जमकर बवाल काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा बूझाकर मामला शांत कराया। जख्मी के परिजन सिलाव प्रखंड के नालंदा थाना क्षेत्र के ताजूबिगहा निवासी ने बताया कि 19 मई को गांव में पड़ोसी से विवाद हुआ था जिसमें मारपीट में 35 वर्षीय टुन्नी केवट को सिर में चोट होने के कारण 20 मई को बिहारशरीफ के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया था। उस वक्त क्लिनिक के डॉक्टर ने मरीज को ठीक-ठाक बताते हुए भर्ती कर लिया। अगले दिन सुई लगाने के बाद जब हालत नाजुक होने लगी तो रेफर कर दिया।

# सात पंचायतों में विशेष विकास शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** बिहार महादलित विकास मिशन के अंतर्गत व डॉ. अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान के तहत नवादा डीएम रवि प्रकाश के निर्देश पर बुधवार को कौआकोल प्रखंड के विभिन्न सात पंचायतों में विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दरम्यान विभिन्न विभागों के कर्मियों द्वारा लाभुकों को आयुष्मान कार्ड,राशन कार्ड,जन्म प्रमाण पत्र,आवास हेतु सर्वे,जॉब कार्ड सहित कई जरूरी सेवाएं मौके पर ही प्रदान की गई। कौआकोल बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि प्रखण्ड के पाण्डेयगंगौट, नावाडीह, महुडर समेत सात विभिन्न पंचायतों के अलग अलग महादलित टोला ने शिविर लगाकर लाभुकों को जरुरी सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। मौके पर सभी सम्बंधित पंचायत में नियुक्त पर्यवेक्षकों के अलावे प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी लोकेशनाथ चौधरी समेत अन्य पर्यवेक्षकीय पदाधिकारी मौजूद थे।

# प्रसूता की मौत पर सीएचसी में लोगों ने किया हंगामा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां में सोमवार की रात को प्रसूता की मौत के बाद परिवार वालों ने मृतका की शव को हॉस्पिटल परिसर में रखकर हंगामा किया। परिवार वालों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है, जबकि चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रतन गुप्ता ने कहा कि इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती गई है। उन्होंने बताया कि प्रसूता का मामला कॉम्प्लिकेटेड होने के कारण उसे सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया था। परिवार वालों ने बताया कि मृतक सिंकी कुमारी पकरीबरावां प्रखण्ड की कोनंदपुर पंचायत के थालपोस गांव निवासी संजय चौधरी की बहू थीं। परिवार वालों ने बताया कि उसे सुबह 9 बजे प्रसव पीड़ा के चलते अस्पताल लाया गया था। शाम करीब 5 बजे उसने एक बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ती चली गई। परिजनों का आरोप है कि ड्यूटी पर मौजूद जीएनएम व एएनएम ने इलाज के बदले रुपये मांगे और जब तक पैसे नहीं मिले, प्रसूता को रेफर नहीं किया गया। अंततः रात 9 बजे उसे नवादा रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतका के परिजन शव को वापस लेकर अस्पताल पहुंचे और मुख्य द्वार पर रखकर जमकर हंगामा करने लगे। करीब तीन घंटे तक शव अस्पताल में ही पड़ा रहा और परिजन दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते रहे। इस दौरान स्थिति कई बार बेकाबू होने की नौबत पर पहुंच गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रंजीत कुमार के निर्देश पर पकरीबरावां पुलिस अस्पताल पहुंचीं और परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। दूसरी ओर जिला परिषद सदस्या बच्चन देवी के प्रतिनिधि पंकज सिंह एवं प्रमुख प्रतिनिधि विनोद कुमार साव भी सीएचसी पहुंचकर मामले की जानकारी ली और परिवार वालों को शांत कराने का प्रयास किया। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद देर रात करीब 1 बजे के आस पास सिविल सर्जन डॉ. बीरेंद्र कुमार चौधरी भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि जीएनएम और एएनएम द्वारा रुपये मांगने की शिकायत मिली है। स्पष्टीकरण मांगा गया है। यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया, तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# संकीर्णता का परित्याग कर करें प्रेम-मैत्री व विश्व बंधुत्व की भावना का संचार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** प्रख्यात दिगम्बर जैन संत श्रमण मुनि श्री 108 विशल्य सागर जी महाराज ने कहा है कि तन के उजले एवं मन के काले लोग बेहद खतरनाक होते हैं। ऐसे लोग से सावधान रहने की जरूरत है। मुनिश्री जैन धर्मालंबियों द्वारा आयोजित श्री 1008 महासिद्धिकारक श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के अंतिम अंतिम दिवस पर बीते देर शाम श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।

मुनिश्री ने कहा कि लोग दिखते कुछ और हैं और होते कुछ और हैं। ऐसे लोग घर, परिवार, समाज और।देश के लिए खतरा होते हैं। उन्होंने कहा कि तन का काला चलेगा, लेकिन मन के काले को कभी भी अहमियत नहीं दी जानी चाहिए। ऐसे लोग कभी भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहें। मुनिश्री ने कहा कि मानव के मष्तिष्क में चलने वाले नकारात्मक विचार, मुंह से निकलने वाले निरर्थक कड़वे बोल एवं हृदय में दबी कलुषताओं से किसी का भला नहीं होने वाला। ये कालांतर में सर्वनाश का ही कारण बनते हैं। उन्होंने मानव जीवन को सार्थक बनाने के लिए अपनी काया में तीन फैक्ट्री लगाने का सुझाव देते हुए कहा कि सबसे पहले अपने मस्तिष्क में आइस फैक्ट्री लगाओ, ताकि आपका दिमाग कूल रहे एवं आप टेंशन से मुक्त रह सकें। दूसरी फैक्ट्री की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अपने मुंह में शुगर फैक्ट्री लगाओ, ताकि आपकी वाणी वाण नहीं, बल्कि वीणा बन सके अर्थात आपकी जीभा आग नहीं, बल्कि बाग लगाने के मार्ग प्रशस्त कर सके। तीसरी फैक्ट्री का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मानव को अपने हृदय में लव फैक्ट्री लगाने की जरूरत है, ताकि संकीर्ण विचारों की प्रतिबंधित कर लोगों के बीच प्रेम, मैत्री एवं विश्व बंधुत्व की भावना का संचार हो सके।

मुनिश्री ने कहा कि अपने तन में आईएसएल के रूप में इन तीनों फैक्ट्रियों को स्थापित करने वाला कभी कंगाल नहीं होता, बल्कि मालामाल होते हुए भगवान के करीब पहुंच सकता है और भगवान के करीब रहने वाला कभी गरीब नहीं होता। उन्होंने अपने तन में आईएसएल फैक्ट्री को स्थापित कर आत्मिक सुख से मालामाल होने का श्रद्धालुओं का आह्वान किया। इस अवसर पर मुनि संघ में शामिल 105 श्री विशाम्यश्री माता जी, धवलश्री माता जी, क्षुल्लक विश्व मर्यादा सागर जी महाराज, ब्रह्मचारिणी अलका बहन व भारती बहन व अनिल भैया उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में स्थानीय जैन समाज के दीपक जैन, अभय बड़जात्या, उदय बड़जात्या, राजेश जैन, भीमराज गंगवाल, अशोक कुमार जैन, मनोज काला, उत्सव पांड्या, निर्भय बड़जात्या, मनोज जैन, सुनील काला, पदम चंद काला, जय कुमार छाबड़ा, भाग चन्द, प्रदीप सेठी, महेश जैन, रौशन, नितेश, बाबू, संदीप, आयुष, अशोक, विकास, संतोष पांड्या, कांता गंगवाल, सुषमा जैन, लक्ष्मी जैन, सुनीता बड़जात्या, चंदा बड़जात्या, सुनीता जैन, ममता काला, लक्की गंगवाल, शीला जैन, रीता सेठी, संतोष छाबड़ा, प्रेमलता काला, अल्पना पाटनी, रजनी, वीणा, मिंटू, नीतू, सीमा, विनीता, राजुल, सोनल, मधु, अनिता, अंजू, सपना, सोनी, शालिनी, स्विटी, श्रुति, श्रेया, राशि, मानसी, नैंसी, गहना, अंजलि, वर्षा व रिया सहित भारी संख्या में स्थानीय व निकटवर्ती जिलों के जैन श्रद्धालुओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।

**मुनिसंघ का बुधवार को हुआ मंगल विहार:**

लगभग दो माह के नवादा प्रवास के बाद मुनि संघ में शामिल जैन संतों व साध्वियों का बुधवार को प्रातःकालीन बेला में नवादा से पावापुरी के लिए मंगल विहार हो गया। नवादा से विहार करते हुए मुनि संघ सर्वप्रथम श्री गुणावां जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पहुंचा, जहां जिनेंद्र प्रभु का मंगल अभिषेक का दर्शन किया।

# मननियांतरी नदी घाट से अवैध ढंग से बालू के उठाव पर ग्रामीणों में रोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कौआकोल।** प्रखण्ड के पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत मननियांतरी गांव के ग्रामीणों ने स्थानीय संवेदक आरएस ट्रेडर्स पर अवैध ढंग से बालू का उठाव किए जाने का आरोप लगाते हुए नवादा डीएम से हस्तक्षेप कर कार्रवाई की मांग किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन विभाग द्वारा विगत वर्ष हुए टेंडर के अनुसार लालपुर पंचायत अंतर्गत मड़पो नदी घाट से बालू का उठाव किया जाना है। परंतु स्थानीय संवेदक द्वारा खनन विभाग के अधिकारियों एवं संबन्धित विभाग के कर्मियों की मिलीभगत से नियम कानून को ताख पर रखकर अवैध ढंग से मननियांतरी,टिकोडीह एवं पहाड़पुर गांव अवस्थित नदी घाट से बालू का खनन कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक द्वारा काफी मात्रा में गलत ढंग से उत्खनन कर स्टॉक पॉइंट पर बालू का संग्रह भी किया गया है। जिससे जहां एक ओर सरकार को काफी राजस्व की क्षति पहुंच रही है। वहीं दूसरी ओर इन नदियों से बालू का अत्याधिक उत्खनन हो जाने से स्थानीय किसानों एवं ग्रामीणों को खेतों की पटवन तथा बरसात के दिनों में ग्रामीणों को इस पार से उस पार जाने में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं बालू का अत्याधिक उत्खनन हो जाने से नदी घाटों में जहां-तहां अधिक गड्ढा हो गया है। जिससे बरसात के दिनों में कभी भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीण वरुण कुमार, विनोद साव, छोटू कुमार,मनीष कुमार, संजीत यादव, मदन साव, वार्ड सदस्य बबलू यादव समेत दर्जनों ने नवादा डीएम को हस्ताक्षरयुक्त लिखित शिकायत पत्र देकर जांचकर कार्रवाई करने तथा इन क्षेत्रों से हो रहे बालू के अवैध उठाव पर रोक लगाए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि पूर्व में भी पर्याप्त साक्ष्य के साथ (अवैध उत्खनन का वीडियो) विभाग को शिकायत किया गया था,परन्तु कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिससे ग्रामीणों में काफी रोष देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि जल्द ही बगैर नीलामी हुए नदी घाटों से बालू का अवैध ढंग से खनन पर रोक नहीं लगाया गया,तो ग्रामीणों द्वारा खनन विभाग एवं संवेदक के विरुद्ध आंदोलन किया जाएगा।

# अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** नवादा एसपी के निर्देश पर कौआकोल पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र के भोरमबाग नाटा नदी बालू घाट में छापेमारी कर अवैध ढंग से बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आयी। छापेमारी में रूपौ एवं धमौल थाना की भी पुलिस शामिल थी। बताया जाता है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि भोरमबाग नाटा नदी से अवैध ढंग से बालू का अवैध उत्खनन हो रहा है। जिसके बाद टीम गठित कर उक्त कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार जब्त ट्रैक्टर को थाना लाकर इसकी सूचना खनन विभाग को दे दी गई है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गई हिलसा में 551 फीट लंबी तिरंगा यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हिलसा (नालंदा)।** भारतीय सेना द्वारा आतंकियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में बुधवार को हिलसा शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगे लोगों ने 551 फीट लंबा तिरंगा लेकर शहर की सड़कों पर जुलूस निकाला। आयोजन में एनडीए कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, छात्र-छात्राएं, विभिन्न स्कूलों व कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। तिरंगा यात्रा की शुरुआत सूर्य मंदिर तालाब से हुई, जो मुख्य बाजार, सिनेमा मोड़, काली स्थान, डाकबंगला होते हुए रामबाबू हाई स्कूल मैदान तक निकाली गई। यात्रा के दौरान पूरा शहर हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे नारों से गूंज उठा। वक्ताओं ने कहा कि यह यात्रा पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना को सम्मान देने के उद्देश्य से निकाली गई है। देशभर में इस प्रकार की तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं, ताकि वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जा सके। कार्यक्रम में हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक, क्षेत्रीय प्रभारी जितेंद्र नीरज, नगर अध्यक्ष मंजय कुमार, जिला अध्यक्ष राजेश कुमार, प्रणव प्रकाश, डॉ. आशुतोष कुमार, अर्जुन प्रसाद विश्वकर्मा, पवन प्रकाश, संजय सागर, संजीव कुमार, विकास चंद्रवंशी, सुब्रत हालदार, अभिनव कौशल जायसवाल, उदित नारायण, राजू, आदित्य नारायण सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पेयजल की समस्या से निबटारे के लिये नए चापाकल लगाए गए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** जिला पदाधिकारी गया डॉ0 त्यागराजन एसएम द्वारा खनन ग्राहिताओं से प्राप्त निधि (डीएमएफ फंड) उपयोगिता हेतु प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना अंतर्गत खनन प्रभावित क्षेत्रों में कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गया जिले के उत्खनन वाले क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास एवं आमजन को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई योजनाएं क्रियान्वित कराए गए हैं जिनमें विशेष कर पेयजल संकट से निपटारा के लिए नए चापाकल का अधिष्ठापन, आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण, नाली गली का निर्माण एवं सड़क निर्माण शामिल हैं।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि टिकारी प्रखंड के खनन क्षेत्रो में रहने वाले स्थानीय लोगों को पेयजल की समस्याओं से निबटारा के लिये 70 की संख्या में नए चापाकल लगाए गए हैं। इसके अलावा वजीरगंज प्रखंड के खनन क्षेत्रों में रहने वाले स्थानीय लोगों को पेयजल की समस्याओं से निबटारा के लिये 120 की संख्या में नए चापाकल लगाए गए हैं। इसके अलावा बेलागंज प्रखंड के खनन क्षेत्रों में रहने वाले स्थानीय लोगों को पेयजल की समस्याओं से निबटारा के लिये 40 की संख्या में नए चापाकल लगाए गए हैं। इसके अलावा इमामगंज प्रखंड के खनन क्षेत्रों में रहने वाले स्थानीय लोगों को पेयजल की समस्याओं से निबटारा के लिये 19 की संख्या में नए चापाकल लगाए गए हैं। इमामगंज सलैया रोड से सुखेड़ा नदी तक सड़क निर्माण एवं ग्राम कादिरपुर में विद्यालय से अनुसूचित जाति टोला तक सड़क निर्माण करवाया गया है। इसके अलावा मानपुर में वार्ड संख्या 48 में सूरज पोखर के पास नाली का भी निर्माण करवाया गया है। बोधगया प्रखंड के ग्राम पंचायत मोचारिम के महादलित टोला के समग्र विकास हेतु 03 योजनाओं का क्रियान्वयन करवाया गया है। बोधगया प्रखंड के खनन प्रभावित क्षेत्र यथा बसाढ़ी, छाछ, मोराटाल, टनकुप्पा प्रखंड के मायापुर, जोलाहदिह एवं वजीरगंज के करौना, घुरियावा तथा नगर प्रखंड के गुलजार बिगहा के लोगों के सर्वांगीण विकासात्मक एवं जन कल्याणकारी योजनाओं यथा मकान विहीन लोगों के लिए पक्का मकान, सड़कों का जीर्णोद्धार, नल जल, नाली गली का निर्माण करवाया गया है। नगर निगम वार्ड संख्या 47 मानपुर सूर्यपोखरा पर अवस्थित अतिजर्जर आंगनबाड़ी भवन को तोड़कर नया आंगनबाड़ी भवन का निर्माण करवाया गया है। टिकारी क्षेत्र के पूरा महादलित टोला में स्वास्थ्य विभाग का पीएचसी का निर्माण करवाया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोच का चहारदिवारी एवं गेट का निर्माण करवाया गया है। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंचानपुर का जीर्णोद्धार एवं अतिरिक्त एक कमरा का भी निर्माण करवाया गया है। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंघड़ा का निर्माण करवाया गया है। टिकारी के सरफराज बिगहा महादलित टोला में 1 हजार फीट पीसीसी निर्माण करवाया जा रहा है। कल्याण विभाग द्वारा संचालित अत्यंत पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय छात्रावास, राजकीय अंबेडकर आवासीय विद्यालय एवं अनुसूचित जाति कल्याण छात्रावास में स्मार्ट डिजिटल बोर्ड, पुस्तकालय हेतु पुस्तक, बुक सेल्फ, टेबल, कुर्सी तथा जिम का अधिष्ठापन करवाया गया है।

# गयाजी में भीषण गर्मी के बीच अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम बना मुसीबत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** गया जी की पावन धरती, जहां देश-विदेश से श्रद्धालु विष्णुपद मंदिर के दर्शन को आते हैं, आजकल अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम की विकराल समस्या से जूझ रही है। शहर के प्रमुख मार्गों–घुघरीटार बाईपास, समीर तकिया मोड़, मंगला गौरी, जीबी रोड, कोतवाली थाना चौक, टावर चौक, करीमगंज पुल, मां आनंदी मोड़ और गुरुद्वारा मोड़–पर अतिक्रमण और मनमाने ढंग से ऑटो चालकों द्वारा वाहन रोकने की प्रवृत्ति ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। इस भीषण गर्मी में घंटों तक ट्रैफिक जाम में फंसे रहने की समस्या आम नागरिकों और श्रद्धालुओं दोनों के लिए कष्टकारी बन चुकी है। पैदल चलने तक की जगह नहीं बची है। सड़कों पर दुकानदारों द्वारा फैलाए गए अस्थायी निर्माण, ठेले-खोमचे और अनधिकृत पार्किंग से स्थिति और भी भयावह हो गई है। नतीजतन न केवल श्रद्धालु बल्कि आम लोग भी अपने दैनिक कार्यों में बाधित हो रहे हैं। इस ज्वलंत समस्या को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने जिला प्रशासन और नगर निगम से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाना नितांत आवश्यक है ताकि आम आदमी सुकून से चल सके। साथ ही ऑटो चालकों के लिए निर्धारित स्टॉप बनाए जाएं जिससे यातायात व्यवस्था सुधरे। डॉ. मिश्रा ने विशेष रूप से घुघरीटार बाईपास सहित पूरे शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने की अपील की है। उन्होंने चेताया कि यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए तो गया जैसे धार्मिक और पर्यटन महत्व के स्थल की छवि धूमिल हो सकती है। इस अभियान को समर्थन देने वालों में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष के. राजेन्द्र प्रसाद (अधिवक्ता), राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यवाहक अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह, पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, पूर्व महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव, महेश यादव, मंटू कुमार, बबलू गुप्ता, और कुंदन सिंह सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि शामिल हैं। जनता और संगठनों की इस संयुक्त मांग से उम्मीद की जा रही है कि प्रशासन इस गंभीर स्थिति को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र अतिक्रमण हटाने और ट्रैफिक सुधार की दिशा में प्रभावी कदम उठाएगा।

# घने जंगल में एसएसबी और पुलिस का संयुक्त सर्च अभियान, 103 किलोग्राम डोडा बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गयाजी।** विश्वसनीय आसूचना के आधार पर 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया की 'ई' समवाय इकाई द्वारा स्थानीय थाना पुलिस के साथ मिलकर एक संयुक्त सर्च अभियान चलाया गया। कमांडेंट, 29 वाहिनी एसएसबी गया के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में ग्राम शंखावा के समीप, थाना बाराचट्टी अंतर्गत घने जंगल से 103 किलोग्राम डोडा बरामद किया गया। इस सर्च अभियान का नेतृत्व निरीक्षक (सामान्य) प्रवीण कुमार ने किया। बरामद डोडा की मात्रा काफी बड़ी बताई जा रही है जिसे मौके पर जब्त कर लिया गया। इसके बाद जब्त सामग्री को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए बाराचट्टी थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस कार्रवाई को नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। सुरक्षाबलों का कहना है कि इस प्रकार की संयुक्त कार्रवाइयों से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। स्थानीय प्रशासन और एसएसबी ने इलाके में नशे के अवैध कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए आने वाले दिनों में और भी सघन अभियान चलाने की बात कही है।

# मगध विश्वविद्यालय में शुरू होंगे पीएचडी और एलएलएम पाठ्यक्रम : प्रो. एस.पी. शाही

## विद्वत परिषद की बैठक में पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के शिक्षा विभाग के सभागार में कुलपति प्रो. एस.पी. शाही की अध्यक्षता में विद्वत परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत पिछली परिषद बैठक की संपुष्टि से हुई। बैठक में विश्वविद्यालय से संबंधित कई महत्वपूर्ण एजेंडों पर विचार-विमर्श किया गया। सबसे पहले 20 मई को अंगीभूत महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ हुई बैठक में नामांकन से जुड़े लिए गए निर्णयों की पुष्टि की गई। बैठक में बुद्धा डेंटल कॉलेज में पीएचडी कार्यक्रम शुरू करने, नवादा विधि महाविद्यालय सहित विश्वविद्यालय के अंतर्गत अन्य संस्थानों में एलएलएम की पढ़ाई प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही स्नातकोत्तर विभागों और महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को कड़ाई से लागू करने पर भी सहमति बनी। कुलपति ने लंबित परीक्षाओं को लेकर गहरी चिंता जताई और समय पर परीक्षाएं संपन्न कराने के लिए गर्मी की पूर्व निर्धारित छुट्टियों को रद्द करने का निर्णय लिया। अब इन अवकाशों के दौरान ही परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। बैठक में कुलसचिव प्रो. विपिन कुमार, अधिष्ठाता प्रो. ब्रजेश कुमार राय, समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. आर.एस. जमुआर, शिक्षा संकायाध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. वीरेन्द्र कुमार, सीसीडीसी डॉ. संजय तिवारी, कुलानुशासक प्रो. उपेंद्र कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और प्रभारी उपस्थित थे।

# अगलगी में लाखों का सूत जलकर खाक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** शहर के मानपुर पटवा टोली के शिवचरण लेने स्थित सूत गोदाम में आग लगने से गोदाम में रखे लाखों रुपए के सूत जलकर राख हो गया है। आग पर काबू पाने में अग्निशामक कर्मियों को घंटों मशक्कत करना पड़ा। इस संबंध में सूत गोदाम के मालिक दुखन पटवा ने बताया कि मेरे मकान के पांचवीं मंजिल पर सूत गोदाम है जहां बिजली के शॉट सर्किट से गोदाम में रखे हुए सूत में आग लग गई जिसमें लाखों रुपए से अधिक मूल्य के सूत और अन्य सामान जलकर खाक हो गया। उन्होंने बताया कि यह अगलगी की घटना रात्रि 2:00 की है। मौके पर पहुंची अग्निशामक कर्मियों को आग पर काबू पाने के लिए सुबह 6:00 बजे तक कड़ी मस्कत करनी पड़ी।

# सीएम नीतीश कुमार ने गया को गयाजी की दी पहचान : रंजीत कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** गया में युवा जदयू के उपाध्यक्ष सह नगर प्रखंड चंदौती 20 सूत्री के सदस्य रंजीत कुशवाहा ने प्रेस वार्ता कर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कैबिनेट में मोहर लगाकर गया को गयाजी पहचान दिए जो काबिले तारीफ है। गया का पुराना इतिहास एक बार फिर से जीवंत हुआ है। गया की जनता को बहुत पहले से ही मांग थी, उसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूरा किया। गया वह स्थान है जहां भगवान राम ने सीता और लक्ष्मण के साथ अपने पिता दशरथ के लिए पिंडदान किया था, तब से गया पिंडदान अनुष्ठान के प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण महत्व का स्थल बना हुआ है। गया को श्राद्ध करने के लिए सबसे आदर्श स्थान में से एक माना जाता है। गया को गयाजी नाम पर्यटक स्थल को देखते हुए घोषित किया है। इससे देश विदेश में गयाजी का एक अलग ही मान-सम्मान बढ़ा है। गयाजी में पर्यटक आएंगे तो रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। यह एनडीए की सरकार में ही संभव थी जिसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया है। उन्होंने शिक्षा पर कहा कि जब से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने हैं तब से शिक्षा का नया-नया आयाम गढ़ा गया है। पहले बड़े घरों के बच्चे यूपीएससी और बीएससी का परीक्षा देते थे, लेकिन आज गरीब का बच्चे भी यूपीएससी और बीपीएससी परीक्षा में बैठते हैं और नौकरी प्राप्त कर रहे हैं। यह सब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ही देन है। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा महिलाओं के लिए माई-बहन योजना की घोषणा पर युवा जदयू उपाध्यक्ष रंजीत कुशवाहा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि झारखंड सरकार के तर्ज पर उन्होंने बिहार में लागू करने की घोषणा की है लेकिन यह सिर्फ चुनावी घोषणा है। जब उनकी अपनी भाभी ऐश्वर्या राय को उनका समाधान नहीं किया तो बिहार के महिलाओं का माई-बहन योजना लाकर क्या करेंगे यह सिर्फ चुनाव जीतने के लिए वादे करते है। जब अपने घर के महिलाओं का सम्मान नहीं कर पाए और नहीं दे पाए तो यह बिहार के महिलाओं का क्या सम्मान देंगे, यह बिहार की जनता से छिपा नहीं है।

# झारखंड के धनबाद से तीर्थ यात्रियों की सुविधा हेतु 31 मई को चलाई जाएगी 'भारत गौरव पर्यटन ट्रेन'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 'देखो अपना देश' के तहत आगामी 31 मई को झारखंड के धनबाद स्टेशन से 'भारत गौरव पर्यटन' ट्रेन चलाया जाएगा। आईआरसीटीसी, पूर्वी क्षेत्र, कोलकाता के मुख्य प्रवेक्षक संजीव कुमार ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय रेलवे ने रेल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस ट्रेन से यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को 33 प्रतिशत की रियायत प्रदान करने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन 31 मई को धनबाद से खुलेगी और हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, राजगीर, बिहारशरीफ, बख्तियारपुर, पटना, आरा, बक्सर, दिलदारनगर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर तीर्थ यात्रियो को ट्रेन में सवार होने के लिए रुकेगी। श्री कुमार ने बताया कि यह यात्रा 12 रात और 13 दिन का होगा। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास का टिकट दर प्रति व्यक्ति 23 हजार 575 रुपये एवं 3 एसी का 39 हजार 990 रुपये प्रति व्यक्ति रखा गया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को उज्जैन के महाकालेश्वर एवं ओंकारेश्वर ज्योतिलिंग, सोमनाथ ज्योतिलिंग, द्वारिका के द्वारकाधीश, शिरडी के साई बाबा एवं नासिक के त्र्यम्बकेश्वर ज्योतिलिंग एवं भीमा शंकर ज्योतिलिंग समेत विभिन्न दर्शनीय स्थलों का दर्शन कराया जायेगा।

# एनडीए कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** प्रखंड के कोंच बाजार में एनडीए कार्यकर्ताओं ने सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा बुधवार के दोपहर निकाली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 0भारत अब चुप नहीं रहेगा, हर हमले का जवाब मिलेगा। भारतीय सेना, हमारी शान। देश की सेना को सम्मान, करता है सारा हिंदुस्तान। मोदी तुम संघर्ष करो, देश तुम्हारे साथ है।

भारत का स्पष्ट संदेश, आतंक और उसके समर्थक अब बख्शे नहीं जाएंगे आदि लगाए और सेना के प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस बीच हम पार्टी के युवा नेता अजीत कुमार ने कहा कि सिंदूर ऑपरेशन के अपार सफलता एवं शहीद हुए देश के वीर सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। आज हर आतंकी, आतंक का हर संगठन, जान चुका है कि हमारी बहन-बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और तिरंगा लेकर चल रहे थे। तिरंगा यात्रा कोंच बाजार स्थित पुस्तकालय भवन से हनुमान मंदिर मिडिल स्कूल, बस स्टैंड होते हुए कोंच डीह विष्णु स्थान तक वीर पहुंचा। भाजपा उतरी मंडल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने कहा कि सेना के जवानों के बलिदान और त्याग को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# भाकपा माले का तीसरा सम्मेलन संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** भाकपा माले का गांव में पार्टी ब्रांचो, पंचायत और प्रखंड सम्मेलन के सांगठनिक अभियान चल रहा है। साथ में बूथों को केंद्र कर बी एल ए बहाली के कामों पर खास जोर दिया जा रहा है। बुधवार को कोंच प्रखंड के केर पंचायत का तीसरा सम्मलेन आजाद बिगहा सामुदायिक भवन में सम्पन्न हुई जिसमें पंचायत के सदस्य शामिल हुए। पार्टी जिला कमिटी सदस्य रवि कुमार ने सम्मलेन में उपस्थित प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार ने बिहार में गरीबों से किया वादा पूरा नहीं किया। वास-आवास, रोजगार, स्कीम वर्कर्स का सवाल पर सरकार चुप है। बिहार में डबल इंजन की सरकार नया सर्वे के बहाने भूमि बैंक बनाकर कॉरपोरेट कंपनियों को देने की तैयारी कर रही है और दलित-महादलित गरीबों के घरों पर बुलडोजर चला रही है। यह भी कहा कि वादा खिलाफी और जुमलेबाजी के खिलाफ आने वाले विधानसभा चुनाव में सामंती-सांप्रदायिक ताकतों को सबक सीखाना होगा। अंत में पंद्रह सदस्यीय पंचायत कमिटी का गठन किया गया जिसमें सुरेंद्र यादव, राजवल्लभ यादव, मो. हसीब, सरपंच सियामनी देवी, सत्येंद्र दास, संजय राम, रत्नेश शर्मा, आलोक कुमार यादव, यूनुस मियां, सुधीर शर्मा, सुरेंद्र चौधरी, भींती देवी, मंतुआ देवी, दिनकर मांझी, कृष्ण मांझी शामिल हैं।


## कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

Email Id – civilsurgeonpalamu@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

जिला स्वास्थ्य समिति पलामू अर्न्तगत विज्ञापन सं0 01/2025 से संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन सं0 01/2025 द्वारा दिनांक 11.05.2025 को आयोजित परीक्षा का मेघा सूची तथा चयनित अभ्यर्थियों की सूची www.palamu.nic.in पर प्रकाशित कर दिया गया है।

आदेशानुसार
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.353085 District(25-26):D


# संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार के संकल्प को पूरा करके ही दम लेंगे: उपेन्द्र कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** गया में राष्ट्रीय लोक मोर्चा संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार पर एक निजी होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव सुभाष चंद्रवंशी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष जितेंद्र पासवान और प्रदेश संगठन सचिव शक्ति कुमार ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के निर्देश पर संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार के संकल्प को लेकर प्रेस वार्ता की गई है। उन्होंने कहा कि भारत में 2026 में परिसीमन होना है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 82 देश में हर जनगणना के बाद परिसीमन आयोग का गठन कर लोकसभा सीटों का फिर से निर्धारण करने का अधिकार देता है। वहीं, अनुच्छेद 170 राज्यों में विधानसभा के निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा और संख्या तय करने का अधिकार देता है। अभी तक देश में 1951, 1961, 1971 की जनसंख्या के आधार पर परिसीमन कर लोकसभा की सीटों को निर्धारित किया गया है। परिसीमन का उद्देश्य राज्यों के लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या आबादी के अनुसार निर्धारण करना है। इस व्यवस्था की वजह से बिहार सहित उत्तर भारत के लगभग सभी राज्यों को लोकसभा सीटों के मामले में बहुत नुकसान हो रहा है। आज दक्षिण भारत में लगभग 21 आबादी पर एक लोकसभा सीट है वहीं, उत्तर भारत में लगभग 31 लाख की आबादी पर एक लोकसभा सीट है। यह व्यवस्था बिहार सहित तमाम उत्तर भारतीय राज्यों का देश की संसद में हमारे प्रतिनिधित्व को कम करता है या कह सकते हैं कि संविधान की मूल भावना 1 व्यक्ति 1 वोट 1 मूल्य के साथ छलावा है। मौजूदा आबादी के आधार पर परिसीमन नहीं होने के कारण हम पिछले 50 वर्षों से अपने इस अधिकार से वंचित हैं। इस दिशा में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा का ध्येय एकदम स्पष्ट है कि वह बिहार समेत उत्तर भारत के राज्यों के साथ इस बार धोखा नहीं होने देंगे।

# 'सिंदूर' की अपार सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** बाजार क्षेत्र में भाजपा के वरीय नेता सह गुरूआ विधान सभा क्षेत्र से उम्मीदवार के प्रबल दावेदार डॉ.लालजी प्रसाद यादव के नेतृत्व में पाकिस्तानी आतंकवादियों के विरुद्ध चलाए गए ऑपरेशन 'सिंदूर' की अपार सफलता को लेकर तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इस तिरंगा यात्रा में एनडीए के घटक दलों के स्थानीय नेताओं एवं दर्जनों कार्यकर्ताओं ने शिरकत किया। श्री यादव ने बताया कि आजादी के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी ने ही देश में प्रजातांत्रिक प्रणाली को सुदृढ़ किया है। बुधवार को प्रधानमंत्री द्वारा देश के 59 सांसदों को विश्व के विभिन्न देशों में पाकिस्तान के कुकृत्यों को बेनकाब करने के लिए भेज कर सिद्ध कर दिया कि भाजपा ही संविधान का रक्षक है। सांसदों के दलों में सभी दलों की सहभागिता एवं अहमियता इस बात को सिद्ध करती है कि बीजेपी ही देश की रक्षक है। वास्तव में संविधान का संरक्षक है। गौरतलब है कि प्रखंड बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति में ब्राह्मणों को एक भी सीट नहीं दिये जाने पर इस समुदाय के लोगों से एनडीए द्वारा आयोजित इस यात्रा का सम्मान करते हुए एक भी व्यक्ति ने शिरकत नहीं किया।


## Govt. of Jharkhand
## Office Of the Executive Officer Nagar Panchayat Manjhiaon

**Notice Inviting Tender**

**e- tender notice no. : 01 /2025-26 Dated : 20.05.2025**

The under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand.. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| Sl. No. | Tender ID | Name of the Work | Estimated Cost(in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) Online | Cost of tender paper (Rs.) Online | Time of completion | Head |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | UDHD/NPM/ 01/01/25-26 | Construction of Urban Health & wellness Centre under UDHD under Nagar Panchayat Manjhiaon. | 4117500.00 | 82350.00 | 10000.00 | 180 Days | 15th FC |

**Note :** Updated estimated cost should be considered for earnest Money.

➢ Period of availability of tenders online\date & time bidding on-line\last date of seeking clarification/of opening of tender papers are as give below:

| Sl. No. | Procurement Officer | Place of Opening E Tender | Availability of tender on line for bidding | | Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| | | | From | To | |
| 1. | Executive officer ,Nagar Panchayat Manjhiaon | Office of Executive officer , Nagar Panchayat Manjhiaon | Date-26.05.2025 Time 05:00 P.M | Date- 12.06.2025 Time 5:00 P.M. | Date 14.06.2025 Time 04:00 P.M |

**Note : 1.** Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
4. पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार 10 (दश) प्रतिशत से न्यून निविदाताओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से
(i) 10 से 20% Below की राशि का 20% तथा
(ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू रहेगा।
5. उक्त निविदा https://udhd.jharkhand.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
6. Helpline Number of E-Procurement cell- 7488858091, 8521156090
7. Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department, Gov of Jharkhand (Letter No 120, Date 03.10.2023)

Executive Officer,
Nagar Panchayat Manjhiaon.

PR 353128 (Urban Development)25-26*D

संपादकीय

# सर्वदलीय डेलीगेशन पर बेजा विवाद

पहलगाम हमले और उसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ हुए ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी विदेशों को देने के लिए गठित 7 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में शामिल नामों को लेकर जारी सियासत दुखद है। कांग्रेस का मोदी सरकार पर आरोप है कि उसने जो नाम भेजे थे, उनमें से ज्यादातर को प्रतिनिधिमंडल में शामिल नहीं किया गया, जबकि जिन सांसद शशि थरूर का नाम पार्टी ने भेजा ही नहीं था, उन्हे एक डेलीगेशन का हेड बना दिया। इस पर सरकार का कहना है कि उसने कांग्रेस पार्टी से नाम मांगे ही नहीं थे। इसी तरह शिवसेना उद्धव का आरोप है कि उनसे भी सरकार ने कोई नाम नहीं मांगा। जबकि जो नाम घोषित हुए हैं, उनमें शिवसेना (उद्धव) की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी का नाम शामिल है। वैसे कांग्रेस ने अपने अनुभवी नेता शशि थरूर या मनीष तिवारी का नाम क्यों नहीं भेजा और जो नाम भेजे, उनमे से एक को छोड़ दें तो बाकी में विदेश नीति अर विदेशी प्रतिनिधियो से बात करने का खास माद्दा नजर नहीं आता। जो नाम भेजे गए, उसमे अंतरराष्ट्रीय मामलोंकी समझ से ज्यादा राहुल गांधी और पार्टी के प्रति के वफादारी को ज्यादा तवज्जो दी गई, ऐसा लगता है। जबकि साल भर पहले ही कांग्रेस ने थरूर को विदेश मामलों की स्थायी समिति का अध्यक्ष बनाने की सिफारिश की थी। कांग्रेस का यह भी आरोप है कि सरकार ने डेलीगेशन के लिए जो नाम चुने हैं, उसका मकसद कांग्रेस नेतृत्व को नीचा दिखाना है। लेकिन केन्द्रीय अल्पसंख्यवक कल्याण मंत्री किरेन रिजीजू ने कांग्रेस के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। वैसे भी किसके नाम भेजे और किसके नहीं, यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है। शशि थरूर कई बार पार्टी लाइन से हटकर अपनी राय रखते रहे हैं। उनको एक प्रतिनिधिमंडल का मुखिया बनाना न केवल अंतरराष्ट्रीय मामलों में थरूर की समझ का सम्मान है बल्कि केरल की राजनीति में थरूर की भाजपा से गलबहियों का भी संकेत है। अभी यह कहना मुश्किल है कि थरूर भाजपा में शामिल होंगे या नहीं लेकिन पीएम मोदी से उनकी नजदीकी लगातार बढ़ रही है। दरअसल, केंद्र सरकार ने 59 सदस्यों वाले 7 डेलिगेशन (ग्रुप) की घोषणा की है। इसमें 51 नेता और 8 राजदूत हैं। इसमें एडीए के 31 और 20 दूसरे दलों के हैं, जिसमें 3 कांग्रेस नेता भी हैं। ये डेलिगेशन दुनिया के बड़े देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सदस्य देशों का दौरा करेगा। वहां ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का रुख रखेगा। इसके पूर्व विदेश सचिव विक्रम मिसरी चरणों में इन डेलिगेशन को ब्रीफ करेंगे। ग्रुप 1 की कमान भाजपा सांसद बैजयंत पांडा, ग्रुप 2 की जिम्मेदारी भाजपा के रविशंकर प्रसाद, ग्रुप 3 जेडीयू के संजय कुमार झा, ग्रुप 4 शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे, ग्रुप 5 शशि थरूर, ग्रुप 6 डीएमके सांसद कनिमोझी और ग्रुप 7 की जिम्मेदारी एनसीपी (शरद पवार) सांसद सुप्रिया सुले के हाथ है। हालांकि इस तरह का यह मूव पहली बार नहीं है। पीवी नरसिंहराव सरकार के समय भी कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का पक्ष रखने के लिए तत्कालीन पीएम ने उस समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल भेजा था। 2008 में मुंबई हमले के बाद मनमोहन सरकार ने दस्तावेजों के साथ सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजा था। उसका काफी असर हुआ था। वैसे भारत का सरकार द्वारा पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर की सही जानकारी दुनिया को देने के मकसद की गई इस पहल को विदेश नीति के संदर्भ में मोदी सरकार का स्मार्ट मूव माना जा रहा है। इसका भारत को कितना कूटनीतिक लाभ मिलता है, यह देखने की बात है।

# भारतीय कूटनीति पर उठते सवाल

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय राजनीति एवं कूटनीति पर बहस तेज हो गई है। देश की सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए सतारूढ़ पार्टी एवं विपक्ष सब साथ में आए। सशत्र बल के शौर्य, पराक्रम, उनकी राष्ट्रभक्ति व सेवा के साथ समर्पण से ऑपरेशन सिंदूर पर सभी को गर्व का अनुभव हुआ और सभी ने सैनिकों की खूब प्रशंसा भी की लेकिन देश को दो बातें खूब खटकी कि अचानक से सीजफायर क्यों घोषित हुआ? सीजफायर अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले क्यों अपने ट्विटर हैंडिल से सबसे पहले सार्वजनिक किया, उसके बाद पाकिस्तान और उसके बाद भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इसको अपने ट्विटर हैंडिल से भारतीयों को बताया? संघर्ष विराम के बाद भारतीय राजनीतिक दल, मीडिया एवं प्रबुद्ध वर्ग का एक सवाल यह भी सामने आया कि आखिर कौन सी ऐसी बात है जिसकी वजह से भारत सरकार ने कई दिनों तक राष्ट्रपति ट्रंप के अनाप-सनाप बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी?**

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**

संघर्ष विराम के लिए डीजीएमओ का एक फोन आया और संघर्ष विराम इतना ज़ल्दी कैसे भारत सरकार ने स्वीकार कर लिया और इसे देर रात तक सूचित भी कर दिया? एक सवाल यह भी आया कि आखिर यह सीज फायर कब तक चलने वाला है जबकि दो दिनों तक सीमावर्ती क्षेत्रों में पाकिस्तान की ओर से सैन्य कार्रवाई होती रही। एक बड़ा प्रश्न यह भी रहा कि यदि सभी भारतीय राजनीतिक दल ने नरेंद्र मोदी सरकार और सेना में अपना विश्वास व्यक्त किया तो अकेले डीजीएमओ लेवल का कोई फोन आया और उसे सर्कार मान ली और उसने सभी दलों की एक बैठक करके क्यों इसकी जानकारी व रायसुमारी नहीं की कि पाकिस्तान की ओर से यह प्रस्ताव है इस पर क्या करना चाहिए?

व्यापक सवालों के घेरे में घिर चुकी सरकार की सबसे ज्यादा किरकिरी तब होने लगी है जब देश के विदेश मंत्री ने अति उत्साह में आकर यह कह दिया कि उन्होंने पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई की जानकारी उन्होंने पहले ही पाकिस्तान को दे दी। कूटनीति जानकार इसकी आलोचना कर रहे हैं और अब बातें यहाँ तक पहुँच चुकी हैं कि प्रेक्षक शशि थरूर को विदेश मंत्री के रूप में देखने लगे हैं। वास्तव में, एस. जयशंकर ने 2019 से जब उन्होंने विदेश मंत्री का दायित्व संभाला है, कोई ऐसा मील के पत्थर जैसा कार्य नहीं किया और न ही भारत को कूटनीतिक स्तर पर कोई बड़ी सफलता मिली। ऐसे में सवाल उठाना लाजमी है। पूरा देश ऐसे में सुषमा स्वराज को एक बार पुनः स्मरण कर रहा है क्योंकि उनके जमाने में यदि कोई विदेशों में फंस गया तो वह खुद ट्विटर पर भी साझी की गयी सूचना के आधार पर एक्टिव होकर स्वयं किसी नतीजे पर पहुँचती थीं और पीड़ितों को सहयोग के लिए खुद फोन तक करती थीं।




एस. जयशंकर के समय में यूक्रेन रूस युद्ध समस्या आने पर विद्यार्थियों के सहयोग को निकाल दिया जाए तो कोई महत्वपूर्ण सफलता कभी सुर्ख़ियों में नहीं आई। अब जो यह नया बवाल हुआ है कि सूचनाएं पहले कैसे विदेश मंत्री लीक कर सकते हैं, यह सवाल तो बड़ा है। विदेश मंत्री यह कह सकते हैं कि हम दुश्मनों को बताकर उनके कुकृत्यों का ज़वाब देते हैं लेकिन भारतीय डिप्लोमेसी के जानकार एस. जयशंकर के इस कृत्य को सही नहीं मान रहे हैं और उन्हें दोषी ठहरा रहे हैं।

भारतीय पड़ोसी देशों में भारत का संबंध बहुत अच्छा नहीं है। यह विदेश मंत्री का दायित्व होता है कि अपने पड़ोसियों में मैत्री कैसे स्थापित करे। विदेश मंत्री का यह भी दायित्व है कि वह दुनिया के जियो-पॉलिटिकल चेंजेज को समझे और उसमें देश को मजबूती स्थापित करे। भारत अभी तक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्य बनने की स्थिति को भी एस. जयशंकर के कार्य अवधि में बहुत अच्छी प्रकार से नहीं रख सका है जबकि संयुक्त राष्ट्र के निवर्तमान अध्यक्ष चबा कोरोसी ने भारत की सदस्यता के लिए समर्थन भी किया था। यदि समेकित में देखा जाए तो एस. जयशंकर की कोई बड़ी उपलब्धि सरकार भी गिना पाने की स्थिति में नहीं है यद्यपि वह एक योग्य राजनयिक समझ रखने की क्षमता रखते हैं और विदेश सचिव की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। अब जो उनके ऊपर विपक्ष ने सीधा प्रहार किया है और उन्हें इस्तीफा देने की मांग कर रहा है तो सरकार भी उन पर शक कर सकती है और उनकी क्षमता को कम आंक सकती है। हाल ही में हुए सर्वदलीय संसदीय टीम के गठन जो कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक समर्थन जुटाने के इरादे से गठित की गयी उसमें शशि थरूर के अमेरिकी डेलीगेशन का नेतृत्व की जिम्मेदारी के बाद यह कयास लगा रही है की नरेंद्र मोदी सरकार जब भी रीसफलिंग आने वाले समय में मंत्रिपरिषद की करेगी उसमें शशि थरूर को विदेश मंत्री का दायित्व ऑफर कर सकती है। शशि थरूर इस दैय्त्व को सम्हाल भी सकते हैं क्योंकि उन्हें राष्ट्र की सेवा जो करनी है जिसकी पुष्टि उन्होंने अपने शिष्टमंडल में नेतृत्व के बाद बयान में उन्होंने किया भी है। फिलहाल स्थितियां के करवट लेंगी, यह तो आने वाला समय तय करेगा लेकिन भारत में ऑपरेशन सिंदूर के बाद की राजनीति व कूटनीति निःसंदेह कई ऐसे परिवर्तन की ओर बढ़ रही है जिसमें कुछ भी हो सकता है। उतार-चढ़ाव का यह दौर पहलगाम में आतंकवादी घटना के बाद शुरू हुआ है जो निश्चय ही भारत की गतिशील अर्थव्यवस्था की होड़ को अब पीछे धकेलकर कुछ नए विमर्श के साथ आगे बढ़ने को तैयार है। एस. जयशंकर इसमें पिसते ज़रूर नज़र आ रहे हैं। वैसे नरेंद्र मोदी सरकार में एस. जयशंकर प्रसाद अपनी अच्छी पकड़ रखते हैं। वह ईमानदार हैं। वह अच्छी छवि के हैं। उन पर सरकार और नरेंद्र मोदी का भरोसा भी है लेकिन हालात यदि करवट लेते हैं तो कुछ भी हो जाता है और कोई भी निर्णय सामने अपना अस्तित्व पाने लगते हैं। वैसे नरेंद्र मोदी बहुत एक झटके में एस. जयशंकर को पद से हटायेंगे, ऐसा लगता नहीं है क्योंकि विपक्ष की आलोचना-प्रत्यालोचना से यदि अपने विश्वसनीय को पद से हटाने लगें नरेंद्र मोदी तो विपक्ष तो हर तीसरे दिन एक नाम लेकर खड़ी मिलेगी और सरकार की नाक में दम कर देगी। ऐसे में जो सूझबूझ से भारतीय हित में हो सकता है उसे नरेंद्र मोदी सरकार को करना ही होगा। विश्व में जनमत स्थापित करने के बाद पाकिस्तान यदि अलग-थलग होता है और भारत कूटनीतिक स्तर पर सामरिक महत्व के भी टूल्स को ध्यान में रखकर आगे बढ़ता है तो निश्चय ही भारतीय विदेश नीति एक बार पुनः चमकेगी। एक अच्छी बात यह है की यह वैश्विक स्तर पर भारतीय कूटनीतिक स्थिति को मजबूत करने की जिम्मेदारी एस. जयशंकर की है।

बस उन्हें एहतियात बरतते हुए किसी और गलती से बचना होगा। उन्हें विश्व में जा रहे डेलीगेशन को कई स्तर पर मजबूती से भेजना होगा और उसका प्रचार-प्रसार ज्यादा न करके बल्कि भारत की आंतरिक मजबूती पाने की कोशिश करनी होगी। मीडिया में जितनी कम बातें आयें कूटनीति की इस पर ध्यान देना होगा नहीं तो दिमाग से खिसकी हुई भारतीय मीडिया भारत का बंटाधार कर देगी और उन्हें कई स्तर पर माफ़ी मांगने को या स्पष्टीकरण देने को विवश कर देगी। एस. जयशंकर को कूटनीतिक पेंच में फंसने के लिए षड्यंत्र हैं लेकिन उनकी सूझबूझ उन्हें निकाल सकती है। बस उन्हें अपनी बौद्धिक व साहसिक प्रज्ञा का उपयोग करना है। भारत के लिए भी यही अच्छा है कि वह अपनी लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करे। विदेश नीति के लिए नई सोच विकसित करे। चीन, अमेरिका व टर्की की दुरूह डिप्लोमेसी को समझे। कोई भी सूचना को मीडिया में ज्यादा बहस के लिए न परोसे। यदि ऐसा होगा तो भारत में एस. जयशंकर चाहे मंत्री रहें या कोई दूसरा, उसे इसी प्रकार के षड्यंत्रों का शिकार होना पड़ेगा।

अध्यात्म

## समय का सदुपयोग हमारे जीवन को संवार सकता है

रोहन और सोहन, दोनों ही अच्छे दोस्त थे लेकिन उनके समय को देखने का नजरिया बिलकुल अलग था। रोहन हमेशा समय की कद्र करता था। वह अपने सभी काम समय पर करता और हमेशा योजना बनाकर चलता था। दूसरी ओर, सोहन था जो अक्सर समय को व्यर्थ में गवां देता और हमेशा चीजों को आखिरी समय तक छोड़ देता था।

एक दिन, उनके गांव में एक बहुत बड़ा मेला लगा। दोनों ने मेले में जाने का निश्चय किया। रोहन ने अपने सभी काम एक दिन पहले ही खत्म कर लिए ताकि वह मेले का पूरा आनंद उठा सके। सोहन ने भी वादा किया कि वह समय पर आएगा।

मेले के दिन, रोहन सुबह जल्दी उठ गया, तैयार होकर मेले के लिए निकल पड़ा। सोहन ने अपनी आदत के अनुसार, आखिरी समय तक सोना जारी रखा और जब वह मेले के लिए निकला, तो काफी देर हो चुकी थी।

मेले में, रोहन ने हर खेल का आनंद लिया, हर स्टॉल को देखा और बहुत सारी मिठाइयां और खिलौने खरीदे। जब सोहन मेले में पहुंचा, तो उसने देखा कि अधिकतर स्टॉल बंद हो चुके थे और खेलों का समय भी खत्म हो गया था। वह बहुत निराश हुआ और उसे अपने समय की बर्बादी का एहसास हुआ।

इस घटना के बाद, सोहन ने रोहन से समय के महत्व को समझने में मदद मांगी। रोहन ने उसे समझाया कि समय एक बार चला जाए तो वापस नहीं आता। उसे यह भी समझ आया कि समय की सही योजना और प्रबंधन से वह अपने जीवन में बहुत कुछ हासिल कर सकता है। सोहन ने इसे अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण सबक माना और वादा किया कि वह भविष्य में समय की कद्र करेगा। उसने योजना बनाना और अपने समय का सही उपयोग करना शुरू कर दिया।

हमें यह समझना चाहिए कि समय बहुत कीमती है और हमें हर समय का सही उपयोग करना चाहिए। चाहे वह पढ़ाई हो, खेल हो या फिर कोई अन्य काम, समय की सही योजना और प्रबंधन से हम अपने जीवन को और भी बेहतर बना सकते हैं। चलिए, हम सभी समय की कद्र करें और इसे बुद्धिमानी से उपयोग करें। समय का सदुपयोग हमारे जीवन को संवार सकता है।

# गर्भवती महिलाओं की जांच बनी चुनौती

**राजस्थान सहित देश भर में हीट वेव का प्रकोप शुरू हो गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से तेज गर्मी और हीट वेव को देखते हुए एडवाइजरी जारी की गई है। वहीं डॉक्टरों का कहना है कि हीट वेव का सबसे अधिक प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर पड़ सकता है। हीट वेव पानी की कमी, थकावट और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं का कारण बन सकती है, जिससे समय से पहले जन्म, कम वजन का बच्चा और भ्रूण विकास में समस्याएं हो सकती हैं। हीट वेव के कारण पानी की कमी से प्लेसेंटा में रक्त प्रवाह कम हो सकता है। इससे भ्रूण को आवश्यक पोषक तत्व और ऑक्सीजन नहीं मिल पाते हैं। यह समय से पहले प्रसव और कम वजन के बच्चे का खतरा बढ़ जाता है। एक अनुमान के मुताबिक, साल 2009 से 2022 के बीच हीट वेव के चलते देश में 6,751 लोगों की मौत हुई थी। वहीं एनडीएमए के मुताबिक, यह आंकड़ा 11,000 से अधिक है। इससे हीट वेव की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है।**


**अमित बैजनाथ गर्ग**

अब बात करते हैं राजस्थान की। यहां हीट वेव देश में सबसे अधिक प्रकोप दिखाता है। गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी से पहले लगातार जांच के लिए अस्पताल ले जाने का काम आंगनबाड़ी की आशा कार्यकर्ताओं के जिम्मे होता है। उन्हें अपना काम करने में काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ता है, क्योंकि गर्भवती महिलाएं गर्भधारण के शुरुआती महीनों में जांच कराने के लिए अस्पताल जाने में आनाकानी करती हैं। गर्मी में उन्हें यह काम झंझट का लगता है। आशा वर्कर्स बताती हैं कि 12 सप्ताह से पहले जांच कराने में गर्भवती महिलाओं से ज्यादा उनकी सास और परिवार के सदस्य आनाकानी करती हैं। उन्हें लगता है कि बहू को इतनी गर्मी में अस्पताल ले जाने में दिक्कत बहुत है। आशा वर्कर्स जैसे-तैसे गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले भी आती हैं, तो डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को उन्हें हीट वेव से बचाव के लिए अधिक समझाना पड़ता है। इसके साथ ही उनके परिवार की भी काउंसलिंग करनी पड़ रही है।

आशा वर्कर रेखा जोशी का कहना है कि गर्मियों में आठ सप्ताह तक तो अधिकतर गर्भवती महिलाएं अपनी स्थिति के बारे में बताती ही नहीं हैं। उन्हें गर्मियों में चेकअप कराना एक मुसीबत जैसा लगता है। उनको लगता है कि कौन गर्मी में बाहर निकलेगा और अस्पताल के चक्कर लगाएगा। हम बड़ी दिक्कतों से उन्हें अस्पताल लेकर आते हैं। उनके पति और सास को बहुत समझाना पड़ता है, तब जाकर वे अस्पताल आने के लिए तैयार होती हैं।

इसी तरह आशा वर्कर ज्ञानबती शर्मा का कहना है कि हीट वेव के दौरान गर्भवती महिलाओं को सबसे अधिक गर्मी लगती है। उन्हें इससे बचाना हमारी पहली प्राथमिकता होती है। प्रत्येक महीने में उनकी चार बार जांच होती है। गर्मियों में उनमें हीमोग्लोबिन कम होता है और आयरन तथा कैल्शियम की कमी होती है, जिसके लिए जांच कराना और दवाएं दिलवाना हमारे जिम्मे होता है। ज्ञानबती कहती हैं कि हीट वेव से गर्भवती महिलाओं को बचाने के लिए हम खीरा, तरबूज, खरबूजे जैसी ठंडी चीजें खाने की सलाह देते हैं। इसके साथ ही जूस, नारियल पानी और छाछ पीने की कहने पर भी हमारा जोर होता है। उनका कहना है कि हीट वेव के दौरान गर्भवती महिलाओं को अस्पताल लाना और उनकी जांच एवं टीकाकरण कराना बहुत कठिन काम है। गर्भवती महिलाओं की लगातार जांच व टीकाकरण के लिए उनके परिवार को समझाना भी बहुत मुश्किल काम होता है।

बस्सी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्मी के मौसम में कुछ दिन पहले बच्ची को जन्म देने वाली दौसा के लवाण की निवासी 23 वर्षीय मोनू कुमारी सैनी का कहना है कि यह मेरा पहला बच्चा है। गर्मी के दौरान मुझ चक्कर आने, पानी की कमी और कमजोरी जैसे लक्षण महसूस हुए।



बच्ची को जन्म देने के बाद अब सब कुछ ठीक है। अस्पताल में स्टाफ ने पूरा ध्यान रखा। वहीं बस्सी के नयागांव की 21 वर्षीय धोली मीणा ने हाल ही में अपने दूसरे बच्चे को जन्म दिया है। उसका पहला बच्चा 12 महीने का है। उनका कहना है कि गर्मी के मौसम में यात्रा करने में बहुत दिक्कत होती है। बार-बार प्यास लगती है। बच्चे को जन्म देने से पहले मुझे कमजोरी और चक्कर आने जैसे लक्षण दिखाई दे रहे थे। अस्पताल में भर्ती होने और बच्चा होने के बाद अब मैं बिल्कुल स्वस्थ महसूस कर रही हूं। अब कोई दिक्कत नहीं है।

मेडिकल इंचार्ज डॉ. विजेंद्र सिंह मीणा का कहना है कि हीट वेव से निपटने के लिए हम मेडिकल स्टाफ को ट्रेनिंग दे रहे हैं, उन्हें जरूरी एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। हीट वेव में अधिक प्यास लगना, सिर दर्द और चक्कर आना, त्वचा का सूखना, शरीर का तापमान अधिक होना, जी मिचलाना व बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। हीट वेव का सबसे अधिक असर कुपोषित बच्चों, बुजुर्गों एवं गर्भवती महिलाओं पर होता है। हमने सभी वार्डों में कूलर, पंखे, ठंडा पानी, ओआरएस व आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की कोशिश की है। स्टाफ को सतर्क रहने को कहा गया है। हीट वेव से पीड़ित रोगी के तुरंत इलाज करने के भी निर्देश दिए गए हैं। हम गर्भवती महिलाओं को तेज धूप में जाने से बचने और कोई भी लक्षण महसूस होने पर तुरंत अस्पताल आने की सलाह दे रहे हैं। वहीं एक्सपर्ट का कहना है कि गर्भावस्था के दौरान हीट वेव के संपर्क में आने से गर्भवती महिलाओं में कई जोखिम उत्पन्न होने की संभावना होती है। इनमें उच्च रक्तचाप, दौरे के साथ उच्च रक्तचाप (एक्लेमप्सिया), गर्भाशय से रक्तस्राव तथा गर्भाशय ग्रीवा का बहुत जल्दी खुल जाना, जिससे समय से पूर्व बच्चे के जन्म का जोखिम बढ़ जाता है। हीट वेव से उच्च रक्तचाप का खतरा बढ़ सकता है, जो गर्भावस्था के लिए एक जटिलता है। हीट वेव के कारण गर्भाशय में रक्त प्रवाह कम हो सकता है, जिससे गर्भपात का खतरा बढ़ सकता है। वहीं अत्यधिक गर्मी के संपर्क में लंबे समय तक रहने से गर्भवती महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है, जिससे चिड़चिड़ापन, चिंता और अवसाद बढ़ सकता है।

एक्सपर्ट गर्भवती महिलाओं को हीट वेव से बचने के लिए कुछ सुझाव देते हैं। इसमें शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। अपने घर को ठंडा रखें और गर्मी के दौरान अनावश्यक बाहर निकलने से बचें। ढीले और हल्के रंग के कपड़े पहनें। ऐसे कपड़े गर्मी को कम अवशोषित करते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। जब तक आवश्यक न हो, धूप के संपर्क में आने से बचें। गर्मी से संबंधित बीमारियों के लक्षणों के प्रति सचेत रहें। ऐसे कोई भी लक्षण महसूस हों तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें। एक्सपर्ट हीट वेव के खिलाफ महिलाओं के शरीर को मजबूत बनाने के लिए योग, व्यायाम और पौष्टिक आहार की भी वकालत करते हैं। वहीं जलवायु परिवर्तन के चलते लगातार बढ़ रही हीट वेव से बचाव के लिए सभी सरकारों को समाधान के अधिक प्रयास करने की जरूरत पर भी जोर देते हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
अपनी मानसिक स्थिति सकारात्मक बनाकर रखें। लोग आपकी आदतों की आलोचना कर सकते हैं। पुराने सम्बन्धों का लाभ आपको मिल सकता है।

**वृषभ**
आज आपको अचानक कुछ अवरोधों का सामना करना पड़ेगा। मधुमेह के रोगियों को दवाओं के प्रयोग में लापरवाही नहीं करनी चाहिये।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में लोग आपका काफी सहयोग करेंगे। रिटेल कारोबारियों की आय बढ़ सकती है। पहले की गयी मेहनत से आपको लाभ मिलेगा।

**कर्क**
किसी रिश्तेदार की आपको सहायता करनी पड़ सकती है। इससे आपका मन अत्यन्त प्रसन्न रहेगा। सहकर्मियों के सहयोग से आपके कार्य शीघ्र पूरे हो जायेंगे।

**सिंह**
घर के बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिये दिन अच्छा है। दोस्तों के व्यवहार के कारण मूड खराब हो सकता है।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में आपको अपने वर्चस्व की चिन्ता रहेगी। अपने खर्चों को सीमित और सन्तुलित रखें। राजनीतिक विषयों में आपकी रूचि बढ़ेगी।

**तुला**
पारिवारिक जीवन में सुख-सन्तोष का भाव बढ़ेगा। अधिकारी वर्ग आपके ऊपर काफी निर्भर रहने वाला है। प्रभावशाली लोगों से सम्बन्ध मजबूत होंगे।

**वृश्चिक**
आज कुछ निजी समस्याओं के कारण मन विचलित रह सकता है। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर काफी सक्रिय रहने वाले हैं।

**धनु**
आज आप अपनी गलतियों को दूर करने के लिये प्रयासरत हो सकते हैं।नया मकान खरीदने का विचार बना सकते हैं। रियल एस्टेट व्यापारियों को बड़ा लाभ हो सकता है।

**मकर**
घर के कार्यों में आपका मन नहीं लगेगा। नशे का सेवन बिल्कुल भी न करें। शेयर मार्केट में बड़ा पैसा निवेश करने से आपको बचना चाहिये। कार्यक्षेत्र में आपका अपमान हो सकता है।

**कुंभ**
नयी नौकरी खोज रहे हैं तो सफलता मिलने की पूरी सम्भावना है। आज अटके मामलों को धीरे-धीरे सुलझा लेंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

**मीन**
अपने शारीरिक सौन्दर्य और फिटनेस को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। इसके कारण आपके कई छूटे हुये कार्य पूरा होने की आशंका बन रही है।

# विशेष शिविर में दी गई योजनाओं की जानकारी

## शिविर में प्राप्त किये गये ग्रामीणों के आवेदन, पेंशन के पांच आवेदनों का निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के मनीछपरा गांव स्थित सामुदायिक भवन में डा अंबेदकर समग्र अभियान अनुसूचित जाति-जन जाति टोला में विशेष विकास शिविर सरकार आपके द्वार का आयोजन बुधवार को हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य दलित, वंचित और समाज के निचले स्तर पर जीवन जीने वाले समुदाय को विशेष शिविर के माध्यम से त्वरित कार्रवाई करते हुए उन वंचित समाज को आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके। शिविर में जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, आवास, कृषि योजनाओं की जानकारी, किसान रजिस्ट्रेशन, यंत्रीकरण, बीज, मिट्टी जांच से संबंधित जानकारी किसान सलाहकार के द्वारा दी गई। वही चिकित्सा, शिक्षा, रोजगार, संस्कृति, जीविका, आईसीडीएस, बिजली से संबंधित जानकारी भी दी गई। कुशल युवा कार्यक्रम योजना, पेंशन, नल जल, जॉब कार्ड, शौचालय, जमीन संबधी पर्चा, आंगनबाड़ी केंद्र, आधार कार्ड, औपचारिक शिक्षा हेतु विद्यालय में नामांकन समेत अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी बीडीओ दीपिका खगड ने दी। शिविर में उपस्थित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी अपने विभागों से संबंधित उपस्थित ग्रामीणो से आवेदन पत्र प्राप्त किये। जहां सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए 05 आवेदन का निष्पादन किया गया। मनीछपरा के मंजू देवी व शांति देवी को लक्ष्मीबाई पेंशन, मनोज कुमार को दिव्याग पेंशन, लगनव्रती देवी को मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन बना। यशवंत कुमार, संध्या कुमारी का जन्म प्रमाणपत्र जारी किया गया और 8 आवेदन जन्म प्रमाण-पत्र, शौचालय के लिए 15 आवेदन, किसान रजिस्ट्रेशन के लिए 15 किसान आवेदन पत्र मिला। प्रमाण पत्र व पेंशन समेत बीडीओ द्वारा

## जीविका ने आयोजित किया महिला संवाद कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** प्रखंड के 2 जीविका महिला ग्राम संगठन में मंगलवार को महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। पहला कार्यक्रम संघर्ष जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा नौला पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर जीविका के क्षेत्रीय समन्वयक सूर्येश कुमार ने प्रकाश डाला। मौके पर मुख्यमंत्री के संदेश को पढ़ कर सुनाया गया। इस अवसर पर राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से महिलाओं के जीवन में आए बदलावों को फिल्मों के माध्यम से दिखाया गया। राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ महिलाएं कैसे ले सकती हैं इस पर केंद्रित लीफलेट का वितरण भी मौके पर किया गया। वहीं सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले चुकी लाभार्थियों ने अपने-अपने अनुभवों को साझा किया। लाभार्थियों ने बताया कि राज्य सरकार की योजनाओं के कारण वे सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। संवाद के दौरान महिलाओं ने अपनी अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं को रेखांकित किया। वहीं दूसरा कार्यक्रम हिमालय जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा डीहपर पंचायत में आयोजित किया गया। मौके पर महिलाओं ने विभिन्न फिल्मों एवं आईईसी के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जाना। कार्यक्रम का मंच संचालन क्षेत्रीय समन्वयक सूर्येश कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन सामुदायिक समन्वयक रंजीत कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर बुककीपर कंचन कुमारी और लंकेश कुमार, सीएम बिंदु देवी और पिंकी देवी सहित सैकड़ो महिलाएं और कुछ पुरूष उपस्थित थे।

वितरण किया गया। मौके पर उमेश कुमार सुमन, अमित कुमार, नलिनीकांत त्रिपाठी, राणा शक्ति, दिलीप कुमार, ऋषि कुमारी, कृष्ण कांत त्रिपाठी, योगेन्द्र कुमार सहित अन्य थे।

## एक नजर

### बिजली आपूर्ति रहेगी बहाल

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सचरण अवर प्रमंडल के सहायक कार्यपालक अभियंता जावेद अनवर ने बताया कि वर्तमान में बढते हुए तापमान को ध्यान में रखते हुए आम जनमानस को होने वाली कठिनाई के वजह से विद्युत विभाग मुख्यालय पटना के द्वारा विचारोपरांत 22 मई को प्रस्तावित शटडाउन को अगले आदेश तक स्थगित किया गया है। ग्रिड उपेंद्र बेगूसराय से निर्बाध विद्युत आपूर्ति बहाल रहेगी।

### बिजली बोर्ड ने की छापेमारी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विद्युत ऊर्जा चोरी रोकथाम हेतु विभागीय पदाधिकारी व कर्मियों द्वारा विभिन्न गांवों में छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में तीन लोगों द्वारा अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। इनके विरुद्ध थाने में भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। जेई नीरज कुमार ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में डफरपुर के कन्हैया कुमार के आवासीय परिसर में छापामारी की गई। इस छापामारी के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा उपयोग किया जा रहा था। इससे नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड को 35418 रुपए राजस्व की क्षति हुई है। वही वृंदावन के रामेश्वर सिंह के आवासीय परिसर में सर्विस तार के पहले अलग से तार जोड़ कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। इससे 20757 रूपए राजस्व क्षति का आकलन किया गया।नावकोठी के सत्य देव सहनी के आवासीय परिसर में छापामारी में अवैध रूप से बिजली चोरी में 64,894 रुपए राजस्व की क्षति हुई है। छापामारी दल में जे ई नीरज कुमार के अलावे कार्यपालक सहायक प्रवीण कुमार, मानव बल अमित कुमार सहनी, धीरज कुमार आदि शामिल थे।

### विशेष शिविर का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड की चार पंचायतों में अनुसूचित जाति व जनजाति के समग्र विकास एवं उत्थान हेतु भी समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। इसमें रजाकपुर, डफरपुर, हसनपुर बागर तथा विष्णु पुर पंचायत हैं। बीडीओ चिरंजीव पाण्डेय ने बताया कि रजाकपुर पंचायत के चक्का सामुदायिक भवन, डफरपुर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय इनैया, हसनपुर बागर के प्राथमिक विद्यालय अनुसूचित बागर तथा विष्णुपुर के अदुला देवी घर के सामने मैदान में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसके पूर्व ही विभिन्न 22विभागों में समस्याओं व समाधान के लिए प्रशासनिक कसरत आरंभ थी। फिर भी सरकारी दिशा निर्देश के आलोक में अनुसूचित जाति मुहल्ले में शिविर आयोजित की गयी। बीडीओ चिरंजीव पाण्डेय ने बताया कि कैंप के पूर्व प्राप्त आवेदन 315 स्वीकृत 5, कैंप की तिथि में प्राप्त आवेदन 5 स्वीकृत 5 लंबित 320 हैं।

### भाकपा अंचल परिषद की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हसनपुर बागर पंचायत में भाकपा अंचल परिषद की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता आनंद मोहन प्रसाद सिंह ने की। अंचल प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने कहा कि संपूर्ण देश पर आतंकवाद का खतरा मंडरा रहा है। कश्मीर के पहलगाम में 26 पर्यटक की नृशंस हत्या से संपूर्ण राष्ट्र मर्माहत है। इस आतंकी हमले का मुखालफत करते हैं। मारे गए पर्यटक के शोकाकुल स्वजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त किया।

## सात सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता


**नावकोठी।** प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों पर तैनात आशा कार्यकर्ता सात सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चली गई। बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ एक्टू के निर्णयानुसार यह हड़ताल आहुत किया गया। आशा कार्यकर्ताओं के हड़ताल से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत लगने वाला शिविर फेल हो गया। एक भी गर्भवती महिला शिविर में स्वास्थ्य जांच के लिए नहीं आई। ओपीडी भी ठप रहा। आशा कार्यकर्ता पीएचसी के मेनडेट पर जमा होकर सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में 32 दिवसीय हड़ताल के क्रम में आशा कार्यकर्ता, फेसिलेटर के मासिक मानदेय राशि 1000 से बढाकर 2500 रुपये करने का निर्णय लिया गया। दो वर्ष बीत जाने के बाद भी राज्य सरकार इसे लागू करने में आनाकानी कर रही है। विभिन्न कार्यो के लिए वर्षो पूर्व तय राशि में केन्द्र सरकार के द्वारा 10 वर्षों से कोई पुनरीक्षण नहीं किया गया। पिछला सारा बकाया का भुगतान करने हेतु पोर्टल व्यवस्था में सुधार करने, रिटायरमेंट की आयु 65 वर्ष तथा 10 लाख रुपए, अनिवार्य मासिक पेंशन की सुविधा, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर से जुड़ी आशाओं को देय राशि का भुगतान पोर्टल के माध्यम से करने आदि शामिल हैं। इसमें कविता देवी, सुमित्रा देवी, लक्ष्मी देवी, रुक्मिणी देवी, अंजु कुमारी, मुनचुन कुमारी, रंजू कुमारी, वंदना कुमारी, वसंती कुमारी, पूनम कुमारी, रीता कुमारी, राधा कुमारी, आशा मिश्रा, मुन्नी कुमारी आदि शामिल थे।

## अस्पताल में ईसीजी जांच की सुविधा शुरू

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडलीय अस्पताल में अब ईसीजी जांच की सुविधा शुरू हो गई है। उपाधीक्षक डॉ. राघवेंद्र किशोर, प्रबंधक कृष्ण कुमार सिंह, धनंजय रेड्डी, सूरी सुधा, मोनिका गुप्ता आदि के मौजूदगी में ईसीजी टेक्नीशियन रविश कुमार ने मरीज का ईसीजी जांच कर शुभारंभ किया। अस्पताल उपाधीक्षक व प्रबंधक ने बताया कि अस्पताल में ईसीजी जांच की सुविधा नहीं होने से आने वाले मरीजों को काफी परेशानी होती थी। अब सरकार के पहल पर अस्पताल में ईसीजी जांच की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध हो गई है। जिससे मरीजों व उनके परिजनों को सहूलियत होगी। जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल में अल्ट्रासाउंड व ईसीजी जांच की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर लगातार मांग होती रही है।

## महिलाओं को सशक्त बनाने में सहयोग कर रहा महिला चौपाल एक साझा मंच : सोनाली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** समाजसेवी सोनाली सिंह ने महिलाओं को सशक्त बनाने व आवाज बुलंद करने के उदेश्य से बड़हरा प्रखंड के गंगापार खवासपुर पंचायत में महिला चौपाल का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाओं ने भाग लिया और अपने अनुभवों, विचारों व समस्याओं को खुलकर साझा की है। चौपाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता जैसे अहम मुद्दों पर महिलाओं ने गंभीर चर्चा की और कई उपयोगी सुझाव भी दिए। इस कार्यक्रम में यह स्पष्ट रूप से देखने को मिला जहां ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अब समाज और विकास के मुद्दों को लेकर पहले से कहीं अधिक जागरूक और सक्रिय हो रही हैं। सोनाली सिंह ने कहा कि महिला चौपाल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को एक साझा मंच प्रदान करना था जहां वे बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी बात रख सकें और समुदाय के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। स्थानीय नेतृत्व और समाजसेवियों की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम को क्षेत्रवासियों ने भी सराहा है। यह चौपाल निश्चित रूप से नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक और प्रभावी पहल के रूप में देखा जा रहा है। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को जारी रखने की बात कही है, ताकि महिलाओं को निरंतर सशक्त किया जा सके। मौके पर रवि यादव, रविन्द्र यादव, छोटू साह, विकास ठाकुर, प्रद्युम्न यादव, प्रभुनाथ साह, हरेंद्र बिंद, गुड्डू यादव, गांगुली कुमार, शक्ति कुमार, हरेंद्र यादव, जनार्दन यादव, मनीष यादव, छोटू साह, चंदगोविंद यादव, मिक्की सिंह, राम प्रसाद समेत अन्य मौजूद थे।

## सेविकाओं को दी गई ट्रेनिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मंसूरचक।** मंसूरचक प्रखंड में बच्चों के सर्वांगीण विकास और आंगनवाड़ी सेविकाओं के कौशल को निखारने के उद्देश्य से चलाये जा रहे तीन दिवसीय महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम 'पोषण भी, पढ़ाई भी' बुधवार को समाप्त हो गया। प्लस टू परियोजना बालिका विद्यालय मंसूरचक में आयोजित इस प्रशिक्षण में कुल 91 सेविकाओं ने भाग लिया। प्रखंड समन्वयक रौशन कुमार, महिला पर्यवेक्षिका दिव्य ज्योति सिंह और कुमकुम कुमारी ने सेविकाओं को प्रशिक्षित किया। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मो. महताब ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता को बढ़ाना है, ताकि वे बच्चों के पोषण और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाओं को और भी अधिक प्रभावी ढंग से प्रदान कर सकें। गहन प्रशिक्षण ज्ञान और कौशल का संगम इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण का प्राथमिक लक्ष्य सेविकाओं को बच्चों के पोषण और शिक्षा के महत्व के बारे में गहन जानकारी और आवश्यक कौशल प्रदान करना था। पिरामल के दीपक मिश्रा ने बताया कि सेविकाओं को बच्चों के स्वस्थ शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक पोषण संबंधी जानकारी के साथ-साथ प्रारंभिक शिक्षा की नवीनतम तकनीकों और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से भी अवगत कराया गया। उम्मीद है कि यह पहल आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और लाभार्थियों दोनों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगी, जिससे मंसूरचक में बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाया जा सके। इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान और कौशल निश्चित रूप से प्रखंड में बाल स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। प्रशिक्षण के समापन पर सेविकाओं ने प्रमाण पत्र भी प्राप्त किए और उनके बीच पुरस्कार का वितरण भी हुआ।

## प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीएम संजीत कुमार व 198 शाहपुर विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह डीसीएलआर अमरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान दोनों विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची में अब तक के निर्वाचकों की संख्या, महीने भर में जोड़े और विलोपित मतदाताओं का नाम आदि कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में अवर निर्वाचन पदाधिकारी तौकीर किब्रिया, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बीहट में बच्चे सीखेंगे राष्ट्रीय खेल हॉकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** ट्रायल सेशन के लिए बालक बालिकाओं की टीम अगले 15 दिनों तक सघन प्रशिक्षण प्राप्त करेगी। राजकीयकृत मध्य विद्यालय बीहट के प्रांगण में मंगलवार को राष्ट्रीय खेल हॉकी के प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया गया। खेल पदाधिकारी ऐश्वर्य कश्यप ने बच्चों और शिक्षकों के बीच किट से हॉकी स्टिक निकाल सभी बच्चों के बीच वितरित कर विधिवत इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह न केवल मध्य विद्यालय बीहट के लिए गौरव की बात है, बल्कि यह मध्य विद्यालय बीहट को बिहार के उन गिने-चुने 5 प्रारंभिक विद्यालयों में शामिल होने का प्रमाण है जहाँ कुल 17 विधाओं में चल रहे खेल अभ्यास के साथ अब बच्चे हॉकी के हुनर सीख सकें इसके लिए विधिवत प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। यह विद्यालय अब प्रशिक्षित ट्रेनर्स के मार्गदर्शन में हॉकी प्रशिक्षण प्रदान करने वाला जिला का पहला मध्य विद्यालय बन गया है। 15 दिवसीय ट्रायल सेशन में 15 बालकों और 15 बालिकाओं की एक टीम प्रशिक्षक सैयद मेराजुल इस्लाम के साथ गहन प्रशिक्षण प्राप्त करेगी। यह प्रशिक्षण निश्चित रूप से इन नवोदित खिलाड़ियों के कौशल को निखारने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उद्घाटन सत्र में हॉकी एसोसियेशन बेगूसराय की ओर से प्रतिनिधि बाबुल कुमार और बैडमिंटन संघ बेगूसराय के जिला सचिव व मध्य विद्यालय बीहट के अतिथि खेल प्रशिक्षक विकास कुमार की विशेष उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंजन कुमार ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा से ही छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और हकी प्रशिक्षण की पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। करिक्यूलम एक्टिविटीज की को-ऑर्डिनेटर अनुपमा सिंह की निरंतर प्रयत्नों से प्राप्त आर्थिक अनुदान के कारण ही ये संभव हो पाया। अनुपमा सिंह बताती हैं कि सारे बच्चों को विद्यालय में उनकी मानसिक और शारीरिक क्षमता के साथ साथ उसकी अभिरुचि एवं दिलचस्पी के अनुसार जब अवसर मिलते हैं तो वो कमाल की उपलब्धि हासिल करते हैं। जिला खेल पदाधिकारी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें विश्वास है कि यहां के बच्चे अगले वर्ष से हकी के रैंकिंग और मैडल लिस्ट में भी अपनी जगह बना लेंगे।

## प्रथम स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**फारबिसगंज (अररिया)।** रुंगटा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट फारबिसगंज द्वारा अपने प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जो सीमांचल के शैक्षिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें मुख्य अतिथि स्वामी महेश्वरानंद जी महाराज, संस्थान के निदेशक मंडल एवं विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत 'शुभ स्वागत नृत्य' प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित अतिथियों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही एमडीएमएस के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें 'जीते हैं चल' और 'ये ज़मीं रुक जाए' जैसे प्रेरणादायक गीतों पर भावनात्मक एवं प्रभावशाली नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर आयोजित 'प्रतिभा सम्मान' समारोह में अररिया सहित सीमांचल क्षेत्र के सीबीएसई एवं बिहार बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, उपहार एवं छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि, रामकृष्ण मिशन, कटिहार के सचिव स्वामी महेश्वरानंद जी महाराज ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहाः 'शिक्षा केवल जानकारी प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविकास और समाज निर्माण की आधारशिला है।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अजीताभ, प्राचार्य डॉ. रशीद हुसैन, मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के निदेशक डॉ. संजय प्रधान एवं प्राचार्य डॉ. पाराशर त्यागी उपस्थित रहे। इन्होंने संस्थान की आगामी योजनाओं, छात्रवृत्ति कार्यक्रमों एवं आधुनिक बुनियादी संरचना के विकास पर विस्तृत प्रकाश डाला। अन्य सम्मानित अतिथियों में ली एकेडमी, फारबिसगंज की प्राचार्या नगमा रूही, वाहिद अंसारी एवं राशिद जुनैद भी शामिल रहे। उन्होंने संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहाः यह संस्थान सीमांचल के विद्यार्थियों के लिए एक नई दिशा एवं बेहतर भविष्य की संभावना प्रस्तुत करता है। संस्थान के चेयरमैन महाबीर प्रसाद रुंगटा ने अपने लिखित संदेश में कहाः कि इस संस्थान का उद्देश्य सीमांचल के होनहार किंतु आर्थिक रूप से सीमित छात्रों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करना है। विशेष छात्रवृत्तियों के माध्यम से उन्हें आगे बढ़ने का अवसर उपलब्ध कराया जाएगा।

यह विस्तार सीमांचल के विद्यार्थियों को उनकी रुचि एवं आवश्यकता के अनुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। वर्तमान में संस्थान में स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक कंप्यूटर लैब, डिजिटाइज्ड पुस्तकालय एवं इंजीनियरिंग वर्कशॉप्स के निर्माण का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है।

सभी ने संस्थान की इस पहल की मुक्त कंठ से सराहना की।

## नाबालिग से दुष्कर्म

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** परिहारा थाना क्षेत्र में 60 वर्षीय व्यक्ति द्वारा नाबालिग छात्रा के साथ मुंह काला करने की बात सामने आई है। इसको लेकर पीड़ित छात्रा ने थाने को आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। आवेदन में युवती ने कहा है कि घटना की रात करीब 11 बजे वह शादी समारोह से घर लौटी थी। शौच के लिए घर से बाहर निकली थी कि उसी समय परिहारा टोला मलकुआ निवासी बालो महतो उर्फ बालेश्वर महतो ने पास के बांसबिट्टा में ले जाकर जबरन दुष्कर्म करने लगा। इसका उसने पुरजोर विरोध किया और शोर मचाया। लेकिन डीजे की तेज आवाज के कारण कोई उसकी मदद को नहीं पहुंचा। घटना को अंजाम देने के बाद दुष्कर्मी ने उसे धमकाया कि अगर यह बात किसी से कहोगी तो जान से मार देंगे। साथ ही उसने कहीं शादी नहीं करने और पढ़ाई लिखाई का सारा खर्च उठाने का प्रलोभन भी दिया। छात्रा द्वारा आवेदन में कहा गया है कि जान मार देने के भय तथा लोक लाज के कारण वह चुप रही और आज थाना को आवेदन दे रही है। युवती ने आवेदन में कहा है कि वह गरीब परिवार से है। उसके पिता नहीं हैं और मां मंद मानसिक रोगी है। इसलिए उसने दुष्कर्मी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा अपनी जान की रक्षा की गुहार पुलिस से लगाई है।

## वनस्पति की खोज में निकले आयुर्वेदिक शिक्षक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** राजकीय अयोध्या शिव कुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय सह चिकित्सालय बेगूसराय के छात्रों का 21 सदस्यीय दल तीन प्राध्यापकों के नेतृत्व में दार्जिलिंग, गुवाहाटी, शिलांग, चेरापूंजी में पहाड़ों पर उगने वाली वनस्पतियों की पहचान एवं खोज के लिए 10 दिनों के शैक्षणिक भ्रमण पर आज रवाना हुआ। बुधवार को 21 सदस्य छात्रों के दल एवं तीन प्राध्यापकों को प्राचार्य डक्टर श्रीनिवास त्रिपाठी ने अपनी शुभकामनाएं देकर रवाना किया। दाल का नेतृत्व अगदतंत्र विभाग की विभागाध्यक्ष डा. इंदु कुमारी करेंगी। उनके साथ सह प्राध्यापक डा. रमण रंजन एवं सहायक प्राध्यापक डा. सत्येंद्र कुमार सिंह शामिल हैं। डा. इंदु कुमारी, डा. रमन रंजन एवं, डक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि औषधीय जड़ी बूटियों के पहचान के लिए और दुर्लभ औषधीय पौधे जो मात्र ठंडे प्रदेशों में पहाड़ों पर ही उगती हैं उनके पहचान और खोज के लिए हम 21 छात्रों को साथ में ले जा रहे हैं। जो दार्जिलिंग, शिलांग एवं चेरापूंजी की पहाड़ियों पर घूम कर दुर्लभ जड़ी बूटी की पहचान करेंगे एवं उन्हें कलेक्ट करेंगे। इन छात्रों में अमित कुमार, नंदन कुमार ,धनंजय कुमार, वैज कामरान, मोहम्मद जसीम आजाद, आयुष सिंह, अंजली कुमारी, युक्ता सिंह, सीमा कुमारी, सतीश गुप्ता, सचिन कुमार, शाहिदा परवीन, मधु कुमारी, अभिज्ञान रंजन, अमर गुप्ता, प्रकाश कुमार, सुरभि, अमन राज, प्राची प्रिया, शाहिद शमशाद आदि शामिल है। इन छात्रों को उपाधीक्षक डक्टर दिलीप कुमार वर्मा ,पूर्ववर्ती छात्र समिति के अध्यक्ष डा. लाल कौशल कुमार द्रब्यागुन विभाग प्रभारी ड राम नंदन साहनी, डा. किश्वर सुल्ताना, डा. रामसागर दास, डा. अखिलेश जायसवाल डा. प्रदीप कुमार वर्मा डा. माधुरी कुमारी आदि ने हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

## भोजपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने झुमाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा।** प्रखंड के एकवना गांव में भोजपुरी कलाकारों का सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। भोजपुरी के जाने-माने गीतकार एवं कहानीकार कुमार अजय सिंह ने अपने गांव सुंदरकांड का पाठ कराया था। जिसकी सूचना पर भोजपुरी के कलाकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर समा को बांधे रखा। दोपहर में योगा तिवारी के टीम के द्वारा संगीतमयी सुंदर काण्ड का पाठ लयदारी में हुआ। उसके बाद भजन संध्या कार्यक्रम के शुरुआत दौर में गायक अमित उपाध्याय ने 'गुरु के चरणिया में नेह ना लगाइब' गीत से मंगलाचरण किया, उसके बाद गायक रोहित प्रधान ने मांगलिक गीत गाकर 'धन-धन भाग सिया जी कि राम वर पवली हो' का गायन किया। उसके बाद गायक सोनु सिंह द्वारा लोकगीत प्रस्तुतीकरण के बाद गायक झकड़ तिवारी ने पूर्वी गीत 'संइया हमरा के हसुली गढवाई द,...'। गीत गाकर भोजपुरी मिट्टी के खुश्बू को परोसने का काम किया। गायक राजा बाबु के द्वारा महेंद्र मिश्रा का पूर्वी गीत गाने के अलावा नाल पर जोरदार संगत करने वाले दवेश दूबे ने जमकर वादकी किया,जोड़ी पर विष्णु दूबे बैंजो पर रतन शर्मा ने रात को संगीतमयी तान से भरे रखने का कार्य किया। कला प्रेमी व गायक राजकिशोर पांडेय, भूपेस चौबे गोरखपुर, मनोज सिंह भदेया, मंजी तिवारी, ऐंकर आकाश, रितुराज चंद्रवंशी, निरंजन सिंह, संजय सिंह, कुमार रविराज कार्यक्रम में चार चांद लगाते रहे। कलाकारों को सम्मानित करने वालो में भाजपा नेता अंगद सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूर्यभान सिंह, कांग्रेस नेत्री रीता सिंह सहित दर्जनों लोग थे।

## श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**बरौनी।** प्रखंड के नींगा गांव में मंगलवार को स्व ब्रह्मदेव ठाकुर उर्फ डा. राजकुमार ठाकुर का श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। वहीं तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडली असेसर राम सनूप सहनी मो जसीम ने किया। मंच संचालन खेत मजदूर यूनियन बरौनी के प्रखंड अध्यक्ष अशोक पासवान ने किया। कार्यक्रम में बीहट इप्टा के कलाकारों ने निर्गुण जनवादी गीतों के माध्यम से समा बांध दिया सर्व प्रथम स्व ब्रह्मदेव ठाकुर के तेलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि तेघड़ा विधानसभा के विधायक क रामरतन सिंह ने कहा कि ब्रह्मदेव ठाकुर पार्टी के वफादार कार्यकर्ता थे। आज जब नफरत का माहौल बनाया जा रहा है। इस देश में भाजपा हिंदू मुस्लिम मंदिर मस्जिद किया जा रहा हैं।

# एलएनडी कॉलेज में धूमधाम से मना आतंकवाद विरोधी दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** शहर के एलएनडी कॉलेज में 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राजेश कुमार सिन्हा, 25 एनसीसी बटालियन के सूबेदार दिवाकर गुरुंग, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्बादल भट्टाचार्य, उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. जौवाद हुसैन और मीडिया प्रभारी डॉ. प्रभाकर कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रविरंजन सिंह ने आतंकवाद विरोधी दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 21 मई, 1991 को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की आतंकी संगठन लिट्टे द्वारा आत्मघाती हमले में हत्या के बाद से प्रतिवर्ष इस दिन को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्राचार्य प्रो. सिन्हा ने कहा कि देश विभिन्न प्रकार के आतंकवाद से जूझ रहा है, और इसे खत्म करने के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। मुख्य अतिथि सूबेदार दिवाकर गुरुंग ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सेना बातों में नहीं, बल्कि कार्यों में विश्वास रखती है। डॉ. भट्टाचार्य ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद के लिए देश में कोई जगह नहीं है, क्योंकि यह विकास में बाधक है। डॉ. जौवाद हुसैन ने धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। डॉ. प्रभाकर कुमार ने वैश्विक एकजुटता के साथ आतंकवाद से मुकाबला करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि विश्व में सुख-शांति कायम हो सके। शैक्षणिक अवकाश के बावजूद छात्र-छात्राओं में इस कार्यक्रम के प्रति जबरदस्त उत्साह देखा गया। राहुल, अभिषेक, वैष्णव, पल्लवी, लक्की, रूपेश, शिवराज, रुचिका, मुस्कान, राजनंदनी सहित अनेक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## मत्स्यजीवी प्रबंधन कार्य समिति की बैठक संपन्न

**नबिटा संवाददाता**

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चंपारण)।** पकड़ीदयाल प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति की प्रबंधन कार्य समिति की बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के मंत्री राजू मुखिया ने की, जबकि प्रखंड मत्स्य प्रसार पदाधिकारी (बीसीओ) प्रशांत रंजन ने नवनिर्वाचित मंत्री और सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। बैठक के दौरान पूर्व में समिति द्वारा पारित प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही पहले निर्गत पट्टा और रसीदों की समीक्षा भी की गई। सभी बिंदुओं पर विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि आगामी बैठक में नए प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।

# अजहर हुसैन अंसारी और नीलम देवी बने जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद के सदस्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मोतिहारी।** बिहार खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने मोतिहारी नगर के समाजसेवी अजहर हुसैन अंसारी और नीलम देवी को जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद, पूर्वी चंपारण का सदस्य नामित किया है। विभाग द्वारा इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। दोनों के मनोनयन की सूचना मिलते ही नगर में हर्ष का माहौल बन गया। परिजनों, शुभचिंतकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाइयां दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। बधाई देने वालों में अधिवक्ता अनिल कुमार, अधिवक्ता पंकज कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, योगेंद्र कनौजिया, अशोक वर्मा, नंदलाल प्रसाद, रत्नेश्वर, फरहत, चंद्रशेखर गुप्ता, शेख मोहम्मद हाशिम, प्रमोद स्टीफन और तारकेश्वर प्रसाद सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल हैं। गौरतलब है कि अजहर हुसैन अंसारी पूर्व में भी जिला उपभोक्ता फोरम के सदस्य रह चुके हैं और उपभोक्ता हितों की रक्षा में उनकी भूमिका सराहनीय रही है वहीं नीलम देवी का सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय योगदान रहा है। दोनों के मनोनयन से परिषद की कार्यक्षमता में मजबूती आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## एक नजर

### सीआरसी स्तरीय प्रतियोगिता आज से शुरू

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड के सभी 23 कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर (सीआरसी) में मशाल 2024 के तहत तीन दिवसीय संकुल स्तरीय प्रतियोगिता 22 से 24 मई तक आयोजित की जा रही है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रतियोगिता सुबह 7:00 बजे से 9:30 बजे तक होगी। सीआरसी महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संकुल संचालक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, साइक्लिंग, कबड्डी और फुटबॉल (बालक व बालिका वर्ग) शामिल हैं। 22 मई को एथलेटिक्स और साइक्लिंग, 23 मई को कबड्डी और फुटबॉल (बालक), तथा 24 मई को कबड्डी और फुटबॉल (बालिका) के मुकाबले होंगे। सीआरसी खड़तरी मध्य के संकुल संचालक राकेश रंजन ने कहा कि खिलाड़ियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए ओआरएस, नींबू-पानी, ग्लूकोज और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई है। सभी शिक्षकों को सहयोग के लिए उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### मत्स्यजीवी सहयोग समिति की प्रबंधन कार्य समिति की बैठक

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड सभागार में मत्स्यजीवी सहयोग समिति की प्रबंधन कार्य समिति की बैठक मंत्री राजू मुखिया की अध्यक्षता में हुई। बिसीवो प्रशांत रंजन ने नवनिर्वाचित सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बैठक में पूर्व प्रस्तावों और निर्गत पटा व रसीद की समीक्षा की गई। अगली बैठक में नए प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। अध्यक्ष विजय मुखिया अनुपस्थित रहे। बैठक में प्रमिला देवी, सुखिया देवी, राजपति देवी, अनीता देवी, रमाशंकर शाह, विनेज साहनी, मोहन मुखिया सहित अन्य सदस्य और समर्थक उपस्थित रहे। सभी ने समिति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### थाना प्रभारी निलंबित, व्यवसायी से दुर्व्यवहार का आरोप

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** बेतिया रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय के निर्देश पर रक्सौल थाना प्रभारी राजीव नंदन सिन्हा को विभागीय जांच में दोषी पाए जाने के बाद निलंबित कर दिया गया। एसपी स्वर्ण प्रभात ने तत्काल कार्रवाई की। थाना प्रभारी पर एक व्यवसायी से सामान लेने के बाद भुगतान न करने और भुगतान मांगने पर उसे एक मामले में अभियुक्त बनाने का आरोप था। पीड़ित की शिकायत पर जांच के बाद यह कार्रवाई हुई। निलंबित थाना प्रभारी के खिलाफ अब विभागीय कार्रवाई शुरू होगी।

### शराब तस्कर सहित चार पियक्कड़ गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** जितना पुलिस ने गश्त के दौरान जोलगवा चौक से 12 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब के साथ तस्कर सोनेलाल महतो को गिरफ्तार किया। वह छोड़ादानों थाना क्षेत्र के नरौल गांव का निवासी है। इसके अलावा, चार पियक्कड़ों–अवधेश कुमार, सतेंद्र कुमार, राहुल कुमार (नरौल गांव) और सूरज कुमार (बहादुरपुर गांव)–को भी पकड़कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। यह जानकारी जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने दी।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड के नवगोल चौक के पास छोटेलाल दास के मकान में 'पोषण भी पढ़ाई भी' कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए तीन दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। सीडीपीओ संगीता कुमारी ने दीप प्रज्वलन कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। 96 सेविकाओं को बाल पोषण और शिक्षा की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में जन्म से 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए नवचेतना बौद्धिक विकास गतिविधि कैलेंडर और 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए आधारशिला साप्ताहिक कैलेंडर पर चर्चा हुई। संतुलित आहार, खेल-खेल में पढ़ाई, और स्वस्थ जीवनशैली पर जोर दिया गया। प्रशिक्षकों ने बच्चों के संज्ञात्मक, सामाजिक, भावनात्मक और शारीरिक विकास को बढ़ावा देने के तरीके सिखाए।

### वज्रपात से 16 वर्षीय लड़की की मौत

**केसरिया (पूर्वी चंपारण)।** गोछी गांव में वज्रपात की चपेट में आने से 16 वर्षीय अजमेरी खातून और एक गाय की मौके पर मृत्यु हो गई। अजमेरी गाय को चारा डालने गई थी, तभी यह हादसा हुआ। स्थानीय मुखिया मोहम्मद मोहीबूल्लाह उर्फ मून्ना आलम और सीओ पुनम मिश्रा ने घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। सीओ ने मामले की पुष्टि की।

### नर्तकी के डांस पर हथियार लहराना पड़ा महंगा

**मोतिहारी।** भतीजी की शादी में नर्तकी के साथ हथियार लहराना चाचा को महंगा पड गया और पुलिस ने लहराये गये हथियार के साथ चाचा को गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला बंजरिया थाना क्षेत्र के सेमरहिया गांव का था, जहां एक शादी समारोह में लड़की के चाचा ने नर्तकी के डांस के साथ हथियार लहरा रहा था। जिसका वीडियो खुब तेजी से वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो के आधार पर बंजरिया थाना पुलिस ने लहराये गये हथियार के साथ चाचा जटाशंकर यादव उर्फ दमकल को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि उक्त मामले में एसपी ने दो चौकीदार सुधांशु राज व प्रेम राय को सूचना संकलन कर थाना को सूचित नही करने के आरोप में निलंबित कर दिया है। गिरफ्तारी में बंजरिया थाना के इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष रमेश कुमार महतो के अलावे अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

# सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने के पश्चात मिलता आर्थिक लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**मोतिहारी।** जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव कराने पर जच्चा-बच्चा सुरक्षित रहता है साथ ही लाभुक को आर्थिक लाभ भी मिलता है। प्राइवेट अस्पताल में बच्चे के जन्म कराने में जहां हजारों रुपए खर्च करने पड़ते है वहीं सरकारी अस्पताल में स्वच्छ वातावरण के साथ यह सुविधा मुफ्त में उपलब्ध है। सदर अस्पताल मोतिहारी के एमसीएच बिल्डिंग में डॉक्टरों की टीम, एसएनसीयू,एमएनसीयू, इमरजेंसी की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है। यहां महीने में 400 से अधिक नार्मल डिलीवरी होती है वहीं स्त्री रोग विशेषज्ञ के द्वारा सिजेरियन सुविधाएं भी उपलब्ध है वहीं जन्म के समय गंभीर अवस्था में माता व शिशु के जीवन को बचाने के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं। इस सम्बन्ध में जिले के सीएस डॉ रविभूषण श्रीवास्तव ने बताया की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, चिन्हित उप केंद्रों एवं जिला महिला अस्पताल में कुशल चिकित्सकों व प्रशिक्षित स्टाफ की देखरेख में प्रसव होता है। उन्होंने लोगों से सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने की अपील की। डीसीएम नंदन झा ने कहा की प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक माह 21 तारीख क़ो गर्भवती महिलाओं की जाँच की जाती है, वहीं आयरन, कैल्शियम, व अन्य दवाएं वितरित की जाती है। उन्होंने कहा अधिकाधिक महिलाएं संस्थागत प्रसव से लाभान्वित हों। इससे मातृ मृत्यु-दर एवं शिशु मृत्यु-दर में कमी आएगी, जननी सुरक्षा योजना का लाभ भी मिल सकेगा। सरकारी अस्पताल पर प्रसव कराने में ग्रामीण क्षेत्र की प्रसूताओं को 1400 रुपये व शहरी क्षेत्र की प्रसूताओं को 1000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है। सदर अस्पताल के प्रबंधक कौशल दुबे ने कहा की एमसीएच बिल्डिंग में परिवार नियोजन परामर्श केंद्र पर अस्थायी संसाधन में गर्भनिरोधक दवाएं वितरित की जाती है साथ ही स्थायी विधियों क़ो अपनाने के लिए परामर्श भी दिए जाते है।

# कर्मियों के अनुपस्थित पाये जाने पर वेतन की कटौती कर की जाएगी अनुशासनिक कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** पूर्वी चम्पारण जिले के कुल 149 अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति टोलों में डॉ0 अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सरकार के द्वारा संचालित 22 योजनाओं से लगभग 6970 अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति के व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया तथा उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निर्देशानुसार आयोजित शिविर स्थल का निरीक्षण जिले के वरीय पदाधिकारियों के द्वारा कराई गई, साथ हीं निदेशित किया गया कि आयोजित शिविर में नामित पदाधिकारियों एवं कर्मियों की अनुपस्थिति पाये जाने पर एक दिन के वेतन की कटौती कर अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी। इस संदर्भ में जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा आयोजित शिविर का नियमित रूप से अनुश्रवण भी किया जा रहा है। जिला कल्याण पदाधिकारी दिवेश दिवाकर ने बताया कि चिरैया के हराज नुरूल्लाहपुर एवं रामपुर उत्तरी पंचायत में सरकार के विभिन्न योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित कराया गया, साथ हीं उनके समस्याओं का भी निराकरण किया गया।

## पुलिस हमले के मुख्य आरोपित ने किया आत्मसमर्पण

**बिहारशरीफ।** पुलिस पर हमले का मुख्य आरोपित संतोष कुमार उर्फ लाल बादशाह पुलिस दबिश से ऊबकर बुधवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। इसलामपुर पुलिस की एक टीम उक्त स्थल पर गई, जहां अपराधियों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू दी, जिसमे दो पुलिस पदाधिकारी बाल-बाल बचे थे। गठित टीम ने अभियुक्तों के संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी पुलिस दबिश से परेशान होकर मुख्य अभियुक्त संतोष कुमार उर्फ लाल बादशाह ने बुधवार को हिलसा न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।

# राजकुमार शुक्ल की श्रद्धापूर्वक मनाई गई 96वीं पुण्यतिथि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** चंपारण सत्याग्रह के प्रेरणास्रोत और स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रदूत पंडित राजकुमार शुक्ल की 96वीं पुण्यतिथि मंगलवार को मोतिहारी स्थित ऐतिहासिक गांधी संग्रहालय परिसर में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेपी सेनानी राय सुंदर देव शर्मा ने की। विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के गांधी अध्ययन विभागाध्यक्ष डॉ. जुगल किशोर दाधीच ने कहा कि चंपारण की भूमि ऐतिहासिक और ऊर्ज़ा से परिपूर्ण है, जहां से सफल सत्याग्रह की शुरुआत हुई थी। उन्होंने कहा, ‟पंडित राजकुमार शुक्ल ही वह व्यक्ति थे जिन्होंने गांधी को चंपारण बुलाकर एक आंदोलन की नींव रखी।" उन्होंने शुक्ल को ‟महामानव" की संज्ञा देते हुए कहा कि चंपारण की माटी ने गांधी को 'महात्मा' बना दिया और इस धरती को वैश्विक पहचान दिलाई।डॉ. दाधीच ने सुझाव दिया कि पंडित राजकुमार शुक्ल के नाम पर विश्वविद्यालय में एक अध्ययन केंद्र स्थापित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांधीवाद को किताबों तक सीमित न रखकर जन-जीवन में उतारना होगा, और चंपारण को फिर से वैचारिक आंदोलन की भूमि बनाना होगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राय सुंदर देव शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी के कारण चंपारण की वैश्विक पहचान बनी। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। वक्ता आलोक जी ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में गांधीवादी संस्थाओं की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि उपराष्ट्रपति के मोतिहारी आगमन के बावजूद गांधी स्मारक पर श्रद्धांजलि न देना चिंताजनक है। प्रदेश महासचिव अशोक वर्मा ने गांधी के जीवन की सादगी, ब्रह्मचर्य व नशा विरोधी विचारधारा की चर्चा करते हुए कहा कि ‟गांधी जी ने गरीबों की आंखों में भगवान का दर्शन किया था।" उन्होंने चंपारण छोड़ने के ब्रिटिश आदेश को अस्वीकार कर यह संदेश दिया कि यह भूमि उनके दिल के करीब थी। विचार गोष्ठी को संगीता चित्रांश, शशिकला, विनय सिंह, संजय सत्यार्थी, अनवर आलम, अमन, अमीता, निधि, ललन शुक्ला, अमरिंदर सिंह, रविंद्र शुक्ला, अजय देव, डॉ. आलोक सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन गांधीवादी विनय कुमार सिंह ने किया, जबकि स्वागत समाजसेवी कौशल किशोर सिंह ने किया।

## सीपीआई के शाखा सचिव की मनी पुण्यतिथि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी हसपुरा की ओर से डुमरा शाखा सचिव कॉम ललन राम के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि श्याम किशोर यादव ने की। उपस्थित लोगों ने दिवंगत ललन राम के चित्र पर मालार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए सीपीआई के अंचल सचिव कॉ चंद्रशेखर सिंह , पूर्व प्रमुख विजय कुमार ने कहा दिवंगत ललन राम सीपीआई के जुझारू साथी थे। उन्होंने अंतिम सांसों तक पार्टी को आगे बढ़ाने में आवाज उठाने का किया था।

## हर्ष फायरिंग मामले में दरपा थाना चौकीदार व बंजरिया थाना के चौकीदार निलंबित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात ने हर्ष फायरिंग मामले में दरपा थाना के चौकीदार सुधांशु राज व बंजरिया थाना के चौकीदार प्रेम राय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि उक्त दोनों चौकीदार के विरुद्ध क्षेत्र में सूचना संकलन में लापरवाही बरतने के कारण उक्त कार्रवाई की गयी है। एसपी ने बताया कि पूर्व में भी सभी चौकीदारों को अपने- अपने क्षेत्र में अवैध व राज्य के बाहर के हथियारों के संबंध में सूचना संकलन कर थाना को सूचित करने का निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके उक्त चौकीदारों के द्वारा निर्देश को ताक पर रख कर्तव्यों का उलंघन किया और उक्त चौकीदारों के क्षेत्र में खुलेआम लोग हर्ष फायरिंग करते बाज नही आये। एसपी के उक्त कार्रवाई से चौकीदारों में हडकंप मच गया है।

# समाज को अपराध मुक्त बनाना सभी का दायित्व : राजकुमारी अंशु अमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की महिला सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमारी अंशु अमन को न्यायिक मानवाधिकार परिषद बिहार के प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर रफीगंज लोजपा के प्रखंड अध्यक्ष राजेश पासवान सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं दिया है। राजकुमारी अंशु अमन ने बताया कि अपराध एवं अपराधियों से समाज को मुक्त कराना हम सब का दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य नागरिकों को कानूनी अधिकार एवं उचित न्याय दिलाना, पुलिस का भय आम जनता के मन से निकाल कर सही तालमेल व सूझ-बूझ कायम करना, गरीब व असहाय लोगों की मदद करना, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाना, पर्यावरण प्रदूषण को रोकना, खाद्य पदार्थों के मिलावटखोरों पर अंकुश लगाना, समाज में व्याप्त रिश्वतखोरी को रोकना, लोगों को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करना, सरकारी योजनाओं को आम आदमी तक पहुंचाना, समाज में व्याप्त श्रमिक शोषण को रोकना, दहेज प्रथा पर अंकुश लगाना, पीड़ितों की एफआईआर दर्ज करवाने में सहायता करना एवं यातायात नियमों का पालन करना व लोगों को समझाना आदि है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# श्रद्धापूर्वक मनी पंडित राजकुमार शुक्ला की पुण्यतिथि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** ऐतिहासिक गांधी संग्रहालय परिसर मे स्थापित पंडित राजकुमार शुक्ला की मूर्ति के नीचे शुक्ला की 96वी पुण्यतिथि मंगलवार को श्रद्धा के साथ मनाई गयी। जेपी सेनानी राय सुंदर देव शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम मे सर्वप्रथम सभी अतिथि गणों ने पंडित शुक्ला के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। विचार संगोष्ठी के मुख्य वक्ता महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के गांधी अध्ययन विभागाध्यक्ष डॉ. जुगल किशोर दाधीच ने कहा कि चंपारण की धरती काफी उर्जित है क्योंकि यहां सफल चंपारण सत्याग्रह हुआ है जिससे पुरे देश मे चल रहे स्वतंत्रता संग्राम को शक्ति मिली थी। उन्होंने पंडित राजकुमार शुक्ला को महा मानव कहा। उन्होंने पंडित शुक्ला के नाम पर विश्वविद्यालय में एक स्टडी कक्ष बनाने का भी प्रस्ताव रखा। अध्यक्षीय भाषण में राय सुंदर देव शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी के कारण चंपारण की पहचान विश्व स्तर पर बनी हमें गांधी के तमाम नीति सिद्धांत एवं सर्वधर्मसमभाव को अपने जीवन में उतरना चाहिए।

# फसल अवशेष को न जलायें किसान : डॉ. प्रतिभा

■ **फसल अवशेष पोषक तत्वों का भंडार, मृदा की उर्वरकता में होगी वृद्धि**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** फसल अवशेष बहुत ही महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है। ये न केवल मृदा कार्बनिक पदार्थ का महत्वपूर्ण स्रोत है, बल्कि मृदा के जैविक, भौतिक एवं रासायनिक गुणों में भी वृद्धि करते हैं। यह बात कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरिस की कृषि वैज्ञानिक डॉ प्रतिभा कुमारी ने कही। डॉ. कुमारी ने कहा कि पौधों द्वारा मृदा से अवशोषित 25 प्रतिशत नाइट्रोजन व फास्फोरस, 50 प्रतिशत सल्फर एवं 75 प्रतिशत पोटाश जड़, तना व पत्ती में संग्रहित रहते हैं। अतः फसल अवशेष पोषक तत्वों का भंडार है। यदि इन फसल अवशेषों को पुनः उसी खेत में डाल दिया जाय तो मृदा की उर्वरकता में वृद्धि होगी और फसल उत्पादन लागत में भी कमी आयेगी। यदि एक टन पुआल जमीन में मिलाते हैं तो काफी मात्रा में पोषक तत्वों की प्राप्ति होती है जिसमें नाइट्रोजन 20 से 30 किलोग्राम, सल्फर 5 से 7 किलोग्राम, पोटाश 30 से 40 किलोग्राम, ऑर्गेनिक कार्बन 600 से 800 किलोग्राम तक होता है। किसानों के बीच ऐसी मान्यता है कि फसलों के अवशेष को खेत में जलाने से खरपतवार एवं कीड़ों को खत्म किया जा सकता है लेकिन सच्चाई तो यह है कि इस क्रिया को करने से फायदे से ज्यादा नुकसान है। किसान फसल अवशेष को न जलायें, उसके लिये केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा कई मशीनरी यंत्र जैसे रीपर-कम-बाइंडर, स्ट्रॉबेलर, हैप्पी सीडर, रोटरी मल्वर, सुपर सीडर, स्ट्रॉमैनेजमेंट सिस्टम विशेष अनुदान के तौर पर उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि किसान भाई खेत में फसल अवशेष को न जलाकर इन यंत्रों का प्रयोग कर खाद के रूप में प्रयोग कर सकें।

# यज्ञ में भगवान विष्णु का वास, और विष्णु में ही समाहित है संपूर्ण सृष्टि : खड़हेश्वरी बाबा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** नगर के थाना गली स्थित नवनिर्मित शिवालय में श्री पंचायतन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जा रहा है। यज्ञ के दूसरे दिन अरणी मंथन से अग्नि प्राकट्य की दिव्य प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। यह महायज्ञ श्री श्री 1008 ब्रह्मलीन नागा बाबा के शिष्य श्री चंद्रमौलि उदासीन उर्फ खड़हेश्वरी बाबा के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। यज्ञ में काशी से पधारे विद्वान आचार्य पंडित राजेश मिश्रा के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन और हवन की विधियां संपन्न हो रही हैं। यज्ञ के प्रमुख सपत्नीक यजमानों में दुर्गा प्रसाद-पिंकी देवी, अजित कुमार-रीता देवी, अजय गुप्ता-रिंकी गुप्ता, शिवनंदन प्रसाद-शीला देवी, मुन्ना कुमार-ममता कुमारी शामिल हैं। गुरुवार को सभी प्रतिष्ठित मूर्तियों का नगर भ्रमण कराया जाएगा, जिसमें स्थानीय नागरिकों के अलावा काशी से आए विद्वत जन भी शामिल होंगे। मौके पर उपस्थित खड़हेश्वरी बाबा ने कहा यग्योस्य विष्णुः– अर्थात यज्ञ में भगवान विष्णु का वास होता है और उन्हीं में यह समस्त सृष्टि समाहित है। यज्ञ में उच्चारित मंत्र जहाँ मन को शांति प्रदान करते हैं, वहीं हवन से उत्पन्न धुआं वायुमंडल को शुद्ध करता है और वातावरण को रोगमुक्त बनाता है।

कार्यक्रम में राजू गुप्ता, संतोष कुमार साहु, अजित कुमार गुप्ता, रोहित गुप्ता सहित यज्ञ समिति के कई सदस्य सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

# आतंकवाद दुनिया का सबसे गहरा जख्म : डॉ. अरविंद सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्यकर्मियों ने आतंकवाद दिवस पर सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ के साथ रहने का संकल्प लिया साथ ही आतंकवाद की लड़ाई में सेना के पराक्रम पर गर्व जताया। मौके पर वक्तओं ने कहा कि इस दिन को मनाने का केवल एक ही उद्देश्य है युवाओं को आतंकवाद और हिंसा के रास्ते से दूर करना। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि आतंकवाद दुनिया का सबसे गहरा जख्म होने के साथ-साथ मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन माना जाता है। आतंकवादी ना तो धर्म देखता है और न ही समुदाय। मौके पर डॉ. धनंजय कुमार, प्रखंड अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक विकास कुमार सिंह, बड़ा बाबू सुनील कुमार, रूपेश कुमार चौधरी, राघवेंद्र नारायण, अकाउंटेंट राजेश कुमार, बीसीएम सनी कुमार, बीएमसी सुभाष कुमार, एएनएम रिंकी कुमारी, वैजयंती माला, प्रियंका कुमारी, एनीहोर, मो. मुमताज, नसीम अख्तर, रविंद्र कुमार, रंजीत कुमार, निर्भय कुमार, मो. अजहर, सत्येंद्र यादव, धनेश्वर मिस्त्री, रामप्रवेश सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# दिनदहाड़े हथियार के बल पर सोने व नगद की लूट

## बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** थाना क्षेत्र के कुदरा-परसथुआ सड़क पर मंगलवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने एक स्वर्णकार से हथियार के बल पर सोने व नगद रुपये लूट लिए। स्वर्णकार अपने गांव सिसवार से 75 ग्राम सोना व 50 हजार रूपये लेकर परसथुआ अपने दुकान पर जा रहा था। बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने घटना को अंजाम देकर भाग निकले। बुधवार को स्वर्णकार कुदरा थाना के सिसवार निवासी उपेन्द्र सेठ ने बताया कि लगभग दस बजे वह अपने गांव से बाइक से बैग में 75 ग्राम सोने का गहना व 50 हजार रुपये नगद लेकर जा रहा था। कुदरा-परसथुआ सड़क पर फुल्ली व तुर्की गांव के बीच स्थित एक पीपल के पेड़ के पास एक बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने बाइक का ओवरटेक कर बाइक को धक्का दे दिया। धक्का देने के बारे में पूछने पर अपराधियों ने पिस्टल निकालकर जान से मारने की धमकी देकर बैग, मोबाइल व बाइक का चाभी छीन लिये। अपराधी सोने व रुपये लूटने के बाद फुल्ली की तरफ भाग निकले। घटना के बाद पीड़ित स्वर्णकार ने घटना की जानकारी कुदरा पुलिस को दी। सूचना पर डीएसपी प्रदीप कुमार व कुदरा थाना की पुलिस पहुंची। पुलिस ने घटना के सम्बन्ध में आसपास के लोगों से पूछताछ की। प्रभारी थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि लूट घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

### छह लाख रुपये के थे सोने के गहने

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** थाना क्षेत्र के कुदरा-परसथुआ सड़क पर फुल्ली व तुर्की के बीच में अपराधियों ने स्वर्णकार से 75 ग्राम सोने के गहने व 50 हजार रुपये लूट लिये। स्वर्णकार उपेन्द्र ने बताया कि लूटे गए गहने की कीमत लगभग छह लाख रूपये है। दुकानदार ने बताया कि बैग में जो गहना लेकर जा रहे थे वह ग्राहकों का था जिसे डिलेवरी करना था। ग्राहकों ने शादी कार्यक्रम के लिए गहना बनाया था। गहना लूट लिए जाने के बाद ग्राहक अपने गहना के लिए फोन कर रहे हैं।

# घर में घुस युवक ने महिला को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** थाना क्षेत्र के नेवरास गांव में बुधवार को एक युवक ने महिला के घर में घुसकर गोली मार दी। घटना को अंजाम देकर युवक भाग निकला। ग्रामीणों ने महिला को लहूलुहान स्थिति में इलाज के लिए कुदरा निजी क्लिनिक में भर्ती कराया। हालांकि चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी भेज दिया। बताया जाता है कि महिला सीमा कुमारी पति पंकज कुमार उर्फ सोनू के गर्दन में गोली लगी है। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मामले में परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ की। प्रभारी थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। हालांकि महिला ने गांव के ही एक युवक सोनू कुमार पिता शंकर सिंह का नाम बताया है। घटना की प्राथमिकी के लिए आवेदन नहीं मिला है। हालांकि पुलिस मामले में दोषी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक प्रदूषण समाप्ति की थीम पर चलेगा अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के आलोक में 'प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें' थीम पर 22 मई से 5 जून 2025 तक व्यापक अभियान आयोजित किया जाएगा। यह अभियान एकल-उपयोग प्लास्टिक (सिंगल यूज प्लास्टिक) को समाप्त करने, पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है। पूरे अभियान में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, प्रभातफेरी, कार्यशाला और प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। 22-24 मई के दौरान रेलवे स्टेशनों पर पोस्टर, पंपलेट और डिजिटल सामग्री के माध्यम से स्टील/पुनर्चक्रण योग्य बोतलों और लंचबॉक्स के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। कर्मचारियों के लिए प्लास्टिक कचरा प्रबंधन पर कार्यशालाएं और यात्रियों के लिए 'अपनी बोतल साथ लाएं' अभियान शुरू होगा। 25-27 मई को स्वच्छता अभियान, कचरा पृथक्करण डिब्बों की स्थापना और आईआरसीटीसी द्वारा बायोडिग्रेडेबल कटलरी को बढ़ावा दिया जाएगा। अभियान में स्थानीय समुदाय और एनजीओएस शामिल करने के प्रयास होंगे। 28-30 मई को प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीनों की समीक्षा, विक्रेताओं की निगरानी, पानी रिफिल पॉइंट्स का निरीक्षण और नुक्कड़ नाटक आयोजित होंगे। पीए सिस्टम के माध्यम से जागरूकता संदेश प्रसारित होंगे। 31 मई व 2 जून को प्रभातफेरी, चित्रकला/निबंध/क्विज प्रतियोगिताएं, पार्कों का रखरखाव, बायो-टॉयलेट्स की निगरानी, प्राकृतिक उत्पादों और डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। 3-4 जून को वर्षा जल संचयन, जल पुनर्चक्रण, जल निकायों की सफाई और स्कूली बच्चों के साथ सत्र आदि होंगे। 5 जून को समापन समारोह में उपलब्धियों का प्रदर्शन, योगदानकर्ताओं को पुरस्कार और सारांश रिपोर्ट जारी होगी। डीडीयू मंडल द्वारा इस पर्यावरणीय पहल में सभी का सहयोग एवं भागीदारी अपेक्षित है। ताकि स्वच्छ और सतत भविष्य सुनिश्चित हो।

## राजीव गांधी की पुण्य तिथि मनायी गयी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्य तिथि कांग्रेस ओबीसी कार्यालय रोहित चित्र मंदिर में प्रदेश उपाध्यक्ष रोहन लाल मेहता की अध्यक्षता में मनाया गया। सर्व प्रथम उनके तैल चित्र माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। लोगों ने दो मिनट मौन रखकर संवेदना व्यक्त किया। इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष अरविंद सिंह उर्फ ठाकुर, बिनोद यादव, डॉ पंकज कुमार, लल्लू अंसारी, रवि कुमार, राज कुमार, रोहित राहुल कुमार अभिमन्यु सिंह सहित सभी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर गर्व और पराक्रम का प्रतीक बनी तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भारतीय नारी के सम्मान में निकली गौरव यात्रा, भारतीय नारी की गरिमा, सुरक्षा और आत्म-सम्मान के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में, रोहतास जिले के डिहरी में एक भव्य गौरव यात्रा का आयोजन किया गया। यह तिरंगा यात्रा कैनाल रोड स्थित पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव के आवास से आरंभ होकर थाना चौक तक पूरे उत्साह और देशभक्ति के साथ निकाली गई। इस गौरवशाली यात्रा का नेतृत्व पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष आरती गुप्ता के नेतृत्व में यात्रा ने देशभक्ति, साहस और राष्ट्रीय एकता का एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीय सेना के अदम्य साहस और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए आतंक के गढ़ पाकिस्तान पर ऐसा प्रहार किया है जिससे वह लंबे समय तक उबर नहीं पाएगा। केवल चार दिनों की इस भीषण कार्यवाही में दुश्मन देश को ऐसा नुकसान पहुंचा है जिसे ठीक करने में कम से कम 100 वर्ष लगेंगे। यह ऑपरेशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय नारी के सम्मान, सुरक्षा और गौरव की गारंटी के रूप में राष्ट्र को समर्पित किया गया। आतंकवाद के समूल विनाश और शत्रुओं को करारा उत्तर देने के लिए ऑपरेशन सिंदूर एक ऐतिहासिक पहल बनकर सामने आया है जिसने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया है और सम्पूर्ण विश्व में भारत की विजयगाथा को गूंजा दिया है। इस प्रेरणादायी तिरंगा यात्रा में जनमानस का उत्साह देखते ही बनता था। मौके पर अजय यादव, प्यारेलाल ओझा, अशोक सोनी, सुनीता यादव, कन्हैया सिंह, बबल कश्यप, अमित कुमार, अजय सिंह, सुनील कुशवाहा, संजीव कुमार, निर्दोष पांडे, पुतुल सोनी, आनंद पांडे, शोभा देवी, मंजू देवी, मीरा देवी, सुधा देवी तथा सैकड़ों देशभक्त नागरिक उपस्थित थे।




## समाजसेवी डॉ. मुनेश्वर पाठक की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रख्यात टीबी रोग विशेषज्ञ व समाजसेवी डॉ. मुनेश्वर पाठक की 21वीं पुण्य तिथि पर बुधवार को उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

न्यू डिलिया स्थित गोविन्दपुर हाउस में हवन व पूजा कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने डॉ. पाठक के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। उनके द्वारा टी बी जैसे गंभीर बीमारी के निदान हेतु जगजीवन सेनेटोरियम के साथ महिला शिक्षा के विकास के लिए रमारानी जैन बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना कराया था। समाज के हरेक प्रगति में उनकी भगीदारी रही। उन्होंने एफ सी आई, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अलावा लायंस क्लब के माध्यम से भी समाज का कार्य किया। उनके निधन के बाद शहर में आई शून्यता अब तक नहीं पाटा जा सका है। मौके पर जगजीवन सेनेटोरियम के सदस्य उपेन्द्र मिश्र, विनोद शर्मा, राम वचन, सन्तोष सिन्हा आदि मौजूद थे।

# तिरंगा यात्रा और प्रधानमंत्री के आगमन पर चर्चा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढीगोला।** भारतीय जनता पार्टी मंडल अकोढीगोला दक्षिणी अध्यक्ष बीरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में उनके निजी आवास पर एक विशेष बैठक आयोजित कर ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के सफलता, शौर्य, पराक्रम के सम्मान में 'तिरंगा यात्रा' गांधी सेवा आश्रम- अकोढीगोला से शाम चार बजे से तिरंगा यात्रा निकाला जाएगा जो विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करेगा। साथ ही 30 तारीख को बिक्रमगंज में प्रधानमंत्री जी के आगमन की तैयारी पर बैठक में विचार-विमर्श किया गया। उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, हजारी सिंह, राजाराम सिंह, महामंत्री अजय सिंह, आनदी, बुचून, कामेश्वर, उमेश पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र , आजाद, हरेंद्र, गया जी सभी पदाधिकारी ने अपने-अपने विचार रखे और अधिक से अधिक लोगों को ले जाने की रणनीति बनी।

## पूर्व विधायक ने की करमचट डैम से गुप्ताधाम तक हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** पूर्व विधायक ललन पासवान ने क्षेत्र की सुविधा बढ़ाने को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। बुधवार को कलेक्ट्रेट में पहुंचकर डीएम उदिता सिंह को प्रतिलिपि दी। पूर्व विधायक ने कहा कि वैष्णव धाम की तरह जिला में करमचट डैम से गुप्ताधाम तक हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की मांग की गई है। गुप्ताधाम तक सड़क निर्माण, वनवासी आदिवासियों के विकास के लिए लिफ्ट एरिगेशन सिंचाई, पेयजल की सुविधा की मांग उठाई गई है। रेहल से रोहतासगढ़ होते हुए चौरासन मंदिर तक सड़क निर्माण में वन विभाग की ओर से आ रही एनओसी की अड़चन को दूर करने की मांग उठाई गई।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक** 19.05.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन-29-25-26, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता (कार्य)/II/सियालदह के अधीन बेलवेडियर पार्क ऑफिसर्स एन्क्लेव के विभिन्न बंगलों में विद्युत कार्यों की उन्नति के संबंध में सिविल कार्य एवं बर्न स्टैंडर्ड में इलेक्ट्रिक सब स्टेशन (दो मंजिला भवन) का निर्माण। **निविदा मूल्य :** रु.87,42,266.13, **बयाना राशि :** रु.1,74,900/-, **निविदा कागजात का मूल्य (अप्रतिदेय) :** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 09 (नौ) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 13.06.2025 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 13.06.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-60/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## भूतपूर्व मुखिया स्व. बच्चन तिवारी की 26वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** कैमूर जिला के भभुआ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोहारी पंचायत के नारावं गांव का है जहां कोहारी पंचायत के 25 वर्ष रह चुके मुखिया स्व. बच्चन तिवारी की 26वीं पुण्य तिथि 20 मई मंगलवार के दिन उनके आवास पर मनाया गया। आपको बताते चलें कि स्व. बच्चन तिवारी की पुण्य तिथि पर कई लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित किया। वही वर्तमान में रह रहे पंच सरपंच कोषाध्यक्ष सुनील तिवारी ने पुष्पांजलि अर्पित कर बताए कि स्व. बच्चन तिवारी एक नेक दिल के इंसान थे जिनसे भी ये मिलते थे उनका दिल जीत लेते थे और इनके कार्यकाल में पंचायत की जनता भी खुश नजर आ रही थी। वही स्व. बच्चन तिवारी के नाती प्रिंस कुमार तिवारी ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए बताए कि दादा जी का समाज के सभी वर्गों से गहरा लगाव था, लेकिन दादा जी का न रहना हमलोगों के लिए दुःख की बात है। पर हमलोग इनके बताए हुए रास्ते पर चल कर सफलता को हासिल करने में लगे हुए हैं।

# मशाल खेल के सफल आयोजन को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर (कैमूर)।** उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय भेकास प्रधानाचार्य डॉक्टर नीतू कुमारी की अध्यक्षता में बुधवार की बैठक आयोजित की गई जो मशाल खेल कार्यक्रम के अगला चरण सीआरसी स्तर की प्रतियोगिता 22 से 24 मई 2025 तक आयोजित की जानी है। सभी सरकारी विद्यालयों में प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन हेतु मशाल 2024 प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। शिक्षा विभाग खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। इसी के आलोक में अगला चरण सीआरसी स्तर पर प्रतियोगिता किया जाएगा जिसमें सीआरसी के अधीन सभी मध्य विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शारीरिक शिक्षकों ने भाग लिया। 22 से 24 मई तक होने वाले प्रतियोगिताओं को ध्यान में रखते हुए 22 मई को सभी दौड़, साइकिलिंग, बाल थ्रो, 23 मई को कबड्डी, फुटबॉल, 24 मई को लॉन्ग जंप, वॉलीबाल खेल का आयोजन किया जाएगा। मशाल खेल के सफल आयोजन हेतु सीआरसी स्तर पर कमेटी का गठन किया गया जिसमें शारीरिक शिक्षक डॉ तुलसी प्रसाद सिंह को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। संकुलाधीन सभी विद्यालयों से खिलाड़ियों की सूची प्राप्त किया गया। गर्मी को ध्यान में देखते हुए खेल का कार्यक्रम सुबह 7:00 बजे से 9:30 बजे तक किया जाएगा। मौसम को देखते हुए ग्लूकोज, पानी प्रचुर मात्रा में ओआरएस प्राथमिक चिकित्सा आदि की समुचित व्यवस्था की चर्चा की गई। बैठक में प्रधानाचार्य, डा नीतू कुमारी, विनोद कुमार पांडेय, गुरुचरण सिंह, मन्नान शाह, शारीरिक शिक्षक डा. तुलसी प्रसाद सिंह, ऐश्वर्य कुमार, खुशबू कुमारी, राजेश ज्योति आदि मौजूद थे।

**पूर्व रेलवे**

मुख्य सामग्री प्रबंधक/एडमिन., पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा **वर्ष 2025 के जून माह के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम** आमंत्रित किया जाता है।

**सं.: एस.4/एस/डीएपी/2025-26** **दिनांक 20.05.2025**

| क्रम | डिपो/मंडल | कार्यक्षेत्र | तिथि | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बेलुड़ स्क्रैप यार्ड डिपो | बेलुड़ स्क्रैप यार्ड डिपो, हावड़ा और आसनसोल मंडल | 04.06.2025 | 17.06.2025 | 26.06.2025 |
| 2 | हालिशहर डिपो | हालिशहर डिपो एवं सियालदह मंडल | 05.06.2025 | 18.06.2025 | 27.06.2025 |
| 3 | जमालपुर डिपो | जमालपुर डिपो एवं मालदा टाउन मंडल | 06.06.2025 | 13.06.2025 | 24.06.2025 |
| 4 | हावड़ा मंडल | हावड़ा मंडल | 11.06.2025 | 18.06.2025 | 30.06.2025 |
| 5 | आसनसोल मंडल | आसनसोल मंडल | 03.06.2025 | 17.06.2025 | 26.06.2025 |
| 6 | सियालदह मंडल | सियालदह मंडल | 12.06.2025 | 25.06.2025 | — |
| 7 | मालदा टाउन मंडल | मालदा टाउन मंडल | 06.06.2025 | 23.06.2025 | — |

STORES-12/2025-26 **मुख्य सामग्री प्रबंधक/एडमिन.**

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## 20 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 20 आरोपितों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, विविध कांड, वारंटी व शराब तस्कर है। 13 लीटर देशी जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में दो लाख 63 हजार 500 रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

# भाजपा नेता उपेंद्र ओझा बने जन सुराजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी के सखरा गांव में जन सुराज पार्टी ने मिलन समारोह आयोजित कर भाजपा नेता उपेन्द्र ओझा के शामिल होने की अधिकृत घोषणा पार्टी के जिला कार्यकारिणी व प्रखंड अनुमंडल के कई नेता मौजूद थे। भाजपा नेता उपेंद्र ओझा व सीपीएम नेता कामेश्वर प्रजापति बुधवार को अधिकृत रूप से जन सुराज का सदस्यता ग्रहण किया। इसके लिए सखरा स्थित गोल्ड डिपो में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान पार्टी नेताओं ने दोनों लोगों को माला और अंग वस्त्र देकर जनसुराज में शामिल होने की घोषणा की। इसकी जानकारी देते हुए जन सुराज के जिला प्रवक्ता विनोद तिवारी ने बताया कि जनसुराज का कारवां बढ़ता जा रहा है और विभिन्न दलों के कार्यकर्ता दलों से ऊब चुके लोग धीरे-धीरे जन सुराज की तरफ कदम बढ़ते जा रहे हैं। जन सुराज सिर्फ पार्टी ही नहीं एक विचारधारा है जिस विचारधारा को शहर से लेकर गांव तक लोग अपना रहे हैं। प्रशांत किशोर ने बिहार बदलाव यात्रा भी जेपी के गांव सिताब बीघा से 20 मई को शुरू किया है जब प्रशांत जी सीता विगहा पहुंचे तो जेपी के परिजनों के घर में अंधेरा था। इस मुद्दे को प्रशांत किशोर द्वारा उठाया गया और 1 घंटे के अंदर जेपी के घर में उजाला छा गई। जन सुराज का यह एक उदाहरण है। जन सुराज कहता नहीं करके दिखाता है और आने वाले समय में भी करके दिखाएगा। यह बिहार के लोगों को विश्वास दिलाता है। इस कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता डिहरी अनुमंडल अध्यक्ष हीरालाल कुशवाहा ने की जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष विजय शंकर तिवारी ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीकांत तिवारी, अभिषेक संस्कृत, ओम प्रकाश पाल, कार्यालय प्रभारी अशोक भारती, डिहरी नगर अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, सासाराम नगर अध्यक्ष अत्येंद्र सिंह, पदयात्री चुनचुन सिंह, अनुमंडल कार्यालय प्रभारी डॉ नंदकुमार सिंह सहित कई अन्य उपस्थित रहे।




**बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लि0, पटना**

बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लि0 की अनुषंगी कम्पनी

CIN – U74110BR2012SGC018889

(स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएँ)

प्रधान कार्यालय, विद्युत् भवन, बेली रोड, पटना–800021

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि दाउदनगर LILO 132 के0वी0 सोननगर–चंदौती (सर्किट–1) संचरण लाईन को दिनांक– 22.05.2025 को सुबह 11:00 बजे या उसके बाद कभी भी ऊर्जान्वित होना है। उक्त संचरण लाईन औरंगाबाद जिला के अंतर्गत ओबरा प्रखण्ड, दाउदनगर प्रखण्ड, बारूण प्रखण्ड एवं औरंगाबाद प्रखण्ड के महावीरगंज, गोपालपूर, मुंशी बिगहा, पोथू दुधल्ला, सरपपटा, तमोरी, कझवां, धरमपुरा, कटिया, रामपुर अशकप, परसिया, कल्याणपुर, करहारा, बिहार बिगहा, सोनवर्शा, ललारो, कठबार, बेलवन, केसरारी, चमन बिगहा, जमहौर आदि गाँवों/वसवाटों से गुजरती है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त संचरण लाईन से यथेश्ट दूरी बनाए रखें। किसी प्रकार की असावधानी के कारण होने वाले दुर्घटना/जान–माल की क्षति की जवाबदेही बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना की नहीं होगी।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR- 004092 (B & C) 2025-26 मुख्य अभियंता (परियोजना–II)

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

# मसौढ़ी के हर गली, चौक-चौराहे का होगा नामकरण, लगेंगी लाइटें

## नप बोर्ड की बैठक में सौंदर्यीकरण पर दिया गया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** नगर परिषद की सामान्य बैठक बुधवार को आहूत की गई। मुख्य पार्षद पिंकी देवी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई, संचालन कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार ने किया। इस मौके पर सभी वार्ड के वार्ड पार्षद शामिल हुए, सामान्य बैठक में मूल रूप से कई अहम बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें हर गली चौक चौराहे का नामकरण करने, नगर क्षेत्र में हाई मास्क लाइट एवं पोल पर रंगीन लाइट लगाने पर विचार किया गया। इसके साथ ही मसौढ़ी क्षेत्र के अंतर्गत सभी जगह पर साईनेज बोर्ड लगाने हेतु स्थल चयन पर विचार किया गया है। नया बिजली पोल लगाने का विचार किया गया है। इसके साथ ही आरोबी निर्माण कंपनी के द्वारा किए जा रहे कार्य से आम जनता को होने वाले कठिनाइयों के समाधान पर भी विचार किया गया है। लेकिन इसमें सबसे अहम बात यह रही इस बार नप के सामान्य बोर्ड की बैठक में मसौढ़ी क्षेत्र के अंतर्गत सभी चौक चौराहे का नामकरण किया जायेगा, इसके साथ ही सौंदरीकरण पर विशेष रूप से जोर दिया गया है, तकरीबन मसौढ़ी में 25 जगहों पर अभी तत्काल रूप से स्थल चयन पर विचार हुआ है। बैठक में नगर प्रबंधक चंद्रशेखर कुमार प्रसाद, अमीन रामाधार प्रसाद, प्रधान लिपिक शिव प्रकाश समेत बैठक में जिसमें वार्ड पार्षद स्थाई समिति के शंभू कुमार सिंह, रिंकू कुमार, उज्जवल कुमार, उर्वशी कुमारी, कुमारी प्रीति लता, राकेश कुमार, चिंता देवी उषा देवी, नीलम देवी, रेणु देवी, वीरेन कुमार, रूबी देवी, रिंकी देवी, नूर फातिमा ज्योति कुमारी, कौशल देवी आदी शामिल रहे।

## पटना पहुंची 'भूल चूक माफ' की टीम, किया गया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजकुमार राव हमेशा से ही विविधतापूर्ण विषयों और कहानियों पर आधारित फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उनकी फिल्मों में नए प्रयोग, विभिन्न जॉनर का मेल देखने को मिलता है, जो दर्शकों और भी बेहतरीन सिनेमा अनुभव देता है। इसी कड़ी में अब एक और खास फैमिली कॉमेडी फिल्म ''भूल चूक माफ'' जल्द ही बड़े पर्दे पर दस्तक देने को तैयार है। फिल्म के प्रमोशन के सिलसिले में 'भूल चूक माफ' की टीम पटना पहुंची, जहां फिल्म के मुख्य कलाकार राजकुमार राव और वामिका गब्बी एवं फिल्म के निर्देशक करण शर्मा ने स्थानीय मीडिया से संवाद किया। इस अवसर पर दोनों कलाकारों ने फिल्म की कहानी, अपने अनुभवों और पटना से जुड़े अपने खास रिश्ते को साझा किया। फिल्म के बारे में बात करते हुए राजकुमार राव ने कहा, भूल चूक माफ एक अनोखी कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन करण शर्मा ने किया है और जिसे दिनेश विजान ने प्रोड्यूस किया है। इसकी कहानी एक दिलचस्प टाइम लूप पर आधारित है, जिसमें दूल्हे की ज़िंदगी में शादी की तारीख कभी आ ही नहीं पाती। यह एक नया और अनोखा कॉन्सेप्ट है जिसे पहली बार हिंदी सिनेमा में बड़े पर्दे पर प्रस्तुत किया जा रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शकों को यह फिल्म हंसी और हैरानी दोनों से भरपूर अनुभव देगी। फिल्म 23 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। राजकुमार ने पटना और बिहार के साथ अपने रिश्ते पर कहा, भारत की असली कहानियां आज भी कस्बों और गांवों में बसती हैं, और भूल चूक माफ भी ऐसी ही एक कहानी है जो दर्शकों को अपनापन महसूस कराएगी। इस फिल्म की शूटिंग बनारस में हुई है, लेकिन इसकी कहानी पूरे देश से जुड़ती है। पहली बार हिंदी सिनेमा में टाइम लूप का कॉन्सेप्ट आ रहा है, और मुझे भरोसा है कि यह दर्शकों को बेहद पसंद आएगा।

## एक नजर

### हथियारों का होगा सत्यापन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन इन दिनों एक्टिव मोड में आ गया है। ऐसे में चुनाव से पहले मसौढ़ी अनुमंडल के सभी थानों में थानावार हथियार और गोली का सत्यापन किया जाना है। जो निर्धारित तिथि 26.05.2025 से 27.05.2025 तक होगा। सुबह 10 बजे से 5 बजे के बीच निर्धारित तारीख के अनुसार लाइसेंसधारक अपने हथियार और गोली का भौतिक सत्यापन कराएंगे। जो लाइसेंस धारक अपने हथियार और गोली का भौतिक सत्यापन करा चुके हैं उनको थाना में सत्यापन कराने की बाध्यता नहीं है। लेकिन, सत्यापन से संबधित दस्तावेज दिखाकर थाना में इंट्री कराना अनिवार्य है। इसके अलावा हथियार और गोली का सत्यापन नहीं कराने वाले लाइसेंसधारक का लाइसेंस निलंबित व रद्द करने की कारवाई की जा सकती है।

### महिला से 25 हजार का साइबर फ्रॉड

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी में एक बार फिर से साइबर फ्रॉड की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। अगर आप भी एटीएम से पैसा निकालने जा रहे हैं तो रहे सावधान और सतर्क है ऐसा ही एक मामला मसौढ़ी में बुधवार की दोपहर मेंन रोड स्थित सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के एटीएम के पास एक महिला के साथ घटी हैं जहां मोसमात बेबी देवी सती स्थान के निवासी हैं जो अपने 15 साल के बेटे के साथ एटीएम में पैसा निकासी करने गई थी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### प्रधानमंत्री आज भारत के 18 राज्यों...

ट्रांसमिशन लिमिटेड के विद्युत निकासी के लिए पारेषण प्रणालियों की आधारशिला रखेंगे। वे बीकानेर में सौर परियोजना, पावरग्रिड नीमच और बीकानेर परिसर से निकासी के लिए पारेषण प्रणाली, फतेहगढ़-2 पावर स्टेशन में परिवर्तन क्षमता के विस्तार सहित बिजली परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे, जो स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करेंगे और कार्बन उत्सर्जन को कम करेंगे। प्रधानमंत्री राजस्थान में बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी, बिजली आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और पानी की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए राजस्थान में राज्य सरकार की 25 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें 3,240 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के 750 किलोमीटर से अधिक लंबाई के 12 राज्य राजमार्गों के उन्नयन और रखरखाव के लिए परियोजनाओं का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित करना शामिल है। इसमें अतिरिक्त 900 किलोमीटर नए राजमार्ग भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री बीकानेर और उदयपुर में बिजली परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वे राजसमंद, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा, धौलपुर में नर्सिंग कॉलेजों का भी उद्घाटन करेंगे, जो राज्य में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे झुंझुनूं जिले में ग्रामीण जलापूर्ति और फ्लोरोसिस शमन परियोजना, अमृत 2.0 के तहत पाली जिले के 7 शहरों में शहरी जलापूर्ति योजनाओं के पुनर्गठन सहित क्षेत्र में विभिन्न जल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

### बीडीओ और अकाउंटेंट...

की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। निगरानी विभाग की टीम के अधिकारी ने बताया कि ऐसे मामलों पर नजर बनी हुई हैं। टीम ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोई किसी भी प्रकार की रिश्वत मांगने की शिकायत तुरंत विभाग को दें।

## अंशु प्रियंका मिश्रा लोजपा (रा) के बिहार इकाई की मीडिया पैनलिस्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भागलपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी (रा) के बिहार इकाई के मीडिया पैनलिस्टों की नयी सूची में पार्टी के भागलपुर महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष अंशु प्रियंका मिश्रा को शामिल किया गया है।

भागलपुर से श्रीमति मिश्रा के मीडिया पैनलिस्ट बनने पर यहां के पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है। साथ ही सभी ने आशा व्यक्त की है कि जिलाध्यक्ष अंशु प्रियंका अपनी नये पद की जिम्मेदारी को बेहतर ढंग से निभाएंगी। जिससे जिलेभर में पार्टी को और मजबूती मिलेगी। इधर श्रीमती मिश्रा ने बताया कि मीडिया पैनलिस्ट जैसे महत्वपूर्ण पद मिलने से उनके जवाबदेही बढ़ गई है। वे पूरी निष्ठा एवं कर्मठता के साथ पार्टी के लिए काम करेंगी और शीर्ष नेतृत्व के विश्वास को बनाए रखूगीं। उन्होंने इसके लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी एवं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा का आभार जताते हुए साधुवाद दिया है।

## डंफर ने बुजुर्ग को रौंदा, मौत

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र भरतपुरा-मसौढ़ी मुख्य मार्ग पर सीही पनसुही गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पालीगंज से मसौढ़ी की ओर जा रहे बालू लदे तेज रफ्तार डंफर ने एक बुजुर्ग को कुचल दिया। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान पन्सुही गांव निवासी स्व शिवनन्दन मोची के 70 वर्षीय पुत्र भवनाथ मोची के रूप में हुई है। भवनाथ मोची घर से पैदल खेत की ओर जा रहे थे तभी पीछे से आ रहे डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनका धड़ अलग हो गया और शरीर क्षत-विक्षत हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने मसौढ़ी की ओर भाग रहे डंपर को पकड़ लिया और ड्राइवर को डंफर सहित पुलिस के हवाले कर दिया।

## बेलगाम बालू लदे हाइवा ने कई लोगों को मारी ठोकर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी पितवांस मार्ग में बुधवार की तड़के सुबह एक बेलगाम बालू लदा हाईवा कई लोगों को ठोकर मार कर भागता हुआ ट्रक मसौढ़ी के सोनकुकुरा के पास पकड़ा गया जहां पर एक बाइक से टकरा गया, बाइक सवार बाल बाल बच गया हलांकि बाइक ट्रक के अंदर चकनाचूर हो गया। इस घटना से गुस्साए भीड़ ने चालक को पड़कर जमकर पिटाई कर दी है। वही पूरी तरह से ट्रक को क्षतिग्रस्त कर दिया है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई है हालांकि ट्रक में आग लगाते हुए पुलिस ने रोक लिया है और जख्मी चालक को पुलिस अपने कब्जे में लेते हुए उसे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है। जख्मी चालक राष कुमार पिता बैधनाथ प्रसाद, नदौल ने बताया कि महाबलीपुर से बालू मसौढ़ी गिराना था। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह हाईवा दुलहीन बाजार के रास्ते की ओर से आ रहा था जहां पर सबसे पहले घटना पंसूई के पास एक व्यक्ति को रौंद दिया उसके बाद सड़क के किनारे एक भैंस को ठोकर मार कर जान ले ली। वही मसौढ़ी के सोनकुकुरा के पास एक दूध ले जा रहे बाइक सवार को ठोकर मार दिया लेकिन हालांकि उसकी जान बाल-बाल बच गई है ट्रक के अंदर वह पूरी बाइक चली गई है जिसे एक आसपास लोग दौड़कर उसे पड़कर ईट पत्थर से पूरी गाड़ी को क्षतिग्रस्त करते हुए उसे आग के हवाले करने की कोशिश की लेकिन डायल 112 की गाड़ी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर ट्रक चालक को अपने कब्जे में ले लिया और उसकी जान बचाई। इस घटना के बाद घंटों सड़क पर जाम का माहौल बना रहा

## पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी एवं विपत्र लिपिक पर वित्तीय गबन का आरोप

### तीन जीएनएम एवं एक चिकित्सक के अवकाश के दौरान वेतन भुगतान का है मामला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी इंचार्ज डॉ धनंजय ने पूर्व के चिकित्सा पदाधिकारी और लिपिक पर वितिय गबन मामला प्रकाश में आया है और इसके खिलाफ कार्रवाई करने का पत्र लिखी है। लिखित आवेदन के अनुसार तत्कालीन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी धनरूआ के रूप में मेरे द्वारा अभिलेखों का अनुश्रवण के क्रम में पाया गया कि डा प्रतिभा कुमारी, पूर्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, एवं विपत्र लिपिक राजीव कुमार के द्वारा मिलीभगत से वित्तीय अनियमितता की गयी है जहाँ. उर्मिला कुमारी, जीएनएम का माह अगस्त 2023 में पैर की हड्डी टूट जाने के कारण अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांक 430 दिनांक 18.08.2023 के द्वारा प्रभारी चिकित्सा कुमारी डा प्रतिभा कुमारी एवं विपत्र लिपिक राजीव कुमार के संयुक्त हस्ताक्षर से कार्यालय आदेश निर्गत किया गया, जिसमें उल्लेख है कि उर्मिला कुमारी, जीएनएम के चिकित्सीय अवकाश पर चले जाने के कारण उर्मिला कुमारी की डियूटी लेबर रूम में वंदना कुमारी, जीएनएम एवं कंचन कुमारी, जीएनएम के द्वारा की जाएगी तब तक जबतक उर्मिला कुमारी चिकित्सीय अवकाश से वापस नहीं आती है। माह अगस्त 2023 से माह अक्टुबर 2024 तक उर्मिला कुमारी अपने कार्य पर उपस्थित नहीं थी। परन्तु लगातार इनका वेतन खाता में भुगतान किया गया है। किसी प्रकार का चिकित्सीय अवकाश की स्वीकृति उच्चाधिकारी के द्वारा स्वीकृत नहीं की गयी थी। माह अक्टुबर 2023 का उपस्थिति पंजी में पूर्ण भाह उपस्थिति नही बनायी गयी है। बाद विपत्र लिपिक के द्वारा उपस्थिति पंजी में उपस्थिति प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के साथ मिलीभगत करके उपस्थिति अंकित करवा दी गयी है। उर्मिला कुमारी से इस संबंध में बात की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि इसके एवज में मेरे द्वारा कार्यालय में चालीस हजार रूपये दिया गया, तब मुझे उपस्थिति पंजी में हाजरी बनाने दिया गया है। जिसकी आडियों रिकांडिग भी उपलब्ध है। माह अगस्त 2023 से माह अक्टूबर 2023 तक के लेबर रूम में संधारित प्रसव पंजी, बी.एच.टी. पर प्रसव महिलाओं की विवरणी में उर्मिला कुमारी, जीएनएम का कही हस्ताक्षर नहीं है। बिना कार्य के पूर्ण माह लगातार वेतन भुगतान करना स्पष्ट वित्तीय अनियमितता हुई है। वहीं वन्दना कुमारी, जीएनएम का माह अप्रैल 2024 में हाथ टूट गया था। हाथ टूटने के बाद वन्दना कुमारी कार्य स्थल से माह अप्रैल 2024 में पूर्ण माह अनुपस्थित थी। उक्त अवधि में बन्दना कुमारी के कार्यालय से किसी प्रकार की छूटटी नहीं ली गयी थी। बाद में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं विपत्र लिपिक के मिलीभगत से माह अप्रैल 2024 के उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करवा दी गयी एवं माह अप्रैल 2024 का पूर्ण माह का वेतन भुगतान कर दिया गया। बिना कार्य के पूर्ण माह का वेतन भुगतान करना वित्तीय अनियमितता को परिलक्षित करता है। इसके अलावा अमृता प्रितम, एएनएम, स्वास्थ्य उपकेन्द्र चन्दुविगहा, धनरूआ का दिनांक 08.12.2023 को ड्यूटी से लौटने के कम में पैर फैक्चर हो गया था जिसमें दिनांक 09.12.2023 से 22.12.2021 तक अपने कार्य स्थल से अनुपस्थित थी।

## आवास की समस्या झेल रहे पुलिस पदाधिकारी

### किराए के मकान में रहने को हैं विवश

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** बेहतर पुलिसिंग को लेकर कई प्रयास किये जा रहे हैं। यहाँ तक की अब पुलिस हाईटेक हो रही है लेकिन थानो मे आज भी पुलिस कई संसाधनों के अभाव का दंश झेल रहे है। तकरीबन डेढ लाख की आबादी की सुरक्षा व्यवस्था और विधि-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले मसौढ़ी थाने की पुलिस पदाधिकारी खुद आवास की समस्या से जुझ रहे है। दरअसल मसौढ़ी थाना में आवास की कमी एक गंभीर समस्या बन गई है। नतीजन पुलिस पदाधिकारी किराए के मकान में रहने को मजबूर हैं। यह समस्या कई थानों में देखी जा रही है, जहाँ पर्याप्त आवास उपलब्ध नहीं है। इस स्थिति में, पुलिसकर्मी और पदाधिकारी अपनी ड्यूटी के साथ-साथ किराए के मकान में रहने की व्यवस्था भी करते हैं, जो उनकी ड्यूटी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। बहरहाल मसौढ़ी थाने में कुल 44 पुलिस पदाधिकारी है जिसमें 18 पुलिस अवर निरीक्षक और 25 सहायक अवर निरीक्षक है, इसके अलावा डायल 112 के तकरीबन 20 पुलिस पदाधिकारी है। ऐसे में 15 पुलिस पदाधिकारी किसी तरह से थाने के अंदर बने हुए जर्जर भवन में रहने को विवश है। इसके अलावा 20 पुलिस पदाधिकारी थाने के आसपास किराए के मकान में रहने को मजबूर हैं। इसके अलावा थाने के अंदर रहने वाले पुलिस पदाधिकारी कोई करकट के मकान में तो कोई जर्जर भवन में तो कोई सिपाही के बैरक में रहने को विवश है। गौरतलब है की किराए के मकान में रहने से पदाधिकारियों की ड्यूटी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि वे अपनी ड्यूटी के साथ-साथ किराए के मकान की व्यवस्था भी करते हैं। ऐसे में सरकार को इन बातों पर गंभीरता बरतनी होगी ताकि हर थानों में पुलिस पदाधिकारी की रहने की पूर्ण व्यवस्था हो ताकि वह थाने के बाहर किराए के मकान में ना रहे, बाहर किराए के मकान में रहने पर सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ सकते हैं और ड्यूटी भी प्रभावित हो सकती है।


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर मैं झारखण्ड के समस्त लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। संथाल परगना के घने वन हों या छोटानागपुर की भव्य पहाड़ियां, हमारा राज्य समृद्ध जैव विविधता से परिपूर्ण है।

वर्तमान में समस्त विश्व जलवायु परिवर्तन की समस्या से ग्रस्त है, ऐसे में जैव विविधता का संरक्षण नितांत आवश्यक है। जैव विविधता का संरक्षण न केवल भूमि के क्षरण को रोकने में, बल्कि जल संरक्षण में भी सहायक है। संतुलित जैव विविधता से हमें उत्तम कृषि उपज औषधीय पौधे वन आधारित आजीविका जैसे लाह की खेती, तसर सिल्क की खेती, मुधमक्खी पालन, बांस की खेती के उत्तम परिणाम मिलते हैं।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का विषय **"प्रकृति के साथ सामंजस्य एवं सतत विकास"** है।

आइए, अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2025 के अवसर पर हम सभी, जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन तथा उनके संतुलित उपयोग के लिए संकल्प लें।

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार

PR-353165 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26

## संक्षिप्त समाचार

### तीस लीटर चुलाई शराब के साथ एक धंधेबाज धराया

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने तीस लीटर चुलाई शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान सेमरा चौक निवासी मुकेश कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सेमरा चौक पर चोरी छिपे शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना के आलोक में टिम गठित कर छापेमारी की गई। छापेमारी में तीस लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया। पुलिस ने इस करवाई में एक कारोबारी को पकड़ा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### महिला व उसके पुत्र से मारपीट

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के सुगौली में जमीनी विवाद में एक महिला व उसके पुत्र के साथ मारपीट की गई है। घटना 19 मई की है। मामले में पीड़ित महिला ज्योति देवी ने शिकारपुर थाने मे आवेदन सौपा है। पुलिस को दिए आवेदन में गांव के ही पप्पू तिवारी,शिवम तिवारी,शुभम तिवारी,प्रीति देवी व शंभूनाथ तिवारी को नामजद किया है। आरोप है 19 मई को महिला अपने जमीन को जोतने के लिए पहुचीं तो उक्त सभी लोगो उस जमीन को जोतने से रोक दिए और गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर मारपीट कर मुझे एवं मेरे बेटे को जख्मी कर दिया। महिला ने बताया कि उक्त सभी लोग उसके रिश्तेदार है। उसे हिस्से में तीन बीघा जमीन मिली है। इससे पूर्व भी आरोपितों द्वारा अपने हिस्से की जमीन को जोत आबाद करने से रोका गया था। हालांकि पंचायती व प्रशासनिक पहल पर उसे जोत आबाद करने की मंजूरी मिल गयी थी।थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। उसके बाद अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

### सरकारी नाले को तोडा,नोटिस जारी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चनपटिया में सरकारी नाला का स्लैब तोड़ने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो नगर के वार्ड संख्या-चार के गुड़हट्टा बाजार के समीप की है। वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि कुछ मजदूर नाले की स्लैब को अंधाधुंध तोड़ रहे हैं। वीडियो मिलते ही नगर पंचायत ने इस पर संज्ञान भी ले लिया है। नपं के ईओ डॉ रमण कुमार ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना गलत है। मकान मालिक को नोटिस निर्गत किया गया है। बताया जाता है कि हाल ही में नगर पंचायत ने मीठाहट्टा बाजार से सब्जी मंडी तक करीब 15 लाख रुपए की लागत से नाला निर्माण कराया था। ईधर, नाला तोड़े जाने से स्थानीय लोगों में रोष है।



### साईबर फ्रॉड मामले में किशोर धराया

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के लौरिया के पराउटोला निवासी एक सीएसपी संचालक के साथ साईबर धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने एक किशोर को गिरफ्तार किया है। किशोर के पास से पीएनबी का पासबुक व एक मोबाईल फोन भी जब्त किया है। साईबर डीएसपी गौतम शरण ओमी ने बताया कि सीएसपी संचालक उदय प्रकाश कुशवाहा ने पुलिस को सूचना दी कि उसके पास एक दिन दो अज्ञात लोग आये और आकस्मिक स्थिति बताकर उसके खाते में कहीं से 50 हजार रुपया स्थानांतरण करवाया और नगद राशि लेकर चले गये। लेकिन कुछ दिन के बाद उसका खाता होल्ड हो गया। जब उसने की तहकीकात की तो मालूम हुआ कि किसी दूसरे व्यक्ति के खाते से साईबर फ्रॉड के माध्यम से 50 हजार रुपये मेरे खाते में आ गयी थी इसके कारण खाता को होल्ड कर दिया गया है। तब जाकर सीएसपी संचालक ने इसकी जानकारी साईबर थाने को दी। सीएसपी संचालक के आवेदन के आधार पर कार्रवाई की गयी है। साइबर थाना के डीएसपी गौतम शरण ओमी ने बताया कि पकड़े गए किशोर को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। इस घटना में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी हो रही है।

### सड़क हादसे में केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा थाना क्षेत्र के नगरदेही गांव के समिप सीमा सड़क पर बीते दिन हुए सड़क हादसे में दो युवक जख्मी हो गए थे। जिसको लेकर थाने में दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष दीपक प्रसाद ने बताया कि इनरवा थाना के शाहपुर परसौनी के ढेडी राय के आवेदन पर भंगहा के सबेया गांव के नितेश पांडे और रमन महतो के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है। विदित हो विगत 16 मई को सीमा सड़क पर ट्रेक्टर और बाइक की आमने सामने की टंकार में शाहपुर परसौनी के सत्येंद्र राय और बागड़ राय जख्मी हो गए थे।

### मोदी कैबिनेट के मंत्री रामनाथ ठाकुर के बिगड़े बोलः पत्रकारों को बताया 'आलसी'

**असल पत्रकार तो सुबह 11 बजे के बाद ही उठते हैं : रामनाथ ठाकुर**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में शामिल और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर बुधवार को एक विवादित बयान देकर सुर्खियों में आ गए। उन्होंने पत्रकारों को आलसी बताते हुए कहा कि जो मीडिया कर्मी हैं, वो सुबह 11 बजे के बाद ही उठते हैं। यह बयान उन्होंने सीवान स्थित न्यू परिसदन में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की एक बैठक के दौरान दिया। बैठक में जिले के तमाम बड़े नेता और पदाधिकारी मौजूद थे।



**जदयू नेताओं की मौजूदगी में दिया बयान**

बैठक में जदयू के जिला अध्यक्ष चंद्रकेतु सिंह, पार्टी नेता विकास कुमार सिंह उर्फ जीसू सिंह, मुख्य प्रवक्ता निकेश चंद्र तिवारी, जिला प्रवक्ता सुनील कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश ठाकुर, मुर्तजा अली पैगाम, सत्येंद्र ठाकुर, संतोष कुंवर और पूर्व प्रत्याशी बबलू चौहान भी शामिल रहे।

**मीडिया पर निशाना, राजनीतिक गलियारों में हलचल**

रामनाथ ठाकुर के इस बयान के बाद मीडिया जगत में तीखी प्रतिक्रिया देखी जा रही है। कई पत्रकारों ने इसे अपमानजनक और गैर-जिम्मेदाराना बताया है। वहीं, राजनीतिक हलकों में भी इस टिप्पणी को लेकर हलचल मची हुई है। अब देखना यह होगा कि बीजेपी और जदयू इस बयान पर क्या रुख अपनाते हैं, और क्या मंत्री ठाकुर अपने बयान पर माफी मांगते हैं या नहीं।

# भाजपा कार्यसमिति की बैठक

## ऑपरेशन सिंदूर पर सेना और पीएम को धन्यवाद, जातीय जनगणना व बजट पैकेज पर रणनीति







**बूथ सशक्तिकरण के लिए कार्ययोजना तैयार ● प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा आभार प्रस्ताव ● केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर**

**कृष्ण मुरारी पांडेय।/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।**

**सीवान।** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में देश की सुरक्षा और गर्व से जुड़े 'ऑपरेशन सिंदूर' के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना को धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही जातीय जनगणना, बूथ सशक्तिकरण और बिहार को बजट में मिले विशेष पैकेज को लेकर गहन चर्चा की गई।

**बैठक में उठे प्रमुख मुद्दे**

कार्यसमिति की बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करने के लिए रणनीति तैयार की गई। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करें। जातीय जनगणना जैसे ज्वलंत मुद्दे पर पार्टी की सोच स्पष्ट करते हुए इसे सामाजिक न्याय और विकास से जोड़ने की बात कही गई।

**प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा धन्यवाद प्रस्ताव**

बैठक में केंद्र सरकार द्वारा बिहार के लिए बजट में विशेष पैकेज दिए जाने को राज्य के हित में बताया गया। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आभार प्रस्ताव पारित कर औपचारिक पत्र भेजे जाने का निर्णय लिया गया।

**वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में हुई बैठक**

बैठक में सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, प्रदेश महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी, दारौंदा विधायक करनजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय पांडेय, प्रदेश मंत्री नंद प्रसाद चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रो. अभिमन्यु सिंह, पूर्व स्वास्थ्य राज्य मंत्री व्यास देव प्रसाद, पूर्व एमएलसी और कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, जीरादेई विधानसभा संयोजक राजीव कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, जिला प्रभारी लाल बाबू कुशवाहा, नगर परिषद अध्यक्ष सैंपी गुप्ता, उपसभापति किरण गुप्ता और नगर महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यकर्ताओं को दिए गए दिशा-निर्देश**

बैठक में बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाने, नवमतदाताओं को पार्टी से जोड़ने और केंद्र की लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा गया।

### महिला मोर्चा ने किया अतिथियों का अभिनंदन

**जिला कार्यसमिति की बैठक में पुष्पांजलि अर्पण के साथ शुरू हुई कार्यवाही, धन्यवाद और आभार प्रस्ताव हुए पारित**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति की बैठक बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में गरिमामय माहौल में आयोजित हुई। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पण, वंदे मातरम और स्वागत गीत के साथ की गई। बैठक के मुख्य अतिथियों और विशिष्ट आगंतुकों का स्वागत महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं द्वारा पारंपरिक अंदाज में किया गया। इसके बाद जिला पदाधिकारी द्वारा सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना भाजपा जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी ने रखी, जिसमें उन्होंने बैठक के उद्देश्यों और एजेंडा की जानकारी दी। प्रदेश महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष प्रो. अभिमन्यु सिंह ने बूथ सशक्तिकरण की कार्य योजना प्रस्तुत की। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए विशेष रणनीतियाँ साझा कीं और कार्यकताओं को इसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। वहीं, भाजपा जिला महामंत्री हरेंद्र सिंह ने जातीय जनगणना और बिहार के लिए केंद्रीय बजट में मिले विशेष पैकेज के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापन प्रस्ताव रखा, जिसे कार्यसमिति ने अनुमोदित किया। कार्यक्रम की कार्यवाही में अनुशासन, संगठनात्मक समर्पण और भावी रणनीति की स्पष्ट झलक देखने को मिली। बैठक में मौजूद वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

## अनियंत्रित ट्रक ने वृद्ध को रौंदा, हुई मौत

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के रामपुरवा निवासी का पहाड़पुर के कोटवा से अपने साढू का दाह संस्कार कर मंगलवार रात्रि में बाइक से लौटने के क्रम में जगदीशपुर पेट्रोल पंप के समीप विपरीत दिशा से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया।जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।सूचना पर पहुंची जगदीशपुर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।तथा ट्रक को जब्त कर लिया है।वही चालक फरार है।परिजनों द्वारा दाह संस्कार कर दिया गया है।मुखाग्नि मृतक का भतीजा राजेन्द्र शर्मा ने दी।मृतक की पहचान मझौलिया थाना क्षेत्र के रामपुरवा निवासी 70 वर्षीय सुदामा शर्मा के रुप में हुई है।घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।मृतक का भतीजा विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक को छह बेटियां हैं।सभी की शादी हो चुकी है।वही पत्नी शारदा देवी काफी लाचार एवं बृद्ध है।उनकी देखभाल करने वाला अब कोई नही है।बेटा भी नही है कि उनकी देखभाल होगी।सिर्फ मृतक ही मात्र सहारा थे वे भी दुनिया छोड़ कर चले गए।पत्नी शारदा देवी का भी सदमे से बुरा हाल है।जगदीशपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।ट्रक को जब्त कर लिया गया है।चालक फरार है।अभी आवेदन प्राप्त नही हुआ है।आवेदन मिलने पर अग्रतर कार्यवाही की जायेगी।

### तेज आंधी का कहर छात्रा की तीन अंगुलियां दरवाजा से कटी

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय रामपुरवा में तेज अंधी तूफान से दरवाजा का तेज झटका से पास खड़ी तीसरी क्लास की छात्रा अंशु प्रिया की हाथ का तीन अंगुली कट गया।छात्रा को आनन फानन में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु भर्ती कराया गया है।इधर छात्रा के पिता संजय शर्मा ने शिक्षकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

उनका कहना है कि जब आंधी तूफान शुरू हुआ तब क्लास में कोई शिक्षक नही थे।जिससे सभी छात्र दरवाजे के पास खड़े हो गए।आंधी के तेज गति से दरवाजा का जोड़दार झटका से बच्ची का अंगुली कट गया है।क्लास में शिक्षक रहते तो बच्चे दरवाजा के पास नही रहते तो ये घटना नही होती।

## पंचायत सरकार भवन निर्माण में अनिमितता का आरोप

**ग्रामीणों ने की मानक के अनुसार निर्माण कार्य कराने की मांग**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** के बिनवलिया पंचायत में पंचायत सरकार भवन के निर्माण में अनियमितता का मामला एक बार फिर उठाया गया है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य मे घटिया सामग्री का उपयोग करने का आरोप लगाया है। इसको लेकर ग्रामीण अमजद अली, इमरान खान, वजीर अंसारी आदि ने पंचायत सरकार भवन के निर्माण में दो नंबर लाल ईट लगाने व इट पर सीमेंट का घोल देकर छिपाने का आरोप लगाया है। ग्रामीण अमजद अली ने बताया कि पंचायत सरकार भवन निर्माण में फ्लाई ऐश ईट लगाना है। जबकि निर्माण एजेंसी के द्वारा लाल इट लगाया जा रहा है और उसपर सीमेंट का घोल देकर छुपा दिया जा रहा है। इतना हीं नहीं बिना योजना बोर्ड लगाए हीं निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। और तो और कार्य में जो सरिया लगाया जा रहा है वह भी मानक के अनुसार नही लगा है। अनुमंडल पदाधिकारी एवं बीडीओ से उनके मोबाइल पर शिकायत की गई है। इधर निर्माण कार्य मे गड़बड़ी की सूचना पर बीपीआरओ विवेक आर्या ने बुधवार निर्माण स्थल का जायजा लिया। बीपीआरओ ने बताया कि निर्माण में गड़बड़ी को लेकर आवश्यक कार्यवाही के लिए भवन निर्माण विभाग के अभियंता से बात की गई है। बता दें कि इससे पहले भी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश सिंह ने इसके निर्माण कार्य में टुकड़ा ईट व लोकल बालू लगाने का मामला उठाया था। बहरहाल ग्रामीणों ने मानक के अनुसार गुनवकतापूर्ण निर्माण कार्य कराने की मांग की है।



## मंडलकारा के गेट से हथकड़ी सहित कैदी फरार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** न्यायालय में पेशी के बाद जेल ले जाने के दौरान मंगलवार को जेल गेट के समीप सुरक्षा कर्मियों को चकमा देकर कैदी व्यास कुमार हथकड़ी सहित फरार हो गया है। वह मझौलिया थाना क्षेत्र के धनकुटवा गांव का रहने वाला है। मझौलिया पुलिस पोक्सो एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार की थी। मामले में कालिबाग थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष विवेक बालेंदु ने बताया कि गृहरक्षक के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि फरार कैदी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर दो फाड़ में बंटी सीवान कांग्रेस, खुलकर सामने आई गुटबाजी

**एक धड़े का नेतृत्व इंटक अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र के हाथ में, तो दूसरे गुट के साथ खड़े हैं जिला अध्यक्ष सुशील यादव**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीवान जिला कांग्रेस में अंतर्कलह अब सतह पर आ चुकी है। बुधवार को स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर सिवान कांग्रेस दो गुटों में साफ तौर पर बटी हुई नजर आई। एक ओर इंटक के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र के नेतृत्व में कई पुराने और वरिष्ठ नेता खड़े हैं, तो दूसरी ओर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील यादव की अगुवाई में दूसरा गुट सक्रिय है।



**ओमप्रकाश मिश्र के साथ खड़े हैं कई वरिष्ठ नेता**

पार्टी के पहले गुट का नेतृत्व कर रहे हैं इंटक अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र, जिनके साथ हैं कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमाकांत सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विनय चंद्र श्रीवास्तव, अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पंचदेव राम, और प्रदेश प्रतिनिधि उपेन्द्र पांडेय। इन नेताओं का कहना है कि वे सुशील यादव को कांग्रेस का जिला अध्यक्ष मानने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि यह फैसला पार्टी कार्यकर्ताओं की राय के बिना लिया गया।

**सुशील यादव की नियुक्ति पर जताई नाराजगी**

कई कांग्रेस नेताओं ने बताया कि सुशील यादव पहले सीपीएम (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया - मार्क्सिस्ट) के कार्यकर्ता रह चुके हैं और अचानक कांग्रेस में आकर जिला अध्यक्ष बन जाना, कार्यकताओं के मन में सवाल खड़े कर रहा है। नेताओं का आरोप है कि सुशील यादव की नियुक्ति कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के निर्देश पर और बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम द्वारा बिना स्थानीय कार्यकर्ताओं की सहमति के कर दी गई।

**गुटबाजी से कमजोर हो रही है जिला कांग्रेस**

पार्टी कार्यकर्ताओं का मानना है कि इस प्रकार का एकतरफा फैसला न केवल लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है, बल्कि इससे संगठन भी कमजोर हो रहा है। अब पार्टी के अंदर दो खेमे बनने से संगठनात्मक गतिविधियों में टकराव और भ्रम की स्थिति बन गई है।

**वरिष्ठ नेताओं ने की हस्तक्षेप की मांग**

ओमप्रकाश मिश्र के गुट से जुड़े नेताओं ने आलाकमान से अपील की है कि इस गुटबाजी को खत्म करने के लिए शीर्ष नेतृत्व को हस्तक्षेप करना चाहिए। उनका कहना है कि पुराने और समर्पित कार्यकताओं की अनदेखी कर नए चेहरों को पद देना पार्टी की नींव को कमजोर कर सकता है।

**राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज**

सिवान कांग्रेस में बढ़ती खींचतान को लेकर राजनीतिक हलकों में चचाएं तेज हो गई हैं। जानकारों का मानना है कि अगर समय रहते आलाकमान ने स्थिति को नहीं संभाला, तो जिले में कांग्रेस को संगठनात्मक रूप से बड़ा नुकसान हो सकता है।

## बैरिया का राजस्व कर्मचारी निलंबित

**● दाखिल खारिज के मामले की सुनवाई के दौरान राजस्व कर्मचारी बिटू कुमार ने इसके एवज में रिश्वत की मांग**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दाखिल खारिज के मामले में रिश्वत की मांग पुरी नही करने पर पूर्व के जमाबंदी को रद्द करने की अनुसंशा एक राजस्व कर्मचारी को महंगा पड़ गया है। शिकायत पर कोई कार्रवाई नही होते देख शपथपत्र के साथ पुनः साक्ष्य देने पर प्रशासनिक की ओर से कार्रवाई की गयी है। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने राजस्व कर्मचारी बिटू कुमार के विरुद्ध आये आरोपो को प्रथम द्दष्टया सही पाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामला यह है कि बैरिया अंचल के मियापुर के रैफुल आजम ने अपनी जमीन की दाखिल -खारिज के लिए आवेदन दिया। जिसपर वाद का संचालन शुरू किया गया। दाखिल खारिज के मामले की सुनवाई के दौरान राजस्व कर्मचारी बिटू कुमार ने इसके एवज में रिश्वत की मांग की। आवेदक रैफुल आज ने शपथ पत्र में बताया है कि राजस्व कर्मचारी बिट्टू कुमार को 2000 रुपये भी दिए, लेकिन उक्त राजस्व कर्मचारी ने उसकी जमीन की दखिल खारिज नहीं करके आवेदक से 25000 रुपये की मांग की और दाखिल खारिज नहीं किया। हैरत की बात तो यह है कि राजस्व कर्मचारी ने उल्टे उनके खाता, खेसरा सहित जमीन के अन्य विवरणी को अवैध करार करते हुए इसे निरस्त करने की अनुशंसा अंचल अधिकारी से कर दी। परेशान होकर आवेदक श्री आजम ने एक शपथ पत्र तैयार कर अपर समाहर्ता से इसकी शिकायत की। अपर समाहर्ता ने इसे गंभीरता से लेते हुई स्वयं इसकी जांच की। जांच में पता चला कि तत्कालीन सीओ के द्वारा उक्त जमीन के सभी कागजात वैध करार किया गया है और जमीन का खाता खेसरा सहित अन्य सभी जानकारी बिलकुल ही वैध है। नतीजतन अपर समाहर्ता ने राजस्व कर्मचारी बिट्टू कुमार को निलंबित करने का अनुशंसा जिलाधिकारी से की। अनुशंसा के आलोक में जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने राजस्व कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

## ढाई करोड़ से होगा बड़ा रमना का सौंदर्यीकरण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि ऐतिहासिक बड़ा रमना मैदान का सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जायेगा। नगर विकास एव आवास विभाग ने इसके सौंदर्यीकरण के लिए करीब ढाई करोड़ के योजना को स्वीकृति दी है। योजना पूरी होने के बाद इसकी निगहबानी तीसरी आंख अर्थात सीसीटीवी के माध्यम से करने की व्यवस्था सुनिश्चित करना निर्धारित किया गया है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि विभागीय आदेश के आलोक में इस पूरे जिला के एक महत्वपूर्ण धरोहर के रूप में इस विशाल मैदान का पार्क के तर्ज पर समग्र विकास किया जाएगा। विभाग से स्वीकृत डीपीआर के आधार पर महापौर ने बताया कि इसकी साफ सफाई और समतलीकरण के बाद चहारदीवारी के पास पेड़ और खाली जगह पर आधुनिक घास लगाई जायेंगी। इसके साथ ही पाथवे, चार गजीबो, आराम बैंचों के साथ पर्याप्त हाई मास्क लाइटों के अलावा तीन योग कुटीर, दो गार्ड रूम, महिला पुरुष और गार्ड के लिए अलग अलग शौचालय बोरवेल का निर्माण कराया जाएगा। महापौर ने बताया कि इसके साथ ही प्रवेश द्वारों का जीर्णोद्धार के साथ इस ऐतिहासिक धरोहर का पांच साल के रखरखाव की व्यवस्था पर भी योजना के डीपीआर में ध्यान दिया गया है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने यह भी बताया कि नगर निगम बेतिया द्वारा रमना मैदान के सौन्दर्यकरण की निविदा जल्द ही जारी की जाएगी।



### डिप्टी कलेक्टर को मिला योगापट्टी सीओ का प्रभार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनाधिकृतरुप से गायब रहने में योगापट्टी अंचल के सीओ प्रज्ञा नयनम फंस गई हैं। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से उनकी छुट्टी रद्द कर दी है व स्पष्टीकरण तलब किया है। साथ ही प्रशिक्षु वरीय उपसहमर्ता नगमा तब्सूम को योगापट्टी सीओ का प्रभार दिया गया है। एडीएम राजीव कुमार सिंह ने बताया कि लगातार शिकायत मिल रही थी कि योगापट्टी सीओ अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रह रही थी। बिना मुख्यालय के अनुमति के आवेदन देकर अनाधिकृत रुप लंबी छुट्टी पर चली जाती थी।जिससे विभागीय कार्य के अलावे आमलोगों का भी कार्य प्रभावित हो रहा था। जो सीओ के कर्तव्यहीनता व स्वच्छाचारिता का द्योत्तक है। साथ ही सरकारी सेवक के कार्यशैली के प्रतिकूल है।

## बीडीओ ने लिया विकास शिविर का जायजा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के 14 पंचायतों में बुधवार को विशेष विकास शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में जन्म प्रमाण पत्र, जॉब कार्ड, ई श्रम कार्ड, शौचालय, आवास समेत अन्य विकास कार्यो से संबंधित आवेदन लिया गया। बीडीओ सूरज कुमार ने मलदहिया पोखरिया पंचायत के पिपरा एवं बीपीआरओ विवेक आर्य ने बिनवलिया पंचायत के महुअवा हरिजन टोला में लगे विकास शिविर का जायजा लिया। इस दैरान अधिकारियो ने शिविर में उपस्थित कर्मियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बीडीओ श्री सिंह ने बताया कि केहुनिया रोआरी, नौतनवा, हरदीटेढ़ा, मलदहिया पोखरिया, धूमनगर, भभटा, शेरहवा, बिनवलिया, भेड़ीहरवा, शिकारपुर, रखही चंपापुर, भसुरारी, सुगौली तथा गोखुला पंचायत के दलित एवं महादलित टोला ने विकास शिविर लगाया गया था। शिविर के माध्यम से टोला के ग्रामीणों को वंचित योजनाओं का लाभ देने को लेकर आवेदन लिया जा रहा है।



### ठनका से महिला जख्मी

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को दिन चढ़ने के साथ ही पश्चिम दिशा से आई तेज आंधी पानी के बीच मेघ गर्जन से लोगों का हाल बेहाल हो गया तो वहीं प्रखंड के लाकड़ सिसई पंचायत के लाकड़ गांव वार्ड संख्या 07 में बिजली खंभा में अचानक आकाशीय बिजली गिर गई जिससे बगल के घर में सो रही ग्रामीण कैलाश चौधरी की 30 वर्षीय पुत्री आरती देवी गंभीर रूप से घायल हो अचेत हो गई। वही आनन फानन में परिजन उसे लेकर नरकटियागंज के हरदिया चौक पर किसी निजी अस्पताल में भर्ती कर इलाज कराए। जहां करीब चार घंटे ईलाजरत रहने के बाद होश में आई। इधर समाचार भेजे जाने तक हुई क्षति में घर में लगे टीवी , इलेक्ट्रिक बोर्ड , तार, चार्जर आदि उपकरण जलकर राख हो गए ।

# दुर्घटनाओं में दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिला में दो अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गयी। पहली घटना जिले के ओबरा थाना क्षेत्र के तेजपुरा और महादेबा गांव के पास की है, जिसमें ओबरा थाना क्षेत्र लबदना गांव निवासी राजेश राम के 28 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विवेक अपनी चाची ज्ञानती देवी को बाइक से दाउदनगर बाजार ले जा रहा था। हादसे में चाची जख्मी हो गई। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार सत्येंद्र कुमार जो रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के बडीहा गांव का रहने वाला है। वह अपनी पत्नी के साथ ससुराल लबदना गांव जा रहा था। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल दाउदनगर पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को गंभीर हालत में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने विवेक को मृत घोषित कर दिया। जबकि सत्येंद्र की हालत नाजुक देखते हुए




प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर सदर अस्पताल पहुंची नगर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इधर, दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि हादसे में एक युवक की मौत हुई है। जबकि इस घटना में एक महिला और युवक जख्मी हैं। परिजन की ओर से आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है।

रफीगंज संवाददाता के अनुसार

रफीगंज प्रखंड के भदवा-हरिहरगंज रोड में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर दूसरे वाहन के चकमा से अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक मजदूर की पहचान बिजोई गांव निवासी सुरेश भगत के पुत्र 30 वर्षीय अपलेन्द्र कुमार भगत के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार मृतक ट्रैक्टर पर मजदूरी का काम करता था। मंगलवार की देर शाम वह अन्य मजदूरों के साथ भदवा से मिट्टी गिरा कर ट्रैक्टर के ट्रेलर में बैठकर घर लौट रहा था। जैसे ही ट्रैक्टर भदवा रोड में पहुंचा सामने से आ रही तेज रफ्तार वाहन से चकमा खाकर ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया तथा सड़क किनारे खाई में पलट गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहां कुछ देर इलाज के बाद निजी क्लीनिक संचालक ने उसे रेफर कर दिया। इसके बाद रात्रि में ही परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी। सदर अस्पताल में मजदूर की मौत की सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस वहां पहुंची तथा शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर रफीगंज के बीबीपुर गांव निवासी लोकेश कुमार सिंह की थी। ट्रैक्टर उनका बेटा छोटू सिंह चला रहा था। पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक अत्यंत ही निर्धन परिवार से था। वह किसी तरह मेहनत- मजदुरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके निधन के बाद उसके दो छोटे-छोटे बच्चों के सर से पिता का साया उठ चुका है। इस संबंध में रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि घटना के बारे में जानकारी मिली है। मामले का जांच पड़ताल कर आवेदन प्राप्त होने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# एकजुट भारत का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** समाहरणालय परिसर में बुधवार को आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर एकजुट भारत का संकल्प गूंजा। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों व कर्मचारियों ने आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ शपथ ली। इस अवसर पर समाहरणालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शपथ ली गई कि वे भारत की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में अटूट विश्वास रखते हुए सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का दृढ़ता से विरोध करेंगे। साथ ही वे समाज के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव और आपसी समझ बनाए रखने तथा मानव मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली विघटनकारी शक्तियों से संघर्ष करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। कार्यक्रम में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन, जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# 11 वर्षों से फरार नक्सली गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नक्सलियों के खिलाफ एसटीएफ एवं औरंगाबाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप एक हार्डकोर नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए नक्सली की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के निमीडीह गांव निवासी शिवकुमार सिंह के रूप में की गई है। गिरफ्तार नक्सली कई नक्सल कांडों में 11 वर्षों से फरार चल रहा था। इसके खिलाफ मदनपुर थाना में छह कांड दर्ज हैं। वर्ष 2014 में मदनपुर ब्लॉक परिसर, पुलिस निरीक्षक, कार्यालय मदनपुर अंचल में तोड़-फोड़ एवं विस्फोट तथा आगजनी कर क्षति पहुंचाने का आरोप है। मदनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि पकड़े गए नक्सली के विरुद्ध मदनपुर थाना में छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह बीते 11 वर्षों से फरार चल रहा था। इसी क्रम में आज सूचना के आधार पर पकड़ा गया। इस कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा हुआ है। नक्सली गतिविधि पर अंकुश लगाये जाने हेतु लगातार छापामारी अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि




अपराधकर्मियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस जद में जो भी आएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारुन (औरंगाबाद)।** चोरी की बाइक के साथ एक युवक को बारुन पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रामइकबाल यादव ने बताया कि समकालीन अभियान को लेकर बारुन थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। उसी क्रम में थाना क्षेत्र के केशव बाजार मोड़ के समीप एक हीरो होंडा स्प्लेंडर से एक युवक आया, जो पुलिस को देख कर भागने का प्रयास किया गया। शक होने पर उसे पकड़ा व गाड़ी के कागजात की मांग की गयी तो कोई भी कागजात नही दिखाया। वही बाइक को जब्त करते हुए युवक को गिरफ्तार किया गया। जिसकी पहचान जिले के ही ओबरा थाना के जमुनी गांव के निवासी आशुतोष कुमार के रुप में की गयी। वही पूछताछ के क्रम में बताया कि बाइक चोरी की है और उसे शेरघाटी से टेनि कुमार से 14 हजार में लिया है। वहीं गाड़ी पर अंकित नम्बर का सत्यापन कराने पर पाया गया कि बाइक झारखण्ड राज्य के धनबाद जिले की है। आशुतोष कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी करते हुए उसे जेल भेज दिया गया।

# ओवरब्रिज निर्माण के बाद भी लोगों को आवागमन में हो रही दिक्कतें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय- गया रेल खंड के रफीगंज रेलवे स्टेशन गेट नंबर 19 पर ओवरब्रिज का निर्माण किया गया और संचालित भी हो रहा है लेकिन संपर्क सीढ़ी नहीं बनाया गया जिससे आम नागरिकों को काफी असुविधा हो रही है। रेलवे गुमटी को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया जिससे अंचल कार्यालय, प्रखण्ड कार्यालय व बाल विकास परियोजना कार्यालय तक आने-जाने में लोगों को लंबा रास्ता घुमकर जाना पड़ रहा है। खास कर स्कूली बच्चों एवं वृद्ध लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों की मांग है कि जब तक सीढ़ी का निर्माण नहीं होता है तब तक रेलवे गेट का संचालन होता रहे।



इस संबंध में भाजपा नगर अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, समाजसेवी ब्रजेश कुमार एवं उपेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि जब तक ओवरब्रिज पर सीढ़ी नहीं बन जाती तब तक रेलवे गुमटी को खोल दिया जाए ताकि छात्रों एवं आम लोगों को आवागमन में सुविधा मिले। इस संदर्भ में स्थानीय नागरिकों द्वारा एक स्मारपत्र स्टेशन प्रबंधक को सौंपा गया है, जिसमें सीढ़ी के अभाव में लोगों को हो रही परेशानियों का जिक्र किया गया है। आवेदन की प्रतिलिपि डीआरएम को भी भेजी जा रही है। इस संबंध में स्टेशन प्रबंधक ने कहा कि ज्ञापन के आलोक में वरीय पदाधिकारीयों को अवगत कराया जाएगा और यथासंभव सहयोग प्रदान की जाएगी। मौके पर धनेश यादव, बिक्रम मेहता, जितेन्द्र यादव, अमरजीत कुमार, रवि कुमार, दिलीप साव, मो गफार, मो मेराज, फिरोज, मुन्ना कुमार, प्रदीप चौधरी के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैनिकों के सम्मान में बुधवार को अंबा में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसका नेतृत्व बीस सूत्री अध्यक्ष सह भाजपा कुटुंबा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने किया। यात्रा सतबहिनी मंदिर परिसर से शुरू की गई जिसमें नेता, समाजसेवी एवं आमलोगों ने भाग लिया। इस दौरान लोगों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज ले कर भारत माता और भारतीय सैनिकों के सम्मान में जिंदाबाद तथा आतंकवाद और आतंकवाद के पनाहगार पाकिस्तान के विरुद्ध मुर्दाबाद के नारे लगाए। नारेबाजी करते हुए लोग हरिहरगंज, नबीनगर, देव व औरंगाबाद रोड का भ्रमण करते हुए अंबा चौक पर पहुंचे और यात्रा संपन्न किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखा पासवान, अभय पासवान, अमरेन्द्र सिंह, पंकज सिंह, प्रेम चंद्रवंशी, विनय पांडेय, जदयू प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, लोजपा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, रोशन कुमार सिंह, रामराज केसरी समेत कई लोग शामिल थे।

# आतंकवाद विरोधी दिवस पर दिलाई शपथ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा थाना परिसर में थानाध्यक्ष नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आतंकवाद विरोध दिवस पर पुलिस अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई गई। साथ ही आतंकियों के विरुद्ध सतर्क रहकर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर पुलिस पदाधिकारियों ने कहा कि आतंकवाद के रूप में हिंसा करना गलत है। सभी को आतंकवाद के खिलाफ खड़ा होना चाहिए। थानाध्यक्ष ने बताया कि आज के ही दिन पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को आतंकवादियों ने बम विस्फोट कर मौत के घाट उतार दिया था। उनकी शहादत को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# कांग्रेस छोड़ जन सुराज में शामिल हुए व्यास राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पूर्व कांग्रेस नेता व्यास राम ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जन सुराज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इस अवसर पर जिला कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने पार्टी की नीतियों और विचारधारा की खुलकर प्रशंसा की। व्यास राम ने कहा कि जन सुराज सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन है, जो राजनीति में पारदर्शिता, जवाबदेही और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने जन




सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के अभियान की सराहना करते हुए कहा कि वे जमीनी स्तर पर जाकर जनता से संवाद कर रहे हैं, जो भारतीय राजनीति में एक सकारात्मक बदलाव की ओर इशारा करता है। प्रेस वार्ता में व्यास राम के साथ भाजपा के पूर्व नगर उपाध्यक्ष अयोध्या सिंह, रामदाहीन सिंह, मुन्ना सिंह चंद्रवंशी, बैकुंठ कुमार सिंह, सुनील सिंह समेत कई कार्यकर्ताओं ने भी जन सुराज की सदस्यता ली और पार्टी की नीतियों पर भरोसा जताया। इस मौके पर जिला महासचिव रामजी चौहान, जिला महिला अध्यक्ष उमा देवी, जिला उपाध्यक्ष शशिकांत गौतम, जिला कार्यालय प्रभारी मोहन सिंह, औरंगाबाद प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, कुटुंबा ब्लॉक अध्यक्ष रणधीर सिंह, औरंगाबाद प्रखंड युवा अध्यक्ष सुबोध कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। सभी ने एक सुर में नए साथियों का स्वागत किया और जन सुराज के अभियान को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। व्यास राम ने यह भी कहा कि बिहार और देश को अब वैकल्पिक राजनीति की जरूरत है और जन सुराज इस दिशा में एक ठोस पहल है, जो युवाओं, महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों को सशक्त करने का कार्य कर रही है।

# गोलीबारी में दो घायल

**हसपुरा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** जमीनी विवाद मामले में हसपुरा थाना क्षेत्र के फतेगंज गांव में बुधवार को दो पक्षों के बीच झड़प व गोलीबारी होने का मामला प्रकाश में आया है, जिसमे एक पक्ष के 70 वर्षीय रिटायर फौजी रामस्वरूप सिंह तथा 34 वर्षीय ग्रामीण युवक उज्ज्वल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को घायलों को इलाज के लिए हसपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के उपरांत दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया।

# शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए बाल संसद का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय उसुरुम्भा में बाल संसद का गठन प्रधानाध्यापक अनिरुद्ध प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सर्वसम्मति से शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापक की देख-रेख में विद्यालय के प्रधानमंत्री के रूप मे काजल कुमारी एवं उप प्रधानमंत्री के रूप मे मनोज कुमार चुने गए। इसके अलावा शिक्षा मंत्री के रूप मे जिया कुमार, उप शिक्षा मंत्री हिमांशु कुमार, स्वास्थ्य मंत्री व जल मंत्री वर्षा कुमारी, खेल मंत्री शैणवी कुमार के साथ अन्य सदस्य शिक्षा में गुणात्मक सुधार को लेकर बाल संसद का गठन किया गया है। यह चुनाव वरीय शिक्षक मोहम्मद वैश्य एवं प्रधानाध्यापक अनिरुद्ध प्रसाद के नेतृत्व में किया गया। सभी चुने गए पदाधिकारियों को प्रधानाध्यापक अनिरुद्ध प्रसाद ने शपथ दिलाया। सभी ने शपथ लेते हुए कहा कि विद्यालय में जिस कार्य के




लिए हमें चुना गया है। उसके प्रति हम दृढ़ संकल्पित रहकर विद्यालय के गुणात्मक सुधार के प्रति दृढ़ संकल्पित रहेंगे। साथ ही चुने गए प्रधानमंत्री के रूप मे काजल कुमारी ने सभी छात्रों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने को संकल्प दिलाए। कहा कि स्वच्छता ही जीवन का अनमोल रत्न है। हम सफाई के प्रति सजग रहे और गांव को स्वच्छ सुंदर बनाने मे सहयोग करें। इस मौके पर शिक्षक मनोरमा कुमारी, संगीता कुमारी, सरोज कुमार समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# विशेष शिविर का आयोजन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के प्रभारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मोहम्मद युनूस सलीम के नेतृत्व में बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में एससी/ एसटी टोले में डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत 22 योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है, इसमें जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, आधारभूत संरचना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबर कार्ड, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड इत्यादि जैसे सुविधा मौके पर उपलब्ध करवाई जा रही है। इस अवसर पर वरीय समाहर्ता उपेन्द्र पंडित, ओबरा प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद युनुस सलीम, अंचलाधिकारी हरिहरनाथ पाठक एवं कल्याण पदाधिकारी जूही कुमारी ने विभिन्न जगहों पर प्रमाणपत्र वितरण किया तथा लोगों को अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान शिविर प्रभारी प्रखंड तकनीक प्रबंधक जयंत कुमार, विकास मित्र कुसुम कुमारी, सहयोगी विकास मित्र सहदेव कुमार, पंचायत रोजगार सेवक निशांत मोहन, कार्यपालक सहायक सुधीर कुमार, स्वच्छता प्रबंधक अरुण कुमार, टोला सेवक मुन्ना कुमार, आंगनबाड़ी सेविका बिजलीकर्मी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

